# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

# दुष्कर्म के जुर्म में दो को कैद व जुर्माना

गोरखपुर (एसएनबी)। दुष्कर्म करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश कमालुद्दीन ने खोरावार थाना क्षेत्र के ग्राम वड़गो निवासी छोटू उर्फ संदीप को पांच साल के कठोर कारावास एवं 11 हजार रुपया अर्थदंड व मनोज पाल को सात साल के कठोर कारावास एवं 21 हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद पांडेय एवं सिद्धार्थ सिंह का कहना था कि 14 अक्टूबर 2012 को वादी की लड़की ट्यूशन पढ़ने जा रही थी।

शाम करीब 3 वजे अभियुक्त छोटू उर्फ संदीप व मनोज वादी की लड़की को पकड़ कर मोटर साइकिल पर वैठाकर एक कमरे में ले गए जहां मनोज ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

# रेप आरोपी गिरफ्तार

बांसगांव (एसएनबी)। बांसगांव थाना क्षेत्र का रहने वाला  नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व बलात्कार के आरोपी  विजय मौर्या पुत्र फुलचन्द मौर्या निवासी खरफरा थाना बांसगांव  मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।  पुलिस ने आरोपी के खिलाफ  मुकदमा संख्या 168 2022धारा 363, 366, 376 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट की धारा में बांसगांव थाने मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# तब तो शाहपुर थाने का भगवान ही मालिक!

**एसपी सिटी ने थाने की साफ सफाई को देख कर जतायी नाराजगी**

गोरखपुर (एसएनबी)। वुधवार को पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई के शाहपुर थाने के अर्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिसिया कार्रवाई की पोल खुल गयी। थाने के किताव में हिस्ट्रीशीटरों का लेखा-जोखा तो मिला लेकिन जांच के दौरान यह वात सामने आयी कि उनकी निगरानी नहीं की जाती है। थाने की साफ-सफाई दयनीय मिली। हद तो तव हो गयी जव दारोगाओं से कहा गया कि पिस्टल खोलो और लोड करो तो वहुतेरे पसीना-पसीना हो गये और पिस्टल खोल नहीं पाये। क्राइम वहुलता वाले क्षेत्र के थाने का अगर ये हाल है तो क्राइम कंट्रोल की वात करना वेमानी है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई वुधवार को शाहपुर थाने पर वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान शाहपुर थाने पर उनकी सलामी गार्द का टर्न आउट उत्तम रहा। लेकिन जव वह सिलसिलेवार जांच पड़ताल शुरू किये तो एक-एक कर पोल खुलती गयी और वहुतेरे दारोगा पिस्टल खोल नहीं पाए। इसे देखकर श्री विश्नोई ने जाम पिस्टल की साफ सफाई के लिए आर्मोरर को निर्देश दिया। थाने के मेस व वैरक की साफ सफाई की दयनीय स्थिति देख नाराजगी जताते हुए श्री विश्नोई ने इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द साफ सफाई करायी जाए। थाना परिसर में वने सरकारी आवास में रहने वाले पुलिसकर्मियों के वारे में जानकारी मिली कि अधिकांश आवास में पूर्व में तैनात पुलिसकर्मी काविज हैं जवकि इनका दूसरे जिले में तवादला हो चुका है और ये आवास खाली नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि गैर जिले  तवादले पर गए पुलिसकर्मियों का आवास जल्द खाली कराया जाए जिससे थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों को सरकारी आवास मिल सके। कार्यालय में रखे गए रजिस्टर का रख-रखाव दयनीय पाया गया। थाने पर तैनात



पिस्टल खोलने की जद्दोजहद करते दारोगा।

एसएसआई को एक सप्ताह के अंदर रजिस्टर अपडेट करने का निर्देश दिया गया। एसपी सिटी ने थाने के एचएस रजिस्टर का भी अवलोकन किया जिसमें पाया गया कि इलाके के अधिकांश हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी नहीं की जाती है। हिस्ट्रीशीटरों के वारे में पूरी जानकारी थाने स्तर पर न रखे जाने के कारण अपराधियों का मनोवल वढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि छह माह से पहले दर्ज मुकदमों की विवेचना गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारित किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि लंवित मुकदमों की वजह से आपसी विवाद की संभावना वनी रहती है। वादी को समय से न्याय नहीं मिलता है और आरोपी को लाभ मिलने की संभवाना वनी रहती है। त्यौहार रजिस्टर में त्यौहारों से सम्वन्धित संवेदनशील स्थानों एवं थाना क्षेत्र में होने वाले विभिन्न आयोजनों तथा त्यौहार को सकुशल संपादित कराने वाले व्यक्तियों का नाम पता अंकित करने का भी निर्देश दिया।

## युवक का गला काटने का मामला

# आरोपी राजन शाही ने कोर्ट में किया सरेंडर

गोरखपुर (एसएनबी)। गत दिनों वेलीपार इलाके के कसिहार के पास युवक की गला काटकर फरार आरोपी राजन शाही गगहा इलाके के अहिरौली गांव का रहने वाला आखिरकार पुलिस को चमका देकर वुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट में सरेंडर आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर जेल भेज दी। आरोपी राजन शाही वारदात को अंजाम देने के वाद वह पुलिस की नजरों से वचता रहा। उधर मंगलवार को एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने साफ तौर पर आदेश दिया था कि वहुत जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया जाएगा।

**पत्नी की बुलावे पर निकला था पति, रास्ते में साले के दोस्त ने काट दिया गला**

**वारदात को अंजाम देकर आरोपी था फरार**

मालूम हो कि 16 जुलाई की रात वेलीपार इलाके के कसिहार के पास इन्द्रसेन यादव उर्फ रमेश यादव की गला काटकर फेंका गया था। गंभीर रूप से घायल रमेश यादव को पुलिस की मदद से उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। युवक की गला काटने के वाद जव वेलीपार पुलिस ने घटना के वारे में घायल युवक से पूछताछ की तो उसने वताया कि नौसढ़ के पास वाइक सवार युवक की वाइक पर वैठकर गगहा जा रहे थे। रास्ते में वाइक सवार युवक ने उसने हत्या की नीयत से गला काट दिया और फरार हो गया। पुलिस ने घायल युवक की वातों को दरकिनार कर जव जांच पड़ताल शुरू किया तो मामला कुछ और ही सामने आया। पुलिस ने घायल युवक और उसकी पत्नी के मोवाइल कॉल डिटेल खंगाला तो राज खुल गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को घायल जानता और पहचानता है फिर भी उसके खिलाफ तहरीर देने से वच रहा था। दो दिन वाद राजन शाही के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के वाद पुलिस ने राजन शाही व अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया।

वेलीपार पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश में लगातर दविश दी जा रही है। उधर पहले से तय वुधवार को राजन शाही ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट में आत्मसर्पण करने के वाद पुलिस उसे रिमांड पर ले सकती है।

# छिनैती के मामले में पुलिस ने चोरी का दर्ज किया केस

गोरखपुर (एसएनबी)। मंगलवार की रात खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल रामगढ़ उर्फ चवरी के फुरसतपुर चौराहे पर स्वर्ण व्यवसायी की बाइक में टंगा नकदी एवं गहनों से भरा झोला लेकर बदमाश फरार हो गए। इस मामले में बुधवार को पुलिस ने स्वर्ण व्यवसायी बेलवार खोराबार निवासी मिथुन गुप्ता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। खोराबार प्रतिनिधि के अनुसार खोराबार थाने के बेलवार निवासी संतोष गुप्ता के भाई मिथुन गुप्ता मंगलवार को शहर में बाजार करने गए हुए थे। बाजार से बंधक रखे गहनों को लेकर रात करीब 8. 30 बजे लौट कर फुरसतपुर एक दुकान पर आए और बाइक खड़ा करके मोबाइल की दुकान पर रिचार्ज कराने चला गया । इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाश आये व झोला लेकर फरार हो गए । झोले में बंधक रखे गहनों के अलावा 95000 रुपये कैस था । व्यवसायी ने बताया कि गहने लगभग पचास हजार रुपये के थे । मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की है। वहीं आज पुलिस ने छिनौती का केस दर्ज करने की बजाए चोरी का केस दर्ज कर मामले को लिपापोती करने में जुटी है।

# जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश संतोष गौतम ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के इमलीडीह खुर्द निवासी अभियुक्त उमेश यादव की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादी सुनील कुमार सिकरीगंज थाना क्षेत्र का निवासी है। घटना 5 जून 2022 की शाम करीब 4 बजे की है। वादी के भाई का हल्दी का कार्यक्रम था। वादी व उसका बहनोई मिठाई खरीदने जा रहे थे। रास्ते में अवधेश की पत्नी से दुकान का पता पूछा। इसी बात को लेकर अवधेश, परवेश, उमेश व अमित आदि ने मिलकर मारे पीटे। झगड़े में शिवकुमार, शिवनाथ व रवि को गंभीर चोट आई।

# पिपराइच में दो और पशु तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गत दिनों पिपराइच इलाके में पिकअप सवार पशु तस्करों को गांव वालों की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर बुधवार को दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पशु तस्कर कुशीनगर जिले के रहने वाले है। पुलिस ने मुठभेठ भेड़ व पशु तस्करी के मामले में केस दर्ज कर जेल भेज दिया। पिपराइच थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि एक गांव के निकट ईंट भट्ठे के पास पशु तस्कर पशु लोड कर रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पशु तस्कर फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर दो तस्करों को पकड़ लिया। पकड़े गए तस्करों के खिलाफ धारा 307,504,506,34 आईपीसी व 7 सेवन सीएल एक्ट व 5/8 उत्तर प्रदेश गो वध निवारण अधिनियम के तहत राजमन पुत्र रामहित उम्र करीब 45 वर्ष निवासी रसूलपुर थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर और भुख्खल पुत्र रामबरन उम्र करीब 58 वर्ष निवासी सपहा नौका टोला थाना कसया जनपद कुशीनगर को आज 15 मील मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

# पिपराइच में युवती को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

पिपराइच। पिपराइच इलाके से नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद किया है। पिपराइच थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि दारोगा अनूप कुमार तिवारी तथा आरक्षी उपेन्द्र गौड तथा महिला आरक्षी वैशाली शर्मा और नेहा सिंह ने दर्ज मुकदमे 363 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त समीर पुत्र समसुल्ला निवासी समदार खुर्द थाना पिपराइच को क्षेत्र के बैलो गिरफ्तार कर लिया। वादिनी की पुत्री उम्र करीब 14 वर्ष को अभियुक्त समीर द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया था। जिसके संबंध में पुलिस ने किशोरी के मां के तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था।

# युवक को भेजा जेल

बड़हलगंज । बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने गृहभेदन कर दुकान में चोरी करने के आरोप में युवक को चोरी के किराना व कास्मेटिक के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के सिधुआपार से सिधुआपर निवासी मनीष पुत्र चंद्रदेव को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ धारा 457, 380, 504, 411 में मुकदमा दर्ज था।

## एसएसपी ने कैंट और रामगढ़ताल थाने का किया औचक निरीक्षण

# फरियादी से दुर्व्यवहार की शिकायत आयी तो खैर नहीं

गोरखपुर (एसएनबी)। सीएम योगी आदित्यानाथ के जनता दरवार में फरियादियों की भीड़ को देखते हुए पुलिस अफसर हलकान हैं । जिले की वागडोर संभालते ही एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर थानों पर औचक निरीक्षण कर जनसुनवाई के वारे में हकीकत जानने में जुट गये हैं। वुधवार को एसएसपी ने शहर के कैंट और रामगढ़ताल थाने पर पहुंच कर जनशिकायत रजिस्टर और मुकदमें से संवंधित वादियों से फोन कर उनसे मामले के वारे में फीडवैक लिया।

**जनसुनवाई रजिस्टर का किया अवलोकन**

**पीड़ितों की शिकायतों को पुलिसकर्मी करें निस्तारित : एसएसपी**

एसएसपी ने कैंट थाने पर अपराध रजिस्टर के अलावे जनसुनवाई रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इस दौरान थाने पर पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करने से लेकर फौरी तौर कार्रवाई के वारे में समीक्षा की । साथ ही थाने पर दर्ज मुकदमा रजिस्टर का अवलोकन करने के वाद वादी को फोन के जरिये उनसे पुलिस की कार्यप्रणाली के वारे में जानकारी ली । उन्होंने थाने पर जनसुनवाई के लिए तैनात पुलिसकर्मियों से रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के वारे में पूछताछ की और पीड़ित से भी कार्रवाई के वारे में फीडवैक लिया।

उन्होंने मातहतों को निर्देश दिया कि थाने पर पहुंचने वाले पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और पहुंचने वाले आवेदन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी फरियादी से थाने या चौकी पर दुर्व्यहार की शिकायत नहीं आनी चाहिए ।



कैंट थाने के रजिस्टर का अवलोकन करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

# शराब पीने को पैसा न देने पर डॉक्टर को पीटा

## दहशत फैलाने के लिए की हवाई फायरिंग

गोरखपुर (एसएनबी)। गगहा इलाके में पुलिस के इकवाल को मनवढ़ लगातर चुनौती दे रहे हैं। वुधवार को गगहा इलाके के श्रीरामपुर निवासी पशु चिकित्सक अजीत यादव को मनवढ़ों ने रास्ते में रोककर शराव पीने के लिए पैसा मांगी। पैसा नहीं देने पर मनवढ़ युवक ने दोस्तों के साथ डाक्टर की सड़क पर पिटाई कर दी तथा दहशत फैलाने के लिए असलहे से हवाई फायरिंग भी की जिससे भगदड़ मच गयी।

**दिन दहाड़े गुंडई**

**दोस्त के साथ मिलकर सड़क पर की पिटाई**

**एक आरोपी असलहा के साथ गिरफ्तार**

रकहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार गगहा थाना क्षेत्र के श्रीराम पुर निवासी अजीत यादव पशु डाक्टर हैं, वह हाटा वाजार से घर की तरफ आ रहे थे कि हाटा रियांव मार्ग पर शराव भट्ठी के पास गगहा थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी सन्त देव यादव व भोलू यादव पुत्र रामानंद से मुलाकात हो गयी। भोलू ने फुल्की खिलाने के लिए डाक्टर से वोला तो वह फुल्की खाने के लिये पैसा दे दिये। फिर शराव पीने के लिए पैसे की डिमांड करने लगा।

जव डाक्टर ने पैसा देने से मना कर दिया तो वह गाली देने लगा तथा फोन कर अपने दो और मित्रों को वुला लिया तथा डाक्टर को सड़क पर ही पीटने लगे जव अगल वगल के लोग छुड़ाने पहुंचे तो हवाई फायरिंग शुरू कर दी।

किसी ने इसकी सूचना गगहा पुलिस को दी पुलिस के पहुंचते ही चारो फायरिंग करते हुए अहिरौली मिश्रौली मार्ग की तरफ भाग निकले ग्रामीणों व पुलिस ने अहिरौली निवासी भोलू को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। वाकी की तलाश पुलिस कर रही है। इस सम्वन्ध में थाना प्रभारी गगहा विनोद अग्निहोत्री ने कहा कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा एक आरोपी गिरफ्तार है वाकी की तलाश की जा रही है।

# गोरखपुर की 19 रूटों पर चलेगा ई रिक्शा, रूल तोड़ने पर कार्रवाई

GORAKHPUR (20 July): ई– रिक्शा संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ और ई– रिक्शा संचालन यूनियन के साथ एक बैठक हुई. जिसमे ये तय हुआ कि अब गोरखपुर के केवल 19 रूटों पर ही ई–रिक्शा का संचालन होगा. तय रूटों के अलावा कहीं भी फर्राटा भरने पर कार्रवाई की जाएगी. बुधवार को हुई मीटिंग में एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह, ई– रिक्शा (हमसफर) के यूनियन के अध्यक्ष राजू शेख सरवर आलम और आरटीओ अनिता सिंह शामिल हुई.

## तय रूट पर मिलेंगे ई-रिक्शा

अधिकारियों ने यूनियन को यह निर्देश दिया कि जल्द ही ट्रैफिक पुलिस की ओर से कैंप लगाकर ई– रिक्शा चलाने वालों को रूट वितरण किया जाएगा. जिसे जो रूट मिलेगा, वह उसी रूट पर ई– रिक्शा चला सकेंगे. इसके अलावा अन्य रूटों पर चलाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी.

## तय हुए यह महत्वपूर्ण बिंदु

- हमफसर ई- रिक्शा का कलर कोड किसी भी हाल में बदला नहीं जाएगा.
- सभी हमसफर ई- रिक्शा को रूट नंबर
- दिया जाएगा, जिससे की शहर में जाम



की स्थिति न उत्पन्न हो सके.

- हमसफर ई- रिक्शा के बाहरी बनावट में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा.
- ई- रिक्शा पर निर्धारित मानक के अनुसार 5 सवारी से ज्यादा नंही बैठाएंगे.
- चौराहों पर किसी भी हाल में जाम नही करेगें, चौराहा से पहले या बाद में सवारी उतारेगें.
- ई- रिक्शा को निर्देशित किया गया कि बिना ड्राईविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी.
- ई- रिक्शा चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेगें. स्क्ट्रैफिक ने सभी ई-रिक्शा चालकों से यातायात नियमों का पालन करते हुए बेहतर यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने की अपील की.

**" शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए ई-रिक्शा संचालकों के साथ एक मीटिंग हुई. इसमे तय हुआ कि शहर के 19 रूटों पर ही ई-रिक्शा दौड़ेंगे. रूल तोड़ने वाले ई-रिक्शा संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी.**

**डॉ. एमपी सिंह,** एसपी ट्रैफिक

# गोरखपुर पुलिस के 8 थाने फिसड्डी

**i EXCLUSIVE**

28 थानों का ट्विटर पर लिया गया था पब्लिक फीडबैक



anurag.pandey@inext.co.in

GORAKHPUR (20 July): गोरखपुर के 28 थानों की पुलिस क्या कर रही है, पब्लिक के प्रति उनका कैसा व्यवहार है. ये जानने के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सभी थानों का पब्लिक से पोल कराकर फीडबैक मांगा. 11 से 17 जुलाई तक पब्लिक ने ट्विटर पर जो पोल किया है. उसके अनुसार जिले के 8 थानों की कार्यप्रणाली खराब मिली है. अति उत्तम, उत्तम, साधारण और खराब में से 8 थानों के लिए सबसे अधिक पब्लिक ने लास्ट ऑप्शन को चुना है. ट्विटर पर पोल के बाद अब देखना है कि एसएसपी इन 8 थानों पर क्या कार्रवाई करते हैं.

## इनकी परफॉर्मेंस खराब

पोल में पिपराइच, खजनी, गोला, चिलुआताल, चौरीचौरा, कैंपियरगंज, बेलीपार और बड़हलगंज थाने का नाम शामिल है. इसमें से कुछ पर सबसे अधिक खराब पर पब्लिक ने पोल किया है. जबकि इनमे से कई थानों पर उत्तम और खराब का परसेंटेज एक बराबर मिला है.



"पब्लिक पोल में जिस थाने की परफॉर्मेंस खराब मिलती है तो उनसे पूछा जाएगा ऐसा क्यों हो रहा है. थानेदार से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा. 11 से 17 जुलाई तक पब्लिक पोल लिया गया है, जिसे देखने के बाद थानों की स्थिति क्लियर होगी.

**डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी गोरखपुर







## कमजोर परफॉर्मेंस वाले थानों का पब्लिक पोल

**बड़हलगंज थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 31 |
| उत्तम | 06 |
| साधारण | 14 |
| खराब | 50 |

**गोला थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 29 |
| उत्तम | 09 |
| साधारण | 16 |
| खराब | 47 |

**बेलीपार थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 44 |
| उत्तम | 03 |
| साधारण | 06 |
| खराब | 47 |

**पिपराइच थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 38 |
| उत्तम | 06 |
| साधारण | 18 |
| खराब | 38 |

**चिलुआताल थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 32 |
| उत्तम | 08 |
| साधारण | 18 |
| खराब | 42 |

**खजनी थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 34 |
| उत्तम | 19 |
| साधारण | 13 |
| खराब | 34 |

**चौरीचौरा थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 35 |
| उत्तम | 08 |
| साधारण | 15 |
| खराब | 42 |

**कैंपियरगंज थाना**

| | |
|---|---|
| अति उत्तम | 41 |
| उत्तम | 06 |
| साधारण | 13 |
| खराब | 41 |

## ये है 20 थानों का हाल

गीडा थाने को अति उत्तम पर 42 और खराब पर 26, रामगढ़ताल थाना अति उत्तम 44 और खराब 31, ऊरवां थाना अति उत्तम 41 और खराब 36, तिवारीपुर थाना 48 अति उत्तम और खराब 33, सिकरीगंज थाना 45 अति उत्तम और खराब 39, शाहपुर थाना 51 अति उत्तम और खराब 40, सहजनवां थाना अति उत्तम 52 और खराब 36, राजघाट थाना अति उत्तम 47 और खराब 37, पीपीगंज अति उत्तम 49 और खराब 32, महिला थाना अति उत्तम 43 और खराब 27, कोतवाली थाना अति उत्तम 43 और 30 खराब, खोराबार थाना अति उत्तम 46 और 40 खराब, झंगहा अति उत्तम 49 और 34 खराब, हरपुर बुदहट थाना अति उत्तम 51 और 3 खराब, गुलरिहा थाना अति उत्तम 46 और 37 खराब, गोरखनाथ थाना अति उत्तम 55 और 35 खराब, गगहा थाना अति उत्तम 41 और 34 खराब, कैंट थाना अति उत्तम 57 और 29 खराब, बेलघाट थाना अति उत्तम 60 और 33 खराब, बांसगांव थाना अति उत्तम 43 और 40 परसेंट पब्लिक ने खराब पर पोल किया है.

# चोरी के आरोप में युवक को भेजा जेल

बड़हलगंज। कोतवाली पुलिस ने गृहभेदन कर दुकान में चोरी करने के आरोप में युवक को चोरी के किराना व कास्मेटिक के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के सिघुआपर निवासी मनीष पुत्र चंद्रदेव को चोरी के सामान के साथ सिधुआपार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# भाई को कैंची घोंपने वाला युवक गिरफ्तार

बड़हलगंज। कोतवाली पुलिस ने मारपीट व हत्या के प्रयास में वांछित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि भैंसवली गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र ईश्वर दत्त ने सोमवार की देर रात अपने बड़े भाई पंकज को विवाद के दौरान कैंची मारकर घायल कर दिया था। बुधवार को पुलिस ने ओझवली फोरलेन के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# गला रेतने के आरोपी का कोर्ट में सरेंडर

बेलीपार (गोरखपुर), हिन्दुस्तान संवाद। बेलीपार में युवक का गला रेतकर जान लेने की कोशिश करने के आरोपी राजन शाही ने पुलिस को चकमा देकर बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। 16 जुलाई को उसने बेलीपार इलाके के कसिहार के पास इलेक्ट्रिशियन का गला रेत दिया था।

राजन गला रेतने के बाद इलेक्ट्रीशियन को मरा समझकर सड़क पर ही फेंककर भाग गया था। हालांकि, घायल ने घटना के बाद पहले तो पुलिस को गुमराह किया। उसने पुलिस को बदमाशों द्वारा गला रेतकर पर्स और मोबाइल फोन लूटने की कहानी बताई थी। वह राजन के खिलाफ पुलिस को तहरीर देने से बच रहा था, लेकिन दो दिन पहले मामला खुलने के बाद वह पुलिस को तहरीर देने के लिए तैयार हो गया।

गगहा इलाके के अहिरौली गांव निवासी राजन शाही पर पुलिस ने इनाम घोषित करने की तैयारी शुरू की थी। इस बीच बुधवार को उसने दीवानी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। गोरखनाथ इलाके के लच्छीपुर का रहने वाला इंद्रसेन यादव उर्फ रमेश यादव (35) प्राइवेट इलेक्ट्रिशियन है।

16 जुलाई को बेलीपार के कसिहार के पास राजन ने इंद्रसेन का गला रेत दिया था। बेहोशी की हालत में मिले रमेश को 17 जुलाई की सुबह होश में आया तो धीरे-धीरे घसीटते हुए सड़क के किनारे आया। राहगीरों की मदद से उसने अपनी ससुराल के लोगों ने इसकी सूचना दी। ससुराल वालों के साथ पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया।

## राजन से अवैध संबंध

जांच के दौरान इस पूरे मामले में पुलिस को रमेश की पत्नी की भूमिका संदिग्ध नजर आई। पुलिस के मुताबिक 2012 में शादी के बाद से ही पत्नी रमेश के साथ ससुराल में नहीं रहना चाहती थी। मार्च में ही वह अपने दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई थी और तभी से मायके में ही रह रही थी। रमेश की पत्नी का अपने ही भाई के साथ ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले राजन शाही से रिश्ता था जिसके साथ मिलकर रमेश की हत्या की योजना बनाई थी।

## पत्नी ने ही रमेश को बुलाया था

घटना के दिन रमेश की पत्नी ने ही उसे फोन कर शहर में बुलाया था। यहां उसने राजन शाही से रमेश की मुलाकात कराई। राजन ने पूरे दिन रमेश को शहर में घुमाया । देर शाम वह रमेश को लेकर कौड़ीराम चला गया, जहां दोनों ने शराब पी। इस दौरान रात हो गई और रात में ही राजन ने रमेश का गला चाकू से रेत दिया। राजन ने उसे मरा समझकर कसिहार के पास सड़क के किनारे फेंक दिया और फरार हो गया। होश में आने पर वह किसी तरह सड़क पर आया।

# मनबढ़ों ने डॉक्टर पर झोंका फायर

- भीड़ ने एक आरोपित को खेतों में दौड़ाकर पकड़ा और तमंचा भी छीना
- पुलिस कर रही है युवक से पूछताछ, दूसरे बदमाश की तलाश में छापा

गगहा, मुख्य संवाददाता। गगहा थाना क्षेत्र स्थित हाटा बाजार-रियांव मार्ग पर बुधवार को मनबढ़ों ने शराब के लिए पैसा देने से मना करने पर चिकित्सक को पीट दिया। चिकित्सक की हत्या की नियत से गोली भी दाग दी। यह संयोग ही रहा कि चिकित्सक को गोली छू नहीं पाई। पुलिस ने चिकित्सक व भीड़ के सहयोग से एक आरोपित को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर लिया है।

गगहा क्षेत्र स्थित श्रीरामपुर गांव निवासी अजीत यादव पशु चिकित्सक हैं। बुधवार की दोपहर में वह हाटा बाजार स्थिति अपने भाई के मेडिकल स्टोर से घर लौट रहे थे। वह गनगरी पुलिया से पहले स्थित घेवरपार पहुंचे थे कि बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। बाइक सवारों ने पशु चिकित्सक अजीत से शराब पीने के लिए पैसे की मांग शुरू कर दी। चिकित्सक ने पैसे देने से मना किया तो युवकों ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने तमंचा निकाल कर अजीत पर गोली दाग दी। पशु चिकित्सक को शोर और गोली की आवाज सुनकर लोग दौड़े। भीड़ अपनी तरफ आते देख एक आरोपी बाइक से भाग निकला।

## गगहा फायरिंग में दो आरोपित गिरफ्तार

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गगहा के रियावं मोड़ के पास बुधवार की दोपहर बाद फयारिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, फायरिंग करने वाले एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया वहीं तीन आरोपित फरार हो गए थे। गगहा थाने में डॉक्टर की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कृष्ण मोहन उर्फ भोलू को घटना के बाद ही पुलिस ने पकड़ लिया था वह अहिरौली गांव का रहने वाला है। वहीं केस दर्ज होने के बाद एक अन्य आरोपित संतदेव को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं दो अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपितों के पास से अवैध असलहा बरामद हुआ है।

# 50 ग्राम डायजापाम पाउडर के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने बुधवार को मोहद्दीपुर पॉवर हाउस ग्राउंड के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस को 50 ग्राम डायजापाम का पाउडर बरामद हुआ। कैंट इंस्पेक्टर शशि भूषण राय ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान गणेश साहनी निवासी मान्टेशरी गली मोहद्दीपुर थाना कैण्ट और मनीष निषाद निवासी राय कालोनी मोहद्दीपुर थाना कैण्ट के रूप में हुई।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

**बांसगांव** : बांसगांव थाना क्षेत्र की एक किशोरी को बहला-फुसला कर भगाने और दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान खरफरा गांव निवासी विजय मौर्या के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपित पर अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के आरोप में मुकदमा दर्ज है। (जासं)

## भाई पर कैंची से हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**बड़हलगंज** : भैंसवली गांव में संपत्ति बंटवारे के विवाद में भाई पर हमला करने के आरोपित अरविंद कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध तहरीर के आधार पर हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# शराब के लिए रुपये नहीं दिए तो पशु चिकित्सक पर चलाई गोली

जागरण संवाददाता, हाटा बाजार : शराब के लिए रुपये नहीं देने पर मनबढ़ ने गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में पशु चिकित्सक पर गोली चला दी। गनीमत थी कि गोली नहीं लगी। उन्होंने लोगों के सहयोग से आरोपित को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।



आरोपित भोलू

गगहा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव निवासी अजीत यादव पशु चिकित्सक हैं। बुधवार की दोपहर हाटा स्थित भाई के मेडिकल स्टोर से वह घर लौट रहे थे। गनगरी पुलिया से पहले घेवरपार मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों ने पशु चिकित्सक को रोका और शराब के लिए रुपये मांगे। उन्होंने कहा कि शराब के लिए रुपये नहीं देंगे। चलो फुल्की खालो। इस पर दोनों उलझ गए और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक ने पिस्टल निकाल पशु चिकित्सक पर फायरिंग कर दी। मारपीट की सूचना पाकर अजीत के भाई अमित अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान आरोपित ने दूसरी गोली चला दी। संयोग रहा कि यह गोली भी किसी को नहीं लगी। भीड़ जुटने पर एक आरोपित बाइक से भाग निकला, जबकि दूसरे को अमित व अजीत ने पकड़ लिया। उसके पास से पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही थी। इस दौरान आरोपित युवक का भाई अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकला। पुलिस युवक को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। आरोपित की पहचान अहिरौली गांव निवासी भोलू पुत्र रामानंद के रूप में हुई है। आरोपित का भाई थाने का हिस्ट्रीशीटर है। थाना प्रभारी विनोद अग्निहोत्री ने कहा कि एक युवक को पकड़ा गया है। अन्य आरोपित की तलाश की जा रही है।

# 'पुलिस के कार्य से कितना संतुष्ट हैं आप'



कैंट थाने का निरीक्षण करते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर •जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बुधवार की रात में अचानक कैंट थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के जनसुनवाई रजिस्टर देखा और उसमें से दो नंबरों पर फोन मिलाकर बताया कि वह एसएसपी गोरखपुर बोल रहे हैं। उन्होंने पीड़ितों से उनकी समस्या पूछी। दोनों ने बताया कि कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी ने पूछा कि वह पुलिस के कार्य से कितना संतुष्ट हैं। दोनों ने पुलिस की कार्यशैली पर संतोष जताया।

एसएसपी ने थाने में जनसुनवाई अधिकारी की मौजूदगी चेक की और उन्हें हिदायत दी कि वह लोगों की समस्याओं को सुनें और उसका निराकरण करने का प्रयास करें। एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक कैंट से थाने में लंबित मामलों के संबंध में जानकारी ली। कैंट थाने का निरीक्षण करने के बाद एसएसपी ने रामगढ़ताल थाने का निरीक्षण किया। थाने में मौजूद एक पीड़िता से उसकी समस्या पूछी तो उसने बताया कि पड़ोसी ने उसके साथ मारपीट की है। एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक से कार्रवाई के संबंध में पूछा तो पता चला कि उन्होंने मौके पर हलका दारोगा को भेज दिया है। एसएसपी ने बताया कि दोनों थानों पर पुलिस का कार्य संतोषजनक मिला है। उनकी पहली प्राथमिकता जन सुनवाई में आए मामलों के निराकरण पर है। थानों में लंबित मामलों का भी शीघ्र निस्तारण कराया जा रहा है।

# बुजुर्ग को गोबर से नहलाने वालों पर दर्ज किया मुकदमा

- पुलिस ने गांव के तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज करके एक को किया गिरफ्तार
- वर्षा के लिए मनचलों ने गांव में रामचरितमानस पाठ कर रहे बुजुर्ग पर डाल दिया गोबर

जागरण संवाददाता, पिपराइच : पिपराइच थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में सोमवार की रात वर्षा के लिए बुजुर्ग को गोबर से नहलाने और शिकायत पर मारपीट के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने गांव के राजू, देवेंद्र और संजय को आरोपित बनाया है। पुलिस ने राजू को गिरफ्तार कर लिया है।

गोविंदपुर गांव में वर्षा के लिए तरह-तरह के टोटके किए जा रहे हैं। सोमवार की रात इंद्र देव को खुश करने के लिए रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था। किसी ने गांव के युवकों को बता दिया कि यदि गोबर व गंदगी का घोल बनाकर किसी बुजुर्ग को नहला दिया जाए, तो वर्षा हो जाएगी। इसके बाद पाठ कर रहे 75 वर्षीय जगदीश पांडेय पर ही युवकों ने गोबर का घोल डाल दिया। जगदीश के मुताबिक गंदगी उनकी आंख, नाक व मुंह में चली गई। इससे उन्हें काफी दिक्कत हुई थी। उन्होंने थाने में इसकी शिकायत की आरोपितों ने उनसे मंगलवार की देर शाम मारपीट भी की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके एक आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# लेखपाल को चार साल का कठोर कारावास

**गोरखपुर** : रिश्वत लेने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रवीण कुमार सिंह ने तहसील बांसगांव के तत्कालीन लेखपाल राम किशुन को चार साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता दिलीप शुक्ल बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भैसही का निवासी है। उसने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। उसका कहना था कि 16 मार्च 2015 को उसने सरिता पत्नी हरिवंश से 14 डिसमिल जमीन क्रय की थी। उसमे से 0.001 डिसमिल जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग 29 में निकल रही थी। अभियुक्त ने एनएच विभाग को रिपोर्ट भेजने हेतु एवं शिकायतकर्ता को मुआवजा दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये मांगे। ट्रैप टीम ने अभियुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

# शहर में पांच और चौराहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



गीता होलसेल मार्ट के प्रोपराइटर शंभू शाह और उनके भाई को सम्मानित करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ● जागरण

**जासं. गोरखपुर** : शहर के पांच चौराहों व गलियों में गीता होल सेल मार्ट की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। इसके लिए बुधवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस टीम के साथ गीता होल सेल मार्ट के प्रोपराइटर शंभू शाह के पास पहुंचे। पुलिस बैंड की धुन के बीच अधिकारियों ने माला पहनाकर सम्मानित किया।

जनसहयोग से शहर के सभी मोहल्लों व चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाने के लिए पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र शुरू किया है। अपने क्षेत्र के चौराहों और गली में कैमरा लगवाने वाले व्यापारी समाजसेवी, डॉक्टर व जनप्रतिनिधि को पुलिस सम्मानित कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को गीता होलसेल मार्ट के प्रोपराइटर शंभू शाह व उनके छोटे भाई का रेती चौक पर सम्मान हुआ। एसपी

## गीता होलसेल मार्ट के प्रोपराइटर शंभू शाह को एसपी सिटी ने किया सम्मानित

सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि शहर के सभी मोहल्ले, गली और चौराहे पर जनसहयोग से सीसी कैमरे लगवाने की योजना है। अब इसे मूर्तरूप दिया जा रहा है। समारोह के दौरान चेंबर ऑफ टेक्सटाइल के अध्यक्ष राजेश नेभानी, सीओ कोतवाली विपुल सिंह, थाना प्रभारी राजघाट संजय मिश्र और स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

---

## यह और अन्य खबरें देखें–

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पशु तस्करी के आरोप में दो आरोपितों को भेजा गया जेल

पिपराइच : पिपराइच थाना पुलिस ने पशु तस्करी के आरोप में रसूलपुर निवासी राजमन चौरसिया व कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र के सपहां निवासी भुख्खल को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक बोलेरो भी बरामद की है। वह भुख्खल के रिश्तेदार की है। सोमवार की रात ग्रामीणों व पशु तस्करों में संघर्ष हुआ था। उस दौरान तस्कर भाग निकले थे। ग्रामीणों ने एक को पकड़ लिया था। फरार तस्करों की तलाश हो रही है। (जासं)

# बकाया मांगने पर दुकानदार पर हमला, मुकदमा दर्ज

**गोरखपुर** : गुलरिहा थाना क्षेत्र के मोगलहा में बकाया मांगने पर मनबढ़ों ने दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके एक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित अनिल ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम वह भाई संतोष के साथ दुकान पर काम कर रहे थे। तभी वहां चार मनबढ़ आ गए और सामान मांगने लगे। अनिल ने उनसे बकाया देने को कहा तो उन्होंने चाकू से उन पर व उनके भाई पर हमला कर दिया। इससे उनका सिर फट गया। गुलरिहा थाना पुलिस ने उनकी तहरीर पर चिलुआताल थाने के मानीराम निवासी अजय यादव, गुलरिहा थाने के मोगलहा निवासी पप्पू यादव, श्याम चौधरी, राहुल गुप्ता विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने अजय यादव को जेल भेज दिया।



# ई- रिक्शा में पांच से अधिक सवारी बैठाने पर होगी कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** ई-रिक्शा (हमसफर) में पांच से अधिक सवारी नहीं बैठा सकते। पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस भी अनिवार्य है। बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा चलाते पकड़े जाने पर भी कार्रवाई होगी। जल्द ही महानगर के पूर्व निर्धारित 19 रूटों पर ई-रिक्शा का आवंटन कर दिया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग में कैंप लगेगा। यह अहम निर्णय बुधवार को संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) अनीता सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात (एसपी ट्रैफिक) डा. महेंद्र पाल सिंह और ई- रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

आरटीओ के अनुसार यूनियन के पदाधिकारियों के माध्यम से चालकों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए ई-रिक्शा चलाने के लिए निर्देशित किया गया है। ई-रिक्शा निर्धारित 19 रूटों पर ही चलेंगे। कैंप लगाकर उनका रूट आवंटित कर दिया जाएगा। एसपी ट्रैफिक ने सभी ई-रिक्शा चालकों से यातायात नियमों का पालन करते हुए बेहतर यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने का आह्वान किया है। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष राजू शेख, सरवर आलम, मनोज कुमार, रूप नारायण और घनश्याम पासवान आदि उपस्थित थे। आमजन की सुविधा और प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ई-रिक्शा जाम का कारण बनते जा रहे हैं। इनकी वजह से ध्वस्त हो रही यातायात व्यवस्था और आमजन की समस्याओं को लेकर दैनिक जागरण ने एक जुलाई से अभियान चलाया था। रूट न पार्किंग, महानगर में मनमाने ढंग से चल रहे 3765 ई-रिक्शा शीर्षक से खबर प्रकाशित कर अभियान की शुरुआत हुई थी।

**जागरण प्रभाव**

### महानगर में ई-रिक्शा संचालन को लेकर इन बिंदुओं पर लिया गया निर्णय

● ई-रिक्शा के लिए 19 रूट निर्धारित हैं। शीघ्र ही कैंप लगाकर रूट आवंटन किया जाएगा। ● ई-रिक्शा का कलर कोड किसी भी दशा में बदला नही जाएगा। ● सभी ई-रिक्शा का रूट नंबर आवंटित किया जाएगा, जिससे शहर में जाम की स्थिति न उत्पन्न हो सके। ● ई-रिक्शा के बाहरी बनावट में कोई बदलाव नही किया जाएगा। ● निर्धारित मानक के अनुसार पांच सवारी से ज्यादा नही बैठेंगे। ● चालक चौराहे से पहले या बाद में सवारी उतारेंगे। ● बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कार्रवाई की जाएगी। ● यातायात के सभी नियमों का पालन करना होगा।

# आरआइ को कमरे में बंद करने वालों पर मुकदमा

चरगांवा : चालक प्रशिक्षण केंद्र (डीटीआइ) चरगांवा में संभागीय निरीक्षक (आरआइ) राघव कुशवाहा से बदसुलूकी करने वाले आरोपितों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपित शशपाल व मिंटू टेस्ट बिना पास किये उन पर स्थायी लाइसेंस बनाने के लिए दबाव बना रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। उनकी तलाश की जा रही है। (जासं)

# बेटी को जलाने वाली महिला पर पति को आई दया, कराई जमानत

**जासं, गोरखपुर :** बेटी को गर्म चाकू से जलाने वाली महिला पर पति को दया आ गई। उसने बुधवार को पत्नी की थाने से जमानत करा ली और उसे घर लेकर चला गया।

मंगलवार को स्कूल जाने से मना करने पर गीडा थाने के कलेसर निवासी राहुल की पत्नी कंचन ने पांच वर्षीया पुत्री को चाकू गर्म करके जला दिया था। इससे उसके शरीर पर 17 जगह घाव हो गए थे। बच्ची की पीड़ा सुनकर राहुल ने पत्नी के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कंचन को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में राहुल ने मुचलके पर छुड़ा लिया। उसने कहा कि उसकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी शान्वी पांच साल की है और छोटी नौ माह की है। पत्नी जेल जाती तो परवरिश की समस्या होती।

# शहर में ई-रिक्शा के लिए 19 रूट निर्धारित

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर में चल रहे ई-रिक्शों के लिए 19 रूट तय कर दिए गए हैं। सभी को जल्द आरटीओ कार्यालय में कैंप लगाकर रूट का वितरण किया जाएगा। सभी का रूट नंबर निर्धारित किया जाएगा।

यह फैसला बुधवार को एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह की मौजूदगी में ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया।

जानकारी के मुताबिक, ई-रिक्शा की शहर में बढ़ती संख्या से जाम की स्थिति हो रही है। रूट निर्धारित नहीं होने से एक ही मार्ग पर अधिक संख्या में ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। यही नहीं सड़क पर ही पार्किंग भी की जा रही है।

शिकायतें मिलने के बाद एसपी ट्रैफिक ने आरटीओ की मौजूदगी में यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई फैसले लिए। बैठक में यूनियन के अध्यक्ष राजू शेख, सरवर आलम, मनोज कुमार, रूप नारायण, घनश्याम पासवान आदि उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एसपी ट्रैफिक, आरटीओ ने बैठक की

### ये फैसले लिए गए

- शहर में ई-रिक्शा के संचालन के लिए 19 रूट निर्धारित किए गए हैं। शीघ्र ही आरटीओ कार्यालय में कैंप लगाकर रूट का वितरण किया जाएगा।
- ई-रिक्शा का कलर कोड किसी भी दशा में बदला नहीं जाएगा।
- सभी ई-रिक्शा को रूट नंबर दिया जाएगा, जिससे शहर में जाम की स्थिति न बने
- ई-रिक्शा की बाहरी बनावट में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।
- ई-रिक्शा पर पांच सवारी ही बैठा सकते हैं, इससे अधिक नहीं।
- चौराहों पर जाम का कारण नहीं बनेंगे, चौराहों से पहले या बाद में सवारी उतारेंगे।
- बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ई-रिक्शा चलाने पर कार्रवाई की जाएगी।
- ई-रिक्शा चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे।

# मानवता की मिसाल बनी पुलिस









तेज धूप व उमस के बीच बुधवार को एक व्यक्ति गोलघर में सड़क पर गिर पड़ा था। राहगीरों ने ध्यान नहीं दिया। इस बीच जोंपुर पुलिस चौकी पर तैनात दो सिपाही आनंद कुमार और राकेश यादव आए। सिपाहियों ने व्यक्ति को सड़क से उठाकर किनारे किया, फिर पानी का छींटा मारा। इसके बाद व्यक्ति होश में आया। सिपाहियों ने पता पूछा और खुद किराया देकर ऑटो से घर भेज दिया। मानवता की इस मिसाल की आसपास के लोगों ने सराहना की।

# हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालों को टोकें, नियम बताएं

## अमर उजाला फाउंडेशन के कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला में एसपी सिटी ने विद्यार्थियों को पढ़ाया कानून का पाठ, आरपीएम एकेडमी में हुआ आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सब अपने माता-पिता को जागरूक करें। बिना सीट बेल्ट व हेलमेट लगाए घर से बाहर निकलें तो जरूर टोकें।

उन्होंने कहा कि जैसे ही आप नया फोन लेते हैं, उसकी सुरक्षा पर ध्यान देते हैं, तो अपनी सुरक्षा का क्यों नहीं? मोबाइल हम दूसरा खरीद सकते हैं, लेकिन जीवन अमूल्य है।

एसपी सिटी बुधवार को आरपीएम एकेडमी सिविल लाइंस में अमर उजाला फाउंडेशन के कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला में बोल रहे थे। 300 छात्र-छात्राओं के बीच एसपी सिटी ने कहा कि आपकी छोटी पहल से बड़ा बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा कि स्कूल आने व फिर जाने के दौरान किसी छात्रा को कोई लफंगा परेशान करे व धमकाए

अमर उजाला पुलिस की पाठशाला

तो खुलकर बताएं। 1090 वूमेन पॉवर लाइन और डायल 112 पर फोन करके तत्काल राहत पाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता है तो कतई स्वीकार न करें। आरपीएम ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन अजय शाही ने कहा कि पुलिस की पाठशाला सरीखे आयोजन विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दिलाने में मील का पत्थर साबित होंगे। इस मौके पर अमित श्रीवास्तव, डीके सिंह, शिखा श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, बृजपाल सिंह और वेदांत कश्यप मौजूद रहे।





आरपीएम एकेडमी में आयोजित पुलिस की पाठशाला में बोलते एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई। इस मौके पर चेयरमैन अजय शाही भी मौजूद रहे। अमर उजाला

### एसपी सिटी ने सवाल का दिया सटीक जवाब

■ **छेड़खानी के मामलों की शिकायत के बाद पुलिस कार्रवाई में हीलाहवाली करती है। ऐसा क्यों** - ओम मिश्रा

□ ऐसी समस्या कभी आए तो जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में लाएं। मेरा मोबाइल नंबर 9454401054 है। आपकी किसी शिकायत पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस का मकसद सबको सुरक्षा व सम्मान दिलाना है।

■ **छात्राओं की सुरक्षा का पैमाना क्या है।** - रिंकी गुप्ता

□ जब कोई भी बेटी या बहन अपने घर से रात 11 बजे तक बिना डरे निकले तो सुरक्षा अच्छी मानी जाएगी। शहर में सुरक्षा का अच्छा माहौल है। कभी नौकायन केंद्र जाकर देखिए।

### बोलीं बेटियां



कार्यक्रम में बहुत कुछ सीखने को मिला। एसपी सिटी ने हेल्पलाइन नंबर बताए हैं। समस्या पर पुलिस की मदद लेंगे। - **अंशिका गुप्ता**, कक्षा बारहवीं



महिला सुरक्षा और कानून को लेकर अच्छी जानकारी मिली है। अब किसी भी चुनौती से निपटा जा सकेगा। - **मान्वी**, कक्षा बारहवीं

# गहनों से भरा झोला उड़ाने पर केस दर्ज

खोराबार। इलाके के फुरसतपुर चौराहे से मंगलवार रात स्वर्ण व्यापारी की बाइक से सोने-चांदी से भरा झोला चोरी करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, बेलवार निवासी संतोष गुप्ता के भाई मिथुन गुप्ता मंगलवार को शहर में गए थे। वहां एक दुकान में गिरवी रखे गहनों को लेकर रात करीब 8:30 बजे लौट कर फुरसतपुर दुकान पर आए और बाइक खड़ी की। बाइक पर टंगे झोले में गिरवी रखे गहनों के अलावा 95 हजार रुपये थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश झोला लेकर फरार हो गए थे। ब्यूरो

# हत्या के दोषी मां व बेटे को आजीवन कारावास की सजा

## दहेज हत्या का मामला, ढाई लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने हत्या का जुर्म सिद्ध होने पर बुधवार को सिकरीगंज के हरिजनपुर निवासी श्रवण चौहान व उसकी मां इसरावती को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 2.50 लाख रुपये का जुर्माना भी ठोंका है। जुर्माना न देने पर तीन साल तक और जेल में रहना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादिनी ज्ञानमती, बेलघाट थानाक्षेत्र के ग्राम बेलवा की निवासी हैं। ज्ञानमति ने अपनी बेटी सुमन की शादी घटना से तीन साल पहले श्रवण से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 27 जनवरी 2016 को श्रवण ने सुमन को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

पुलिस व गांव के प्रतिष्ठित लोगों ने सुलह समझौता कराया। 24 मई 2016 को शाम करीब 4:30 बजे फोन से सूचना मिली कि अभियुक्त श्रवण व इसरावती ने मिलकर सुमन को जलाकर मार दिया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया। अब कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

## रिश्वत लेने में लेखपाल को चार साल की सजा

**गोरखपुर।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट प्रवीण कुमार सिंह ने बुधवार को रिश्वत लेने के जुर्म में लेखपाल राम किशुन को चार साल कारावास की सजा सुनाई है। जुर्माना भी ठोंका है। जुर्माना न देने पर छह महीने की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता दिलीप शुक्ल बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भैसही के निवासी हैं। दिलीप ने प्रभारी निरीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन को शिकायती पत्र दिया था। आरोप था कि 16 मार्च 2015 को सरिता पत्नी हरिवंश से 14 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इसमें से 0.001 डिसमिल जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग 29 में निकल रही थी। लेखपाल ने एनएचएआई को रिपोर्ट भेजने व मुआवजा दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये घूस की मांग कर दी। इसी आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने छापा मारा और लेखपाल को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। अब साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार अधिनियम कोर्ट ने सजा सुनाई है। ब्यूरो

**मारपीट के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज :** गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने मारपीट के आरोपी व सिकरीगंज थाना क्षेत्र के इमलीडीह खुर्द निवासी अभियुक्त उमेश यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादी सुनील कुमार, सिकरीगंज थाना क्षेत्र का निवासी है। घटना 5 जून 2022 की शाम करीब 4 बजे की है। सुनील के भाई की हल्दी का कार्यक्रम था। इसलिए सुनील अपने बहनोई के साथ मिठाई खरीदने जा रहे थे। रास्ते में अवधेश की पत्नी से दुकान का पता पूछा।

इससे नाराज होकर ही अवधेश, प्रवेश, उमेश व अमित आदि ने मिलकर मारपीट की। झगड़े में कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। इस मामले में उमेश को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया। ब्यूरो




गीता होलसेल मार्ट के प्रोपराइटर शंभू शाह ने पुलिस विभाग को पांच सीसीटीवी कैमरे चौराहों के लिए दिए। सहयोग करने पर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस बैंड के साथ पहुंचे और सम्मानित किए। इस दौरान प्रोपराइटर के भाई संजय शाह भी मौजूद रहें। अमर उजाला

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, केस दर्ज

सरहरी। गुलरिहा इलाके की एक किशोरी से झांसा देकर दुष्कर्म और फिर गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, 16 वर्षीय किशोरी को गांव का ही एक युवक दो साल से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा था। गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात भी करा दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

# बुजुर्ग को गोबर से नहलाने के मामले में केस, एक गिरफ्तार

पिपराइच। गोविंदपुर में सोमवार रात बुजुर्ग को गोबर से नहलाने और शिकायत पर मारपीट करने के आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। गांव के राजू, देवेंद्र और संजय को आरोपी बनाया है। राजू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

बारिश के लिए गांव में तरह-तरह के टोटके किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इंद्रदेव को खुश करने के लिए सोमवार रात रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। किसी ने युवकों को बताया कि अगर गोबर व गंदगी का घोल बनाकर बुजुर्ग को नहला दिया जाए तो बारिश होगी।

इसके बाद पाठ कर रहे 75 वर्षीय जगदीश पांडेय पर ही युवकों ने गोबर का घोल डाल दिया था। इसकी शिकायत पीड़ित ने थाने में की तो युवकों ने उनसे मारपीट भी की थी। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-07-2022

दैनिक जागरण दि०-21-7-22

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार, गए जेल

**जासं, देवरिया:** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ बुधवार को दो चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। चोरों ने गोरखपुर के तरकुलहा मंदिर के समीप से 11 दिन पहले बाइक चुराई थी।

सदर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रंजीत कुमार सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान सूचना मिली कि चोरी की बाइक के साथ दो युवक सीसी रोड से जा रहे हैं। पुलिस ने दो युवकों को बाइक से आते देखा तो रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर युवक भागने लगे। पुलिस ने घेरकर सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के सिंगही गांव के रहने वाला विशाल चौहान पुत्र फुलचन्द चौहान व सूरज गोंड पुत्र फतिगंज गोंड को पकड़ लिया।



चोरी की बरामद बाइक के साथ दोनों आरोपित व पुलिस टीम • सौजन्य पुलिस

पूछताछ करने पर बाइक चुराने की बात स्वीकार की। युवकों ने बताया कि आठ जुलाई को गोरखपुर जनपद के माता तरकुलहा देवी मंदिर के पास से बाइक चोरी की थी। छानबीन में पता चला कि गोरखपुर जनपद के गोरखनाथ थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर यादव टोला के रहने वाले संजय यादव पुत्र रामदरश यादव आठ जुलाई को चौरीचौरा के तरकुलहा माता मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। तभी उनकी बाइक चोर चोरी हो गई थी। इस संबंध में गोरखपुर के चौरीचौरा थाना में मुकदमा दर्ज है।

दैनिक जागरण दि० -21-7-22

# मनबढ़ों ने हवाई फायरिंग कर मचाया उत्पात

**जासं, रुद्रपुर:** उपनगर के सेमरौना पुल के समीप मनबढ़ युवकों ने मंगलवार की शाम को एक युवक से हुए विवाद को लेकर बुधवार की सुबह करीब दस बजे जमकर उत्पात मचाया। मनबढ़ों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किय। मामले में पुलिस कुछ युवकों को पकड़कर पूछताछ कर रही है।

ग्राम सेमरौना के रहने वाले शिव प्रसाद यादव शराब की दुकान के समीप ठेला लगाते हैं। पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ युवकों से मंगलवार शाम को भी बवाल हुआ था। मनबढ़ युवक उपनगर के लालाटोली वार्ड, एकौना क्षेत्र के नगवां खास और मदनपुर थाना क्षेत्र के नकइल के बताए जाते हैं। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि युवकों से पूछताछ की जा रही है।

दैनिक जागरण दि० - 21-7-22

# जानलेवा हमला के तीन आरोपित हुए गिरफ्तार

**जासं, सलेमपुर**: मारपीट के दौरान में एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर घायल व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जमुआ नंबर दो गांव में मंगलवार की सुबह भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के कुछ लोगों ने इंतजार पुत्र स्व. इजहार के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया । बीच बचाव में गए उनके भाई गुफरान, आरिफ व उनके चाचा तारिक को भी हाकी, लाठी-डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार सलेमपुर सीएचसी में हुआ। इंतजार की हालत नाजुक देखते हुए डाक्टर ने सदर देवरिया के लिए रेफर कर दिया । इस मामले में पीड़ित ने थाना कोतवाली में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने नुरूलहुदा खां के तहरीर पर जमुआ नंबर दो के रहने वाले सोनू, चिंटू तथा सुद्देन सहित छह लोगों पर हत्या के प्रयास सहित अन्य कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया की तीन आरोपितों कीं गिरफ्तारी की जा चुकी हैं।

दैनिक जागरण दि० - 21-7-22

# सफेद बालू लदा ट्रक पकड़ा

**जासं, खुखुंदू**: पुलिस ने खुखुंदू चौराहे पर मंगलवार की रात सफेद बालू लदा हुआ ट्रक पकड़ लिया। चालक से कागज मांगे। जनपद के लिए मान्य होने के बाद भी थाने पर लेकर चली आई। गोरखपुर के रहने वाले चालक तौफीक ने बताया कि बिहार से सफेद बालू लेकर गोरखपुर जा रहे थे। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि खनन विभाग से इसकी जांच कराई जा रही है। सही पाए जाने पर छोड़ा जाएगा।

दैनिक जागरण दि० 21-7-22

# पिकअप से गोवंश बरामद, भागे तस्कर

**जासं, भटनी :** पुलिस को देखकर गो तस्कर बुधवार की सुबह पिकअप छोड़कर भाग निकले। पिकअप पर गोवंश लदे थे। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया। पिकअप पर तीन गाय व एक बछड़ा लदे थे, जिसे गोशाला भेजा गया। तस्कर गोवंश को लेकर बिहार की तरफ जा रहे थे।

# मुकदमा दर्ज कराने आए दोनों पक्ष थाने में भिड़े

दैनिक जागरण दि० 21-7-22

जासं, रामपुर कारखाना : आपसी बंटवारे को लेकर दो पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट के मामले में बुधवार को थाने पहुंचे दोनों पक्ष पुलिस के सामने ही थाने में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद मेडिकल कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी भेजा।

सिरसिया नंबर एक के रहने वाले पवन जायसवाल व चंदा देवी के बीच आपसी बंटवारे की जमीन को लेकर दो दिन पूर्व मारपीट के मामले में पीड़ित पक्ष पवन जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मैं सड़क किनारे गुमटी रख रहा था। इसी बीच चंदा देवी के घर वालों ने मुझे अकेले पाकर के मारपीट करके घायल कर दिया। चंदा देवी भी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पवन जायसवाल द्वारा मुझे मारपीट करके घायल कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में दोनों के तरफ से कुछ लोग आए थे। जिनके चलते मामला और बिगड़ गया और सुलह समझौता भी नहीं हो सका। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में दोनों तरफ से तहरीर मिली है। पवन जायसवाल की तहरीर पर चंदा देवी, हर्ष जयसवाल के विरुद्ध एनसीआर की कार्रवाई की गई है।

## नशेड़ी बेटा के प्रताड़ना से मां पहुंची थाने

रामपुर कारखाना :बेटा के नशे में हो कर आए दिन रोज उत्पाद करने तथा मारपीट से तंग आकर मां ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पोखर भिंडा ईश्वरी प्रसाद गांव की रहने वाली सावित्री देवी पत्नी पारस जायसवाल ने अपने ही बेटे पर गाली गलौज करने तथा आए दिन उत्पाद मचाने को लेकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। एनसीआर की कार्रवाई की गई है। छानबीन की जा रही है।

अमर उजाला दि० -21-7

# गांव के तीन घरों में चोरी का प्रयास

देसही देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के दिघवापौटवा गांव में मंगलवार की रात चोरों ने तीन घरों में चोरी का प्रयास किया। दो घरों में असफल हो गए, लेकिन एक घर में घुसकर बॉक्स उठा ले गए। उसमें कुछ नहीं मिला तो गांव के बाहर फेंक कर भाग गए। घटना से गांव के लोगों में भय बना हुआ है। संवाद

अमर उजाला दि०-21-7-22



# पिकअप पर लदे चार पशु मुक्त कराए

**भटनी।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार की भोर में घेरेबंदी कर पिकअप से तस्करी के लिए जा रहीं तीन गायों और एक बछड़े को मुक्त कराया। तस्कर भाग निकले। भागते समय तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से कई लोग बाल-बाल बच गए। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है। भटनी थानाध्यक्ष रात में गश्त पर निकले थे। बुधवार की भोर में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आते देखकर तस्कर पशुओं को लेकर पिकअप से तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने नगर के पक्के पुल के पास घेरेबंदी कर पिकअप के सामने टैक्टर ट्रॉली लगा दी। संवाद

अमर उजाला दि०-21-7-22

# मारपीट में तीन लोगों को भेजा जेल

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुआ नंबर दो गांव में दो दिन पूर्व भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर पिटाई करने वाले तीन लोगों को जेल भेज दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुआ नंबर दो गांव में मंगलवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसमें इंतहार आलम व उनके भाई गुफरान घायल हो गए थे। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने गांव के सोनू, सुहेल आलम व पिंटू उर्फ शोएब के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। संवाद

राष्ट्रीय सहारा दि०-21-7-22

# पुलिस को देखते ही वाहन छोड़ भागे तस्कर

**भटनी (देवरिया)।** भटनी थाना क्षेत्र के छोटी गण्डक नदी के उत्तर तरफ बिहार ले जा रहे गौ तस्कर पुलिस को देखकर गाय सहित पीकप को छोडकर भाग निकले पुलिस के हाथ नही लग पाये पशु तस्कर। बताया गया है कि सुबह साढे पाँच बजे राहगीरों ने पशु से लदे पीकप को देखा ।राहगीरों ने भटनी पुलिस को पशु से लदे पीकप की सूचना दी ।सूचना के बाद ड्रायल -112नम्बर की पुलिस व थाने से आरक्षी चन्द्रकान्त गोड सत्येन्द्र कुमार सुरेन्द्र वर्मा व नितेश कुमार तेजी से आ रहे थे ।जिसे देखकर पीकप का चालक व पशु तस्कर पुलिस के पहुँचने से पहले ही फरार हो गये और पुलिस हाथ मलती ही रह गयी ।पीकप की तलाशी लेने पर तीन गाय एक बछडा और पीकप पुलिस के हाथ लगा । इससे पहले भी बनकटा शिव के बाग के पास से पुलिस ने चालक और दो पशु तस्करो पशु सहित पुलिस ने पकड कर जेल भेज चुकी है ।कुल मिलाकर पुलिस कि सक्रियता इसी तरह से बनी रही तो इस क्षेत्र से पशु तस्करी बन्द होना सम्भव हो सकेगा ।

# चोरी की एक बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

**देवरिया।** सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को शहर के सीसी रोड के पास से चोरी की एक बाइक के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बुधवार को थाना सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक रंजीत कुमार अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर शहर के सीसी रोड के पास से चोरी की पैशन प्रो मोटरसाइकिल बिना नम्बरप्लेट के साथ दो अभियुक्तों विशाल चौहान पुत्र फूलचन्द चौहान एवं सूरज गोंड पुत्र फतींगन गोंड निवासीगण सिंगही थाना कोतवाली जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बरामद मोटरसाइकिल को गत 9 जुलाई 2022 को मां तरकुलही देवी मंदिर के पास से चोरी किया जाना बताया। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मृत्युंजय बनाए गए सदर कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक

**देवरिया(एसएनबी)।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए एसपी संकल्प शर्मा ने बुधवार को पुलिस महकमे में फेरबदल किया। इस फेरबदल में जहां सदर कोतवाली के मौजूदा प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है वहीं मीडिया सेल के प्रभारी मृत्युंजय सिंह को सदर कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक के पीआरओ डॉ. महेन्द्र कुमार को महुआडीह का थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि महुआडीह के थानाध्यक्ष रहे प्रमोद सिंह को बरियारपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया है। उधर बरहज थाने में तैनात एसएसआई सुभाष चन्द्र पाण्डेय को मईल थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि मईल के थानाध्यक्ष अनिल कुमार एवं बरियारपुर के थानाध्यक्ष गोपाल प्रसाद को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

हिन्दुस्तान दि०-21-7-22

# 13 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

रुद्रपुर। छह महिलाओं सहित क्षेत्र के दो गांवों के रहने वाले 13 लोगों के खिलाफ पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज की है। देवरिया खास के रहने वाले राम प्रवेश यादव पुत्र स्व.रामनयन यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बहन प्रेमशीली की शादी रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज गांव के सतगड़ही टोला के रहने वाले सोनू यादव के साथ हुई है।

हिन्दुस्तान दि०-21-7-22

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट तीन लोग भेजे गए जेल

**सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को जेल भेज दिया। मारपीट में घायल एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बताईजा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के जमुआ नम्बर दो गांव में भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों ने इंतजार (30) पुत्र स्व. इजहार के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर लहू-लुहान कर दिया। बीच बचाव में गए उनके भाई गुफरान (30)पुत्र नुरूलहुदा, आरिफ (25) व उनके चाचा तारिक (40) पुत्र अब्दुल रसीद को हाकी, लाठी एवं डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी सलेमपुर पर लाएं। जहां इंतजार की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ज्यादा खून बह जाने एवं धाव गहरा होने के कारण इंतजार की हालत नाजुक बतायी जा रही है। इस मामलें में नुरूलहुदा पुत्र अब्दुल रसीद की तहरीर पर बुधवार को पुलिस ने सोनू पुत्र अमतुनुल्लाह, पिंटू उर्फ शोएब हफीजुल्लाह, सुहेल आलम पुत्र नईम, मोनू के खिलाफ केस दर्ज कर सोनू, पिंटू व सुहेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया की भूमि विवाद में मारपीट हुई थी। एक आरोपी अभी फरार है, तीन आरोपीयों की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

हिन्दुस्तान दि० -21-7-22

# पिकअप समेत पशुओं को छोड़ तस्कर फरार

भटनी। पुलिस की घेराबंदी देख बुधवार को पशुओं से भरे पिकअप को छोड़ कर तस्कर फरार हो गया। पुलिस पिकअप को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

भटनी पुलिस बुधवार की सुबह गश्त पर थी। इसी बीच संदेह होने पर एक पिकअप का पीछा करना शुरु किया। विनय कुमार सिंह ने इसकी सूचना पीआरवी को भी दी। पीआरपी टीम तथा पुलिस को देखकर पिकअप चालक मौके से वाहन छोड़ फरार हो गया। पिकअप में तीन गाय और नवजात बछड़ा बरामद किया गया। पुलिस ने गाय को स्थानीय अनाथ गोआश्रम पर रख दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-21-7-22

# हत्यारोपी की तलाश में छापेमारी

देवरिया। महिला के हत्यारोपी की तलाश में पुलिस ने छापेमारी कर उसके एक रिश्तेदार को हिरासत में ले लिया। बघौचघाट क्षेत्र के मोतीपुर गांव में पिछले दिनों आयशा की हत्या हुई थी। जिसमें कई लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज हुआ था। जिसमें शामिल एक व्यक्ति की ससुराल महुआडीह क्षेत्र के महुआ में है। बघौचघाट पुलिस को जानकारी मिली की वह ससुराल में शरण लिए हुए हैं।

हिन्दुस्तान दि०-21-7-22

# रहमान हत्याकांड में पुलिस ने दो को लिया हिरासत में

- 23 जून को सुतावर-कौसड़ मार्ग पर रहमान का बरामद हुआ था शव
- पुलिस का दावा- जल्द ही रहमान हत्याकांड का खुलासा हो जाएगा

देवरिया, निज संवाददाता। रहमान हत्याकांड में एसओजी ने बुधवार को दो लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस को हत्याकांड में अहम सुराग हाथ लगा है। पुलिस ने दावा किया जल्द हीं हत्याकांड का खुलासा कर सकती है।

लार के यूसुफ रोड के रहने वाले मुहम्मद रहमान (18) पुत्र सलीम की गला काट कर हत्या कर दिया गया था। हत्यारों ने रहमान का शव सुतावर से कौसड़ जाने वाले रोड के किनारे फेंक दिया था। 23 जून की सुबह सड़क किनारे शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। हत्याकांड में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। हत्याकांड के खुलासे के लिए लार पुलिस के साथ ही एसओजी को भी लगाया गया है। एसओजी को रहमान हत्याकांड में अमह सुराग हाथ लगे है। टीम के सदस्यों ने बुधवार को कुल्डौली से दो लोगों को हिरासत में लिया है। एसओजी और लार पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है।

हिन्दुस्तान दि० 21-7-22

# देवरिया में युवक-युवती ने ट्रेन से कटकर जान दी

- भटनी-वाराणसी रेल खंड पर हुई घटना
- सलेमपुर के रहने वाले थे, प्रेम प्रसंग का मामला

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। देवरिया के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक और युवती ने बुधवार शाम भटनी-वाराणसी रेलखंड पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि उनमें प्रेम संबंध था लेकिन दोनों के अंतरजातीय होने से परिजन शादी का विरोध कर रहे थे।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक युवती पांच दिन पहले घर से फरार हो गए थे। बताया गया कि दोनों में प्रेम संबंध था लेकिन परिजन विवाह के लिए राजी नहीं थे बल्कि युवती के परिजन उसे रिश्तेदारी में भेजने की तैयारी कर रहे थे। मिलने-जुलने पर पाबंदी लगी तो इसी बीच दोनों भाग निकले। परिजन उन्हें ढूंढ रहे थे। बुधवार की दोपहर में दोनों भटनी-वाराणसी रेल खंड पर गोपालपुर गांव के समीन झखियवा पीर बाबा के स्थान पर पहुंचे। काफी समय तक वहां बैठे रहे। शाम को भटनी से वाराणसी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के आगे कूद कर दोनों ने जान दे दी।

दैनिक जागरण दि० 21-7-22

# विवाहिता को प्रताड़ित वाले 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जासं, रुद्रपुर**: क्षेत्र के कोइलगढ़हा गांव के बिरला टोला पर एक विवाहिता को अतिरिक्त दहेज की रकम न मिलनें पर प्रताड़ित करने और मारने पीटने के मामले में पुलिस ने 13 लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के देवरिया खास के रहने वाले विवाहिता के भाई रामप्रवेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने प्रतिमा देवी पत्नी बाबूराम यादव,साधना और सुधा पुत्री बाबूराम यादव , सिन्धरीला पत्नी राकेश यादब, सूर्यनाथ यादव, कुन्ती देवी पत्नी सूर्यनाथ यादव, खुशबू पुत्री सूर्यनाथ, अजीत पुत्र सूर्यनाथ, सोनू, राकेश और अमित यादव पुत्रगण बाबूराम यादव महराजगंज के टोला सतगढ़ही और अमरनाथ कोइलगढ़हा के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि०-21-2-22

# खराब कार्यप्रणाली के चलते तीन थानेदार लाइनहाजिर

**आइजीआरएस के मामलों के लंबित होने पर हटाए गए बरियारपुर व मईल थानाध्यक्ष, सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक भी हुए लाइनहाजिर**

**जासं, देवरिया:** आइजीआरएस व अन्य शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर बरियारपुर व मईल थाने के थानाध्यक्षों के अलावा सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को लाइनहाजिर कर दिया गया। इस कार्रवाई से विभाग में खलबली मची है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पूर्व आइजीआरएस समेत अन्य जनसुनवाई से जुड़े संदर्भों की समीक्षा की थी, जिसमें राजस्व के मामलों के निस्तारण की स्थिति प्रदेश के टापटेन जनपदों में बेहतर रही, जबकि पुलिस विभाग के निस्तारण की स्थिति खराब मिली। जिस पर सीएम ने नाराजगी जाहिर की थी।

पुलिस विभाग में बरियारपुर व मईल थाने से जुड़े सर्वाधिक प्रकरण लंबित थे। इसको देखते हुए एसपी संकल्प शर्मा ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने थानाध्यक्ष बरियारपुर गोपाल प्रसाद व थानाध्यक्ष मईल अनिल कुमार व अपराध बढ़ने पर प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह को लाइनहाजिर कर दिया।



निरीक्षक अनुज कुमार सिंह का तबादला दस दिन पूर्व बस्ती जनपद के लिए हो गया है। एसपी ने मीडिया सेल प्रभारी मृत्युंजय सिंह को सदर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष महुआडीह प्रमोद सिंह को थाना बरियारपुर का थानाध्यक्ष बनाया है। जबकि पीआरओ एसपी डा. महेंद्र कुमार को थानाध्यक्ष महुआडीह, एसएसआइ बरहज सुभाष चंद्र पांडेय को मईल का थानाध्यक्ष बनाया है।

> आइजीआरएस के मामले लंबित होने पर बरियारपुर व मईल थानाध्यक्ष, अपराध बढ़ने पर सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को लाइनहाजिर किया गया है। इन जगहों पर दूसरे लोगों की तैनाती की गई है।
>
> **संकल्प शर्मा**, एसपी

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

# पति समेत पांच पर दहेज हत्या का केस

**फाजिलनगर।** देवरिया जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र के चकठुवा खुर्द गांव की एक महिला की तहरीर पर पटहेरवा पुलिस ने पति, सास समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

चकठुवा खुर्द गांव निवासी सुशीला देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसने अपनी बेटी की शादी मई 2022 में पटहेरवा थाना क्षेत्र के छठियांव गांव निवासी दिनेश कुमार के साथ अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज देकर धूमधाम शादी की थी। ससुराली और दहेज की मांग करने लगे व उसके साथ आये दिन ताना देने के साथ मारपीट भी करते थे। आरोप है कि पुत्री को उसके पति, सास व अन्य ने बीते 11 जुलाई को मारापीटा।

# तीन गुंडों को डीएम ने किया जिला बदर

**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट एस राजलिंगम ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत तीन अभियुक्त जिनके विरुद्ध संबंधित थाने पर गंभीर अपराध पंजीकृत हैं, लोक शांति के दृष्टिगत गुण्डा घोषित करते हुए जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित करते हुए जिलाबदर किया है।

# छह प्रतिबंधित पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**खड्डा।** खड्डा पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोहरौना तिराहे के समीप घेराबंदी कर पिकअप पर लदे छह प्रतिबंधित पशुओं के साथ बिहार के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने उनके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम की धारा में केस दर्जकर जेल भेज दिया है।

# छेड़खानी के मामले में युवक को जेल

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक छात्रा से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्जकर उसे जेल भेज दिया है। खड्डा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की पुत्री खड्डा कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। बीते सोमवार को खड्डा कस्बे का एक युवक छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगा।

# आत्महत्या उत्प्रेरण के मामले में दो गिरफ्तार

**गोड़रिया।** विशुनपुरा पुलिस ने बुधवार को टैक्सी स्टैण्ड दुदही के पास से आत्महत्या उत्प्रेरण के मामले में रामाकांत व मिथुन निवासी सोहनपुर थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार कर लिया। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल लाला छपरा के टोला सोहनपुर निवासी ललिता (26) पत्नी रमाकांत निषाद से हुई थी। सोमवार को विवाहिता की लाश कमरे में फंदे से लटकी मिली।

# मंदबुद्धि महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

**गोड़रिया।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अधेड़ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मंदबुद्धि महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि गांव की कोटेदार महिला है। उसके पति ने राशन के लिए अंगूठा लगवाने के लिए महिला को बुलाया था। जब महिला पहुंची तो जबरन दुष्कर्म किया।

# चोरी के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**नेबुआ नौरंगिया:** नौरंगिया गांव में दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी कर रहे युवक को पकड़कर ग्रामीणों ने पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया था। बुधवार को उसके विरुद्ध मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया था। एनएच 28 बी के किनारे आइटीआइ चौराहे पर अर्जुन कुशवाहा के घर के सामने एक युवक बाइक से उतरा। वह बाइक स्टार्ट छोड़कर अर्जुन के घर में घुस गया और मोबाइल चुराकर भागने लगा था। पुलिस ने आरोपित नवाज शरीफ निवासी चैनपुर थाना कोठीभार जनपद महाराजगंज के पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया है।

# दहेज हत्या के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, कठकुइयां:** दहेज हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे दो आरोपितों को कुबेरस्थान पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों को पुलिस न्यायालय ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम सुबह गश्त पर थी तभी सूचना मिली कि दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित आरोपित जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती चौक के पास हैं। टीम तत्काल मौके पर पहुंची। चौक के समीप पुलिस का वाहन देख दो व्यक्ति भागने लगे तो उन्हें दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया।

पूछताछ में दोनों की पहचान बिट्टू मद्धेशिया व चंद्रबली निवासी दमवतिया थाना कुबेरस्थान के रूप में हुई। बीते नौ जुलाई को बिट्टू की 25 वर्षीय पत्नी गुड्डी का शव उसके कमरे में छत की कुंडी से लटका मिला था। मृतका के पिता अमरनाथ मद्धेशिया निवासी बसहिया बुजुर्ग थाना श्यामदेउरवा जिला महराजगंज की तहरीर पर पुलिस ने पति, ससुर सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### दहेज हत्या में पति सहित दो गिरफ्तार

**जासं, दुदही:** विशुनपुरा पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या के मामले में पति सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव मातहतों संग गश्त पर थे। दुदही टैक्सी स्टैंड के पास पुलिस का वाहन देख दो व्यक्ति भागना चाहे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। दोनों की पहचान रमाकांत निषाद व मिथुन निषाद निवासी जंगल लाला छपरा टोला सोहनपुर के रूप में हुई।

# तीन बदमाश जिला बदर

**पडरौना :** जिला मजिस्ट्रेट एस राजलिंगम ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। इसमें हनुमानगंज के रामनगर के बैजनाथ उर्फ बैजू को देवरिया, कुबेरस्थान के जंगल पचरूखिया बाजार के अफजल को महराजगंज व नेबुआ नौरंगिया के बलकुड़िया के नत्थु उर्फ नाथू को देवरिया के लिए जिला बदर किया है।

# लापरवा पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई : एसपी

**जागरण संवाददाता, दुद्धी:** एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगें। इन्हें चिन्हित कर कार्रवाई होगी। मजबूत कानून व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसमें बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

वह बुधवार को विशुनपुरा थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। थानेदार को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्या सुन त्वरित न्याय दिलाएं। समस्या के समाधान में देरी होने पर गलत संदेश जाता है। निरीक्षण के क्रम में एसपी सबसे पहले कार्यालय सभागार में गए। जहां अपराध, आगंतुक, त्योहार, भूमि विवाद, हत्या-बलवा व बीट सूचना रजिस्टर का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया।

# आईजीआरएस की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

## एसपी ने मातहतों से कहा, रात में भी महिला डेस्क पर फरियाद सुनें



विशुनपुरा थाना में अभिलेखों की जांच करते एसपी धवल जायसवाल। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना/दुदही।** एसपी धवल जायसवाल ने बुधवार शाम विशुनपुरा थाने का निरीक्षण किया। इस बीच एसपी ने आईजीआरस की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।

रात्रि में भी महिला डेस्क पर फरियाद सुनने लिए थानेदार को आदेश दिया। बुधवार को एसपी धवल जायसवाल ने विशुनपुरा थाने का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या, बलवा से संबंधित रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया।

एसपी ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। रात में महिला डेस्क पर फरियाद सुनने का निर्देश दिया। इसके लिए एक महिला कांस्टेबल के एक साथ पुरुष कांस्टेबल की तैनाती करने को कहा।

एसपी ने थाने के सभी बीट के पुलिसकर्मियों सभी जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसपी ने मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से संबंधित उपकरणों की साफ-सफाई कराने की भी हिदायत दी।

# गुंडा एक्ट में तीन अभियुक्त जिला बदर

पडरौना। गुंडा एक्ट में पाबंद तीन अभियुक्तों को जिला मजिस्ट्रेट ने छह माह के लिए जिला बदर किया है। बुधवार को आदेश जारी करते हुए डीएम ने कहा कि अभियुक्तों की कड़ी निगरानी की जाएगी। यदि वह अपने क्षेत्र में निवास करते पाए गए तो संबंधित थानेदार जिम्मेदार होंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने हनुमानगंज क्षेत्र के रामनगर निवासी बैजनाथ उर्फ बैजू साहनी को देवरिया, कुबेरस्थान क्षेत्र के जंगल पचरुखिया बाजार निवासी अफजल को महराजगंज और नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के बलकुड़िया निवासी नत्थू उर्फ नाथू को देवरिया जिले में भेजने का आदेश दिया। संवाद

# पति सहित तीन पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**पटहेरवा।** देवरिया जनपद के तरकुलवा थाना क्षेत्र के चकठुवा खुर्द गांव की एक महिला ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर देकर दहेज के लिए अपनी पुत्री की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति, सास सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने और दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के चकठुवा खुर्द गांव की सुशीला देवी ने बताया है कि उन्होंने अपनी पुत्री मनोरमा की शादी मई 2022 में पटहेरवा थाना क्षेत्र के छठियांव गांव के निवासी दिनेश कुमार के साथ की थी। शादी धूमधाम से की थी। उनकी बेटी की विदाई होने के दूसरे दिन से ही दहेज की मांग की जाने लगी। इसके लिए उसके साथ आए दिन मारपीट होती थी। महिला का आरोप है कि दहेज के लिए ही उनकी पुत्री को पति, सास व अन्य ने बीते 11 जुलाई को मारपीट दिया था। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। संवाद

# चोरी के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**पिपरा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया में मंगलवार को दिन में एक व्यक्ति के घर में घुसकर चोरी करते पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को उसे जेल भेज दिया। नौरंगिया स्थित आईटीआई चौराहे पर अर्जुन कुशवाहा का घर है। बताया जा रहा है कि उनके घर के सामने मंगलवार दोपहर एक युवक बाइक खड़ी कर युवक अर्जुन के घर में घुस गया। मोबाइल चुराकर निकलता देख उसे लोगों ने पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद उसे बैठा लिया और एक घंटे के बाद पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी एसओ कैलाश यादव ने बताया कि आरोपी का नाम नवाज शरीफ है। संवाद

# खड्डा थाने के पूर्व एसओ हादसे में घायल

**खड्डा।** जनपद मुख्यालय से खड्डा अपने निजी कार से आते समय पूर्व एसओ बुधवार को गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना दोपहर में मठिया गांव के निकट हुई। तुर्कहां सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

तीन दिन पहले खड्डा एसओ के पद से स्थानांतरित होकर जिला फीडबैक सेल में गए धनवीर सिंह बुधवार को जिला मुख्यालय से अपने निजी कार से खड्डा आ रहे थे। नेबुआ-खड्डा मार्ग पर मठिया गांव के पास एक मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। इससे वह घायल हो गए। उसी दौरान बरवा रतनपुर निवासी वीरू राव अपनी बोलेरो से गांव लौट रहे थे। घायल इंस्पेक्टर को देखकर उन्हें कार से बाहर निकाला और अपने वाहन से तुर्कहां सीएचसी ले गए। संवाद

# कोटेदार के पति के खिलाफ दुष्कर्म का केस

**दुदही।** विशुनपुरा क्षेत्र के एक गांव में कोटेदार के पति ने मंदबुद्धि महिला से दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने महिला को अंगूठा लगाने के बहाने घर में बुलाकर हरकत की। कोटेदार ने पीड़ित महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। तहरीर देकर पीड़िता ने बताया कि गांव के कोटेदार के पति ने फोन कर अंगूठा लगाने के लिए घर बुलाया। वह जब कोटेदार के घर पहुंची तो वह अकेले थे। इसका फायदा उठाकर उन्होंने दुष्कर्म किया। इस बीच बाजार गई कोटेदार की पत्नी, बेटी भी घर आ गईं और उन्होंने भी पिटाई की। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

# तस्करी की खाद के बाइक जब्त

खनुआ। एसएसबी की 66वीं बटालियन के जवानों ने मंगलवार को सुंडी गांव के पास तस्करी के खाद और उसे ढोने में लगी बाइक व साइकिल को जब्त कर नौतनवा कस्टम विभाग के हवाले कर दिया। तस्करी के आरोप में दो आरोपित भी पकड़े गए। पूछताछ में एक ने अपना नाम प्रवीण कुमार उपाध्याय निवासी हरदी डाली, टोला सुंडी व दूसरे ने अपना नाम प्रदीप बताया। वह नौतनवा क्षेत्र के बैरियहवा गांव रहने वाला है।

एसएसबी 66 वी बटालियन सीमा चौकी सुंडी के सहायक उप निरीक्षक अर्जुन कुमार, विवेक कुमार व मनीष कुमार गश्त पर थे। जैसे वह सुंडी गांव के नोमेंस लैंड पिलर संख्या 526/04 के पास पहुंचे उसी दौरान कुछ लोग खाद नेपाल जाते दिखे। एसएसबी जवानों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया।

# 50 लाख की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार हुए

सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद। स्वाट व सोनौली पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को कुनसेरवा तिराहे के समीप महुअवा मोड़ से 50 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपित नेपाल का रहने वाला है। बरामद हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत पचास लाख रुपये आंकी जा रही है। तलाशी में दोनों के पास से 1 लाख 24 हजार 500 नेपाली मुद्रा व 15 हजार भारतीय करेंसी बरामद हुई।

स्वाट टीम के प्रभारी स्वतंत्र कुमार सिंह व सोनौली कोतवाली के एसआई सुधीर कुमार यादव के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने कुनसेरवा तिराहे के पास महुअवा मोड़ से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। तलाशी में दोनों के पास से 50 ग्राम हेरोइन के अलावा एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, 1 लाख 24 हजार 500 नेपाली मुद्रा व 15 हजार भारतीय मुद्रा, तीन मोबाइल फोन, एक बाइक बरामद हुआ। पूछताछ में एक ने अपना नाम महेश लोध पुत्र दिनेश लोध(27) निवासी वार्ड नंबर चार माधवनगर थाना सोनौली व दूसरे ने अपना नाम नरायन लोध पुत्र संतोष लोध(22) बताया। वह ग्राम पालिका वार्ड नंबर दो माया देवीनगर थाना सूर्यपुर जिला रुपन्देही नेपाल का रहने वाला है। दोनों के पर केस पंजीकृत कर चालान कर दिया।

**1.24**

**लाख नेपाली करेंसी व 15 हजार भारतीय मुद्रा मिली**

# मारपीट मामले में तीन दोषियों को तीन वर्ष का कारावास

**फैसला**

महराजगंज, निज संवाददाता। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजाबारी टोला बजरफोरवा में पान लगाने के विवाद में 23 साल पुरानी मारपीट के मामले में अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। तीनों को तीन-तीन साल का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। दस-दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

पत्रावली के मुताबिक 2 अक्तूबर 1999 में ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा राजाबारी टोला बरफोरवा में जयश्री व घनश्याम नाम के व्यक्ति को लाठी-डंडा से पीट दिया गया है। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के दिन सायं साढ़े छह बजे जयश्री उर्फ नाटे पान की दुकान पर बैठा था। आरोप के मुताबिक उसी दौरान गांव के ही निवासी रामसकल यादव, राम अवतार व सुरेश यादव लाठी-डंडा लेकर आए। गाली-गलौज व जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए पान लगाने को कहा। गाली का विरोध करने पर आरोपित मारने-पीटने लगे। बीच बचाव करने आए घनश्याम व श्रीनिवास को भी पीट दिया। वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में ठूठीबारी पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज की। ट्रायल के दौरान सह अभियुक्त व्यास यादव की मौत हो गई। विशेष लोक अभियोजक फणीन्द्र कुमार त्रिपाठी ने नौ गवाहों की गवाही कराकर सजा की मांग की।

# छापेमारी में भारी मात्रा में संदिग्ध दवाएं मिलीं

## कार्रवाई

- अड्डा बाजार में पुलिस व ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने की छापेमारी
- मेडिकल स्टोर व अस्पताल संचालकों में मचा हड़कंप

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा क्षेत्र के अड्डा बाजार में बुधवार को ड्रग विभाग एवं पुलिस की टीम ने एक दवाखाने पर छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में संदिग्ध दवाएं बरामद हुई हैं। अभी दवाओं की खरीद-फरोख्त को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है। छापेमारी से मेडिकल स्टोर व अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

नशीली दवाओं की बिक्री की शिकायत के आधार पर ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक ने नौतनवा पुलिस को साथ लेकर इस दवाखाने पर छापेमारी की। यहां से भारी मात्रा में संदिग्ध दवाएं बरामद हुई। टीम ने मौके से दवाखाने के संचालक को भी अपने कब्जे में ले लिया। छापेमारी के दौरान बरामद संदिग्ध दवाओं एवं संचालक को पुलिस हिरासत में लेकर थाने लाई है। ड्रग विभाग की टीम मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। एसओ राजेश कुमार पांडेय का कहना है कि ड्रग विभाग की टीम के साथ छापेमारी की गई है। मौके से संदिग्ध दवाएं बरामद हुई हैं। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। ड्रग विभाग की जांच के बाद ही कोई कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

# 450 शीशी शराब के साथ युवक पकड़ा गया

भगवानपुर। बरगदवा पुलिस व एसएसबी की टीम ने सीमा से नरायनपुर निवासी लालचंद यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 450 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया है। एसओ सुनील कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**जासं, सिंदुरिया:** रुपयों की लेनदेन को लेकर हुई कहासुनी के बाद मिठौरा चौराहे पर कुछ दबंगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि पति को पिटता देख छुड़ाने गई पत्नी को भी आरोपितों ने पीटा। इस मामले में पुलिस ने कुल तीन नामजद आरोपितों के विरुद्ध मारपीट व एससी-एसटी की धारा में मुकदमा दर्ज की है।

थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि ग्राम मिठौरा निवासी पीड़िता रोशनी ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि मिठौरा चौराहा स्थित एक दुकान पर उधारी पैसे को लेकर उसके पति सोनू को कुछ लोग मारपीट रहे थे, जिसे बचाने जाने पर उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपित अमित निगम, हेमंत व सोनू के विरुद्ध एससी-एसटी व मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम हाड़तोड़वा में कुछ लोगों ने गाली गलौज व मारपीट कर लिया। पीड़ित महाजन ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसे व पत्नी को मारापीटा व गाली दिया। आरोपित धीरज, अक्षय व मानसिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नवागत एएसपी ने ग्रहण किया कार्यभार

**जासं, महराजगंज :** नवागत अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्व में अपर पुलिस अधीक्षक रहे निवेश कटियार के सीबीसीआइडी लखनऊ में स्थानांतरण के बाद पद खाली था। इससे पहले आतिश कुमार सिंह बाराबंकी जनपद में तैनात थे। बाराबंकी के अलावा लखनऊ, कानपुर नगर, आजमगढ़ व ट्रेनिंग के दौरान गोरखपुर में भी सेवा दे चुके हैं।

# एसएसबी ने खाद की तस्करी करते दो को पकड़ा

**नौतनवा :** एसएसबी 66 वीं वाहिनी सीमा चौकी सुंडी के जवानों के मंगलवार की शाम गश्त के दौरान दो आरोपितों को 26 बोरी खाद के साथ हिरासत में लिया है। सहायक उप निरीक्षक अर्जुन कुमार ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा के सुंडी घाट के पास पकड़े गए युवकों ने अपना नाम प्रवीण कुमार उपाध्याय निवासी हरदीडाली कोतवाली सोनौली व प्रदीप निवासी बैरियहवा थाना नौतनवा बताया। (जासं)

# रात्रि प्रहरी की तहत ड्यूटी चेक करेंगे थानेदार

- पुलिस अधीक्षक ने शुरू किया अभियान
- रात्रि में चोरी आदि की घटनाओं पर रोक लगाने का उद्देश्य

**जासं, महराजगंज:** रात में चोरी व अन्य अपराध पर अंकुश लगाने की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने विशेष पहल की शुरुआत की है। पहल को रात्रि प्रहरी का नाम देते हुए सभी थानेदारों को निर्देश दिया गया है। रात में 12 से दो बजे तक न सिर्फ महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण करेंगे बल्कि ड्यूटी की भी जांच करेंगे। विभाग की ओर से इस अभियान को रात्रि प्रहरी नाम दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि अधिकांश अपराध रात्रि के समय में ही होते हैं। रात्रि में पुलिस की सक्रियता को बढ़ाने के लिए इस अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत प्रत्येक दिन रात में 12 से दो बजे तक समस्त थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि भ्रमण करेंगे। रात में लगे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चेक करने के अलावा हाईवे व मुख्य मार्गों पर आने वाले वाहनों की जांच भी की जाएगी।

इसके तहत सभी को निर्देशित किया गया है। अभियान की निगरानी समस्त सीओ द्वारा समय-समय पर की जाएगी और लापरवाही पाई जाने पर उचित कार्रवाई भी की जाएगी।

# 50 ग्राम हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार



सोनौली कोतवाली में गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम ● सौ. स्वयं

**जागरण संवाददाता, सोनौली :** पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त टीम ने बुधवार को सोनौली क्षेत्र के कुनसेरवा चौराहा पर दो युवकों को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सोनौली के वार्ड चार माधवनगर निवासी महेश लोध व निवासी सूर्यपुरा मायादेवी नगर पालिका जिला रुपनदेही नेपाल के नारायण लोध के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों को एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# एनडीपीएस एक्ट में नेपाली नागरिक को एक वर्ष की सजा

- पांच सितंबर 2021 को सौनौली से गिरफ्तार हुआ था अभियुक्त
- नेपाल के महानगरपालिका पोखरा के वार्ड नंबर 10 का निवासी है अभियुक्त

**जासं, महराजगंज:** एक वर्ष पूर्व सोनौली सीमा पर 60 ग्राम हेरोईन के साथ गिरफ्तार नेपाल के महानगर पालिका पोखरा के वार्ड नंबर 10 निवासी नीरज थापा को न्यायालय ने दोषी ठहराया है। अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के इस मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) कमलेश्वर पांडेय ने एक वर्ष की कारावास के साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माने की भी सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सितंबर 2021 में सौनौली पुलिस ने अभियुक्त को बार्डर के पास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया, और मामले में चार्जशीट न्यायालय दाखिल किया गया। गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को सजा सुनाई है।

**मारपीट के मामले में 23 वर्ष बाद तीन को सजा:**अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को 23 वर्ष पुराने मारपीट के एम मामले में तीन अभियुक्तों को तीन वर्षों की सजा व 45 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता फणिंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दो अक्टूबर 1999 को ठूठीबारी कोतवाली के राजाबारी टोला बजरफोरवा गांव में वादी जयश्री, घनश्याम व श्रीनिवास को लाठी डंडों से पिटकर अभियुक्त पक्ष ने गंभीर चोट पहुंचाई थी। इस मामले में ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने कुल चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने तीन अभियुक्तों में रामसकल यादव, रामऔतार व सुरेश को दोषी करार देते हुए तीन वर्षों की सजा सुनाई है।

# हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**सोनौली।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कुनसेरवा तिराहे पर बुधवार को पचास ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को सोनौली पुलिस व स्वाट टीम ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नेपाल के रुपनदेही जिले के सूर्यपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पालिका वार्ड नं 2 माया देवी नगर के नारायण लोध (22) व सोनौली थाना के वार्ड नं. 4 के रहने वाले महेश (27) हैं। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में को पेश किया उसके बाद जेल भेज दिया। आरोपितों के पास से एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, 1 लाख 24 हजार नेपाली मुद्रा, 15 हजार रुपये भारतीय मुद्रा, एक कीपैड, मोबाइल एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। संवाद

# तीन दोषियों को तीन साल के कारावास की सजा

## अर्थदंड की धनराशि में से पीड़ितों को दस-दस हजार देने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जनपद के ठूठीबारी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा राजाबारी में 23 साल पहले पान लगाने की बात पर हुई मारपीट के दोषी रामसकल, रामऔतार, सुरेश को अपर सत्र विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 45 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि में से पीड़ितों को दस-दस हजार रुपये देने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार दो अक्तूबर 1999 की शाम करीब 6:30 बजे ठूठीबारी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा राजाबारी टोला बजरफोरवां निवासी जयश्री उर्फ नाटे पान की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के रामसकल, व्यास, रामऔतार व सुरेश यादव लाठी से लैस होकर आए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें पान लगाने को कहने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त लोग उन्हें मारने-पीटने लगे। बीच-बचाव करने आए घनश्याम और श्रीनिवास को भी उन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

सूचना के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। विचारण के दौरान ही अभियुक्त व्यास यादव की मृत्यु हो गई। विशेष लोक अभियोजक फणींद्र कुमार त्रिपाठी ने नौ गवाहों की गवाही कराकर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्य व सबूतों के आधार पर सजा सुनाई है।

### हेरोइन की बरामदगी में एक वर्ष का कारावास

**महराजगंज।** सोनौली बस स्टैंड के पीछे नो मैंस लैंड के पास नीरज थापा निवासी नेपाल राष्ट्र के पास से 60 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) कमलेश्वर पांडेय ने एक वर्ष के सश्रम कारावास के साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार 5 सितंबर 2021 को सोनौली पुलिस ने सोनौली बस स्टैंड के पीछे भारत-नेपाल बार्डर के पास एक व्यक्ति को पकड़ लिया। जिसका नाम नीरज थापा निवासी महानगर पालिका पोखरा, वार्ड नं-10, थाना- छोरेपाटन, जिला-कास्की गंडकी नेपाल है। तलाशी के दौरान उसकी जेब से 60 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राघवेन्द्र उपाध्याय ने गवाही कराकर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व सबूतों के आधार पर यह सजा सुनाई है। संवाद

# मेडिकल स्टोर पर छापा, संचालक हिरासत में

**नौतनवां।** पुलिस एवं ड्रग विभाग की टीम ने बुधवार दोपहर में ग्राम सभा अड्डा बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर व उसके गोदाम पर छापा मारकर नशीली दवाएं बरामद की। दुकान संचालक को हिरासत में ले लिया।

ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक ने बताया कि सूचना मिली थी कि नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अड्डा बाजार में एक मेडिकल स्टोर के गोदाम में नशीली दवाओं को रखा गया है और उसकी बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए संपतिहा चौकी प्रभारी श्याम बहादुर सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा गया तो दुकान व गोदाम से नशीली सिरप, टैबलेट एवं कैप्सूल बरामद हुई।

दवाओं के बारे में संतोषजनक जवाब न दे पाने पर दुकान के संचालक को हिरासत में लेकर सामान समेत थाने पर लाया गया है। पूछताछ एवं बरामद दवाओं की मिलान व कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। संवाद

## न्यूज डायरी

### नेपाली मुद्रा के साथ भारतीय गिरफ्तार

**भैरहवां।** पूर्वी नेपाल के बीरगंज से एक भारतीय नागरिक को 41.55 लाख नेपाली रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस कार्यालय परसा के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति हुंडी के धंधे में शामिल है। जनकपुरधाम व जिला पुलिस कार्यालय परसा पुलिस टीम ने बुधवार सुबह करीब आठ बजे भारत-नेपाल सीमा रक्सौल से नेपाल आ रही भारतीय नंबर प्लेट मोटरसाइकिल को रोक कर जांच की। संवाद

### 20 बोरी यूरिया बरामद

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी सुंडी के जवानों ने बुधवार को गश्त के दौरान सुंडी गांव के पास से 20 बोरी यूरिया खाद के साथ दो युवक को पकड़ कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सौंप दिया। यह जानकारी सशस्त्र सीमा बल बीओपी सुंडी के उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार ने दी। संवाद

### 450 बोतल नेपाली शराब बरामद

**ठूठीबारी।** 450 बोतल नेपाली शराब के साथ नरायनपुर लालचन्द यादव को बुधवार को नेपाल सीमा के करीब गिरफ्तार किया गया। वह साइकिल से शराब लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तार हुआ। यह जानकारी बरगदवां थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय ने दी। उन्होंने बताया कि आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान कर दिया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

# जबरन चकरोड पाटने पर प्रधान प्रतिनिधि पर मुकदमा

## कार्रवाई

कुदरहा, हिन्दुस्तान संवाद। लालगंज थानाक्षेत्र के मेहनौन गांव के राजस्व पुरवे कटाई जोत में दबंगों द्वारा रात में बाग मालिकान और खलिहान की जमीन पर जबरन जेसीबी मशीन से चकरोड पाटने के मामले में लालगंज पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि जमुना यादव सहित एक दर्जन से अधिक नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मेंहनौना गांव निवासी अनिरूद्ध पाल ने एसपी को दिए शिकायत पत्र के जरिए बताया कि गांव के दबंगों द्वारा उनके बाग में और खलिहान की जमीन पर जबरन चकरोड पाट दिया गया। विरोध करने पर गली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

एसपी के आदेश पर लालगंज पुलिस ने गांव के प्रधान प्रतिनिधि जमुना यादव, नागेंद्र चौधरी, पवन कुमार, ओमकार, विनोद, अरविन्द कुमार उर्फ सुरेंद्र, योगेश कुमार चौधरी, राहुल कुमार, अजय कुमार, गंगा प्रसाद, बाबू राम, राम विशाल, दिव्यांश पटेल सहित 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# दुधमुंही बच्ची सहित एक दर्जन कोरोना पॉजिटिव

- मासूम का अयोध्या स्थित एल-टू अस्पताल में चल रहा है इलाज
- जिले में कोविड के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 42 हो गई

बस्ती। कोविड के केस बढ़ने का सिलसिला जारी है। दुधमुंही छह माह की बच्ची सहित एक दर्जन लोग कोरोना पॉजिटव मिले हैं। मासूम का अयोध्या स्थित कोविड के एल-टू अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिले में कोविड के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।

परशुरापुर बाजार की रहने वाली छह माह की बच्ची को बुखार, उल्टी व दस्त की शिकायत पर परिजन इलाज के लिए अयोध्या मेडिकल कॉलेज लेकर गए थे। वहां पर हुई कोविड की जांच में वह पॉजिटिव मिली है। बनकटी ब्लॉक के मथौली गांव के रहने वाले पति-पत्नी दोनों संक्रमित मिले हैं। पति संतकबीरनगर में स्वास्थ्य विभाग में एलए हैं, जबकि पत्नी बनकटी क्षेत्र में शिक्षिका है। परासी लबनापार के एक 60 वर्षीय कैंसर पीड़ित भी कोविड संक्रमित मिले हैं।

लखनऊ में ऑपरेशन के लिए उनकी ट्रूनेटजांच हुई, जिसमें वह संक्रमित मिले हैं। महिला अस्पताल में हुई जांच में एक गर्भवती व महिला रोग से ग्रसित दो महिलाएं भी एंटीजन जांच में कोविड पॉजिटिव मिली हैं।

# पुलिस ने शातिर चोर को पकड़ा

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना पुलिस द्वारा कड़क खास स्थित ग्राहक सेवा केंद्र की दुकान का ताला तोड़कर हुई चोरी से सम्बन्धित तीन अभियुक्तों को एक चाकू, एक तमंचा के साथ पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग रेलवे स्टेशन बस्ती के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान चोरी की एलसीडी, प्रिंटर व डेस्कटॉप बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान अशोक हरिजन निवासी हरैया जप्ती, रामबचन चौहान और गांधी चौहान निवासी कड़र खास थाना पुरानी बस्ती के रुप में हुई।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ पुरानी बस्ती आलोक श्रीवास्तव, सुदीप यादव, एसआई राम प्रसाद यादव, कां सपन सिंह, श्रीकांत शामिल रहे।

# पूर्व मंत्री व उनके पुत्र पर धोखाधड़ी का केस

बस्ती। सोनहा पुलिस ने बड़ौदा यूपी बैंक से फर्जी तरीके से लोन लेने के आरोप में पूर्व विधायक व सपा सरकार में पूर्व मंत्री राम करन आर्य व उनके पुत्र सपा नेता विजय विक्रम आर्य के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में बड़ौदा यूपी बैंक शाखा शंकरपुर के प्रबंधक राम सुरेश की तहरीर पर राम करन आर्य व उनके पुत्र विजय विक्रम आर्य निवासी नकछेद चक थाना कलंदरनगर थाना सोनहा के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि गाटा संख्या 930अ व 930ब को बैंक में 10 लाख रुपया लोन के सापेक्ष बंधक रखा गया। उसके बाद बैंक को धोखे में रखते हुए ऋण हड़पने की नीयत से फर्जी कागजात प्रस्तुत कर दिया।

# सदर तहसील के कावड़ पड़ाव स्थल चयनित




- 16 स्थानों पर कांवड़ियों के ठहरने का रहेगा इंतजाम
- साफ-सफाई बैरीकेटिंग आदि का काम कराएंगे डीपीआरओ

**बस्ती, निज संवाददाता।** कांवड़ मेला के रास्ते में बस्ती सदर तहसील क्षेत्र के 16 स्थानों को पड़ाव स्थल बनाया गया है। यह पड़ाव स्थल क्षेत्र में पड़ने वाले प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, इंटर कालेजों में बनेंगे। स्वयंसेवी संस्थाओं व श्रद्धालुओं की तरफ से भी पड़ाव बनाए जाने की योजना है। इन स्थलों पर पर्याप्त साफ-सफाई, बिजली, पानी व अन्य व्यवस्थाओं के लिए एसडीएम सदर ने संबंधित विभागों को पत्र लिखा है।

एसडीएम सदर शैलेष दूबे ने बताया कि इन पड़ाव स्थलों में नगर थाने के फटहिया चौकी क्षेत्र का गोटवा, दुबखरा, अक्सड़ा, फुटहिया चौराहा, कोतवाली क्षेत्र का अमहट घाट, उद्यान विभाग के सामने का शिव मंदिर, चेतक तिराहा, जेल चौकी के बगल, पुरानी बस्ती क्षेत्र में निर्मली कुंड, सुगर मिल भक्ति भवन, पंचराम इंटर कालेज, दुर्गा मंदिर बायपोखर, बरवां धाम, कड़र शिव मंदिर व मुंडेरवा थाने का देवरिया मंदिव व बेहिल शिव मंदिर है।

### हाईमास्ट लाइट को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करा दें

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय को लिखे पत्र में एसडीएम ने कहा कि सावन माह में प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव के भक्त जलाभिषेक करते हैं। 26 जुलाई को शिवरात्रि व गौरी पूजन में बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री जलाभिषेक करेंगे। मौके पर मेला भी लगेगा। ऐसे में कांवड़ के रास्ते में पड़ने वाले हाईमास्ट लाइट को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करा दें। सदर तहसील क्षेत्र के गोटवा बाजार से फुटहिया, कलवारी से वाया नगर फुटहिया चौराहा होते हुए एसडीएम डीएम आवास से होकर आगे जाने का रास्ता निर्धारित किया गया है। इन मार्गो का निरीक्षण कर लाइट व्यवस्था को दुरूस्त कर लें।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड प्रथम को लिखे पत्र में मुख्य मार्ग का निरीक्षण कर कमियों को दूर करें। डीपीआरओ को भेजे पत्र में एसडीएम ने कहा कि जेल गेट से भदेश्वरनाथ मंदिर तक साफ-सफाई, शौचालय, लाइट, बैरीकेटिंग, फ्लैक्स बोर्ड व प्रशासनिक कैंप आदि की व्यवस्था की जाए। ईओ नगर पालिका को दिए निर्देश में एसडीएम ने कहा कि जलापूर्ति, साफ-सफाई व मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्था समय से कर लें। सीएमओ बस्ती आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा सहायता के लिए कांवड के रास्ते में पड़ने वाले निकटतम सामुदायिक अथवा प्राथमिक केंद्रों पर कैंप लगावें और वहां पर डॉक्टरों की तैनाती करें।

## समस्या होने पर पुलिस को करें सूचित

**बनकटी।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर लालगंज थाने में बुधवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रुधौली अम्बिकाराम ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण श्रावण मास में कांवड़ यात्री शांतिपूर्ण ढंग से जल भरकर ईष्ट देव भगवान शिव का जलाभिषेक करें' कहा कि कांवड़ यात्रियों को यदि किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो थाने के सीयूजी नंबर पर सम्पर्क करें, जिससे हर सम्भव सहयोग व सुविधएं उपलब्ध कराई जा सकें। कहां की यदि किसी के साथ कोई भी दुर्व्यवहार करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। एसआई दिनेश चंद्र मिश्रा, अवधेश पांडेय, चंद्रकांत, दिनेशचंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सीडब्ल्यूसी ने बुलंदशहर की किशोरी को मां को सौंपा

**बस्ती, निज संवाददाता।** बुलंदशहर से भागी किशोरी बस्ती पहुंची थी। जिसे बाल कल्याण समिति ने बुधवार को उनके मां के हवाले किया। यह किशोरी परिजनों से नाराज होकर भागी थी।

बुलन्दशहर के थाना पहासु के एक गांव की निवासी किशोरी परिजनों को बिना बताए घर से भाग निकली थी। बस्ती में जीआरपी ने बालिका से पूछताछ की तो पता चला कि वह अकेली है। जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए बालिका को चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया था। चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ता चंदन शर्मा ने बालिका को न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया था। न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने बालिका का मेडिकल कराने के साथ काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। सीडब्लूसी ने उसके माता-पिता को खोजने का आदेश दिया था। बुधवार को चाइल्ड लाइन की टीम ने बालिका को पुनः न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की कार्यवाही के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय, डॉ. संतोष, गोवर्धन गुप्ता, मंजू त्रिपाठी की टीम ने कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद बालिका को उसकी मां और भाई को सौंपने का आदेश पारित किया।

# विवादित निर्माण कार्य बंद कराने का निर्देश

**जासं, रखौना, बस्ती:** लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहनौना में बुधवार को एसडीएम सदर चकरोड के भूमि विवाद को देखने पहुंचे। दूसरे पक्ष की बात बिना सुने चकरोड निर्माण कराने का निर्देश दे दिया। निर्माण कार्य शुरू होते ही दूसरे पक्ष के लोग तहसील पहुंच गए। एसडीएम के सामने अपनी बात रखी। एसडीएम ने दूसरे पक्ष की बात सुनने के बाद तत्काल निर्माण कार्य बंद कराने का निर्देश दिया।

मेहनौना ग्राम पंचायत के कटाईजोत पुरवे पर एक सप्ताह पूर्व प्रधान प्रतिनिधि द्वारा नये चकरोड का निर्माण जेसीबी से कराया जा रहा था। गांव के कुछ लोगों ने बाग खोदने पर आपत्ति जताते हुए कार्य बंद करा दिया था। एसडीएम सदर शैलेन्द्र दूबे बुधवार की शाम को मौके पर पहुंचे । दूसरे पक्ष को बिना सुने चकरोड निर्माण पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। फिर दूसरे पक्ष को लोग तहसील में उप जिलाधिकारी से मुलाकात किया। उन्हें बताया कि बिना स्वीकृति के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चकरोड का निर्माण करा रहे हैं। बिना उनसे पूछे बाग मालिक की भूमि को खोदा गया है। खलिहान को भी बर्बाद कर दिया गया है। विवाद में दोनों पक्ष से केस दर्ज है। बिना बैठक व सहमति के मनमानी तरीके से प्रधान प्रतिनिधि निर्माण कर रहे हैं। मामले को सुनने के बाद एसडीएम ने तत्काल निर्माण बंद कराने के लिए चौकी इंचार्ज रखौना चंद्रकांत को निर्देशित किया।

# महिला थानाध्यक्ष की पहल पर 11 दंपतियों में हुए समझौते

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय की पहल से 11 दंपतियों के रिश्ते टूटने से बच गए। उनके बीच मतभेदों को दूर करते हुए पुलिस ने उन्हें एक बार फिर साथ रहने को राजी कर लिया। बुधवार को उन्हें महिला थाने से एक साथ विदा किया गया।

जिन दंपतियों में फिर से सुलह-समझौता हुआ उनमें सैयदा खातून पत्नी रहमान निवासी गोविंदपुर थाना कलवारी, फरहाना पत्नी सुभान निवासी कुरहा दयालपुर थाना नगर, शर्मिला पत्नी राकेश कुमार यादव निवासी तरेता रसूलपुर थाना वाल्टरगंज, निशा पत्नी विनोद निवासी पोतनहरी थाना पैकोलिया,



सुलह-सुमझौता कराकर महिला थाना से ग्यारह जोड़ो की विदाई करती थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय व अन्य • सौ.स्वयं

रशीदा खातून पत्नी मोहम्मद अली निवासी सिकरा पठान थाना मुंडेरवा, श्वेता पत्नी राजेश कुमार निवासी छताई पोस्ट खजनी जनपद गोरखपुर, कुसुम पत्नी अंगद निवासी कुर्दा थाना पैकोलिया, रिजवाना खातून पत्नी गुलफाम हुसैन निवासी मरवटिया थाना खेसराहा जनपद सिद्धार्थनगर, मुन्नी देवी पत्नी राम प्रकाश उर्फ मन्नू निवासी मोहल्ला डाकबंगला सिविल लाइन थाना कोतवाली, नीमा गुप्ता पत्नी रमेश गुप्ता निवासी पिपरा गौतम थाना नगर जनपद और शिवांगी पांडेय पत्नी

**महिला थाने में काउंसलिंग के बाद साथ रहने को राजी हुए दंपती**
**समझौता होने के बाद दंपतियों को घर के लिए रवाना किया गया**

अमन पांडेय निवासी मरवटिया जोगिया थाना लालगंज शामिल हैं।

इन दंपतियों के बीच सुलह समझौता कराने में महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय के अलावा महिला हेल्प डेस्क की कांस्टेबल आशा गौड़, ऋच्या सिंह व विजय लक्ष्मी चौहान ने प्रभावी भूमिका निभाई। सुलहनामा लिखवा कर सभी दंपत्तियों को महिला थाने से राजी-खुशी रवाना किया गया। थानाध्यक्ष की यह पहल सराहनीय है।

# जानलेवा हमले के आरोप में 13 नामजद व 50 अज्ञात पर केस

**जासं, देईसांड़, बस्ती :** लालगंज पुलिस ने मेहनौना गांव में नौ जुलाई की रात बाग से कटाईजोत पुरवे तक जेसीबी के जरिये चकरोड पटाई के दौरान हुई मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष की तहरीर पर 13 ज्ञात व 50 अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला, साजिश रचने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पहले पक्ष ने 15 जुलाई को मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें पांच लोगों को नामजद किया गया था।

मेहनौना निवासी अनिरुद्ध पाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि प्रधान प्रतिनिधि द्वारा नौ जुलाई की चकरोड पटाई का कार्य कराया जा रहा था। कहा कि राजस्व अभिलेख में बाग से होकर कोई चकरोड दर्ज नहीं है और न ही कोई मस्टररोल जारी हुआ है। उनकी बाग से जेसीबी के द्वारा चकरोड पटाई किया जा रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रधान प्रतिनिधि जमुना यादव, नागेन्द्र चौधरी, पवन कुमार, ओमकार, विनोद, अरविंद कुमार, योगेंद्र चौधरी, राहुल कुमार, अजय कुमार, गंगा प्रसाद, बाबूराम, रामविशाल, दिव्यांश पटेल के अलावा 50 अज्ञात पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# बंधक जमीन बेचने में पूर्व मंत्री व बेटे पर मुकदमा

**जासं, भानपुर, बस्ती :** ऋण लेने के लिए बैंक में बंधक रखी गई जमीन बेचने के आरोप में सपा सरकार में मंत्री रहे रामकरन आर्य व उनके पुत्र विजय विक्रम आर्य के विरुद्घ सोनहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पूर्वांचल बैंक (बड़ौदा यूपी बैंक) शाखा शंकरपुर के प्रबंधक राम सुरेश ने सोनहा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि राम करन आर्य व उनके पुत्र विजय विक्रम आर्य निवासी नकछेद चक उर्फ कलंदर नगर थाना सोनहा ने 18 मई 2013 को पूर्वांचल बैंक शाखा शंकरपुर से 10 लाख रुपये का ऋण लिया था। जिसके लिए उन्होंने अपनी शंकरपुर स्थित जमीन को बैंक के पक्ष में बंधक रखा था। उसी जमीन को पांच मई 2020 व 14 मई 2020 को ऋणी पूर्व मंत्री रामकरन आर्य व विजय विक्रम आर्य ने दिवाकर पटेल निवासी नेहरु विहार कल्याणपुर विकास नगर लखनऊ को बेच दिया। आरोप है कि बंधकशुदा भूमि को बिना बैंक का ऋण अदा किए व बिना सूचित किए बैंक को धोखे में रखकर ऋण हड़पने की नीयत से बेचा गया। जानकारी होने पर बैंक से विधिक नोटिस भी भेजा गया, मगर कोई जवाब नहीं दिया गया।

# तीन तलाक देते हुए अपशब्द कहने पर मुकदमा

**जासं, पुरानी बस्ती :** स्थानीय पुलिस ने एक महिला को तीन तलाक देने और अपशब्द कहने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना दक्षिण दरवाजा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सौंप दी है। रुधौली थाना क्षेत्र के रुधौली खंभा गांव की रहने वाली नगमा खातून ने पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पति उस्मान खान ने 16 जुलाई को तीन बार तलाक देते हुए अपशब्द कहे। पुलिस ने आरोपित पति के विरुद्ध मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बुलंदशहर से बस्ती पहुंची किशोरी को सीडब्ल्यूसी ने किया मां के सिपुर्द

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : परिवारवालों से नाराज होकर बुलंदशहर से बस्ती पहुंच गई एक किशोरी को सीडब्ल्यूसी ने उसकी मां के सिपुर्द कर दिया। किशोरी की मां ने भरी आंखों से सीडब्ल्यूसी के प्रति आभार जताया।

14 वर्षीय किशोरी बुलंदशहर के थाना पाहासु के एक गांव की रहने वाली है, वह परिवारीजनों को बिना बताए घर से निकल गई थी। रविवार को वह बस्ती रेलवे स्टेशन पर दिखी। जीआरपी ने संदेह होने पर पूछताछ की तो पता चला कि वह अकेली है।

जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए उसे चाइल्ड लाइन के सिपुर्द कर दिया। चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ता चंदन शर्मा ने उसे न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। न्याय पीठ ने किशोरी का मेडिकल करवाने तथा काउंसलिंग करने के साथ ही उसके माता-पिता को खोजने का आदेश दिया था। बुधवार को चाइल्ड लाइन की टीम ने किशोरी को पुनः न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की कार्यवाही के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव, गोवर्धन गुप्ता, मंजू त्रिपाठी की टीम ने मामले का अध्ययन करते हुए कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद किशोरी को उसकी मां और भाई को सिपुर्द करने का आदेश दिया।

# रास्ता भटके तीन किशोरों को ढूंढ परिवारीजनों को किया सिपुर्द



बच्चों व उनके परिवारीजनों के साथ कुदरहा चौकी इंचार्ज दिनेशचंद्र मिश्र ●जागरण

**जासं, दुईसांड़, बस्ती:** लालगंज पुलिस ने रास्ता भटके तीन किशोरों को ढूंढकर उन्हें उनके परिवारीजनों को सिपुर्द कर दिया गया।

मंगलवार की देररात डेढ़ बजे के करीब लालगंज थाने को सूचना मिली कि पिपरपाती मुस्तहकम गांव के 13 वर्षीय रंकज पुत्र साहबराम, प्रतिदिन पुत्र विजय कुमार व 14 वर्षीय सूरज पुत्र सरबजीत निवासी सेल्हरा थाना लालगंज शाम को घर से एक साइकिल पर सवार होकर कुदरहा बाजार के लिए निकले थे। देररात तक वह वापस नहीं आए। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। सूचना को गंभीरता से लेते हुए लालगंज पुलिस ने तत्काल परिवारीजनों को साथ लेकर उन्हें ढूंढना शुरू किया गया। बुधवार की सुबह तीनों नगर थाना क्षेत्र के बेलाडी गांव के पास मिले। तीनों ने बताया कि वे एक साथ पढ़ते हैं। वे घूमने निकले थे और रास्ता भटक गए। कुदरहा चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्र और उनकी टीम ने बच्चों को चौकी पर लाकर उन्हें उनके परिवारीजनों के सिपुर्द कर दिया।

# सामान समेत तीन चोर गिरफ्तार

## प्रिंटर, एलसीडी,एक तमंचा,अवैध चाकू और कारतूस बरामद

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने कड़र खास स्थित ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर हुई चोरी के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की एलसीडी, प्रिंटर, डेस्कटाप बरामद किए गए हैं। इतना ही नहीं एक देसी तमंचा, अवैध चाकू व कारतूस भी पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।

कड़र खास निवासी जुनेद अहमद ने मंगलवार को पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके ग्राहक सेवा केंद्र से सोमवार की रात चोरों ने 2500 रुपये नकदी, डेस्कटाप, प्रिंटर आदि चुरा लिया। मामले में पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने एक सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन बस्ती के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास से बुधवार को तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया। आरोपितों की पहचान अशोक निवासी हरैया जप्ती, रामबचन चौहान व गांधी चौहान निवासी कड़र खास थाना पुरानी बस्ती के रूप में हुई। बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया।



पुरानी बस्ती थाने मे बरामद चोरी का सामान व आरोपित तथा पुलिस टीम ●जागरण

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:** चोरी के मामले में आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती आलोक कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक सुदीप यादव, राम प्रसाद यादव, आरक्षी सपन सिंह, श्रीकांत, सतीश कुमार, कृष्ण मोहन यादव शामिल है।

# कार वापस न करने पर मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने दूसरे की कार लाकर वापस न देने के मामले में केस दर्ज किया है।

मो. सहवान निवासी कटरा थाना कोतवाली बस्ती ने तहरीर दी। पुलिस ने अनीता श्रीवास्तव पत्नी विजय श्रीवास्तव मूल निवासी गौहनिया थाना हरैया, हाल मुकाम मोहल्ला आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली में केस दर्ज किया है। संवाद

## मारपीट में दो नामजद

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने कांशीराम आवास में मारपीट के मामले में नगमा खातून पत्नी मुल्ला जी निवासी साकिन काशीराम आवास ब्लाक नं. 60 कमरा नं. 716 थाना कोतवाली की तहरीर पर वहीं के कमरा नंबर 712 निवासी शिवपूजन व सन्तोष पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# टूटने से बचे 11 दंपतियों के रिश्ते, हुआ समझौता

## महिला थाने में काउंसलिंग के बाद साथ रहने को राजी हुए पति-पत्नी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** छोटी-छोटी बात को लेकर पैदा हुए मतभेदों को दूर करते हुए पुलिस ने 11 दंपतियों को फिर से एक किया। सभी के रिश्ते टूटने की कगार पर थे। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो एसओ महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने उनकी काउंसलिंग की। एक ही दिन हासिल की गई उस उपलब्धि के लिए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने महिला एसओ के प्रयास की सराहना की है।

जिन दंपतियों में फिर से सुलह-समझौता हुआ उनमें सैयदा खातून पत्नी रहमान निवासी गोविंदपुर थाना कलवारी, फरहाना पत्नी सुभान निवासी कुरहा दयालपुर थाना नगर, शर्मिला पत्नी राकेश कुमार यादव निवासी तरेता रसूलपुर थाना वाल्टरगंज, निशा पत्नी विनोद निवासी पोतनहरी थाना पैकोलिया, रशीदा खातून पत्नी मोहम्मद अली निवासी सिकरा पठान थाना मुंडेरवा शामिल हैं।

### मतभेद के कारण पुलिस को सभी मामलों में दिए गए थे प्रार्थनापत्र

श्वेता पत्नी राजेश कुमार निवासी छताई पोस्ट खजनी जनपद गोरखपुर, कुसुम पत्नी अंगद निवासी कुर्दा थाना पैकोलिया, रिजवाना खातून पत्नी गुलफाम हुसैन निवासी मरवटिया थाना खेसराहा जनपद सिद्धार्थनगर, मुन्नी देवी पत्नी राम प्रकाश उर्फ मन्नू निवासी मोहल्ला डाकबंगला सिविल लाइन थाना कोतवाली, नीमा गुप्ता पत्नी रमेश गुप्ता निवासी पिपरा गौतम थाना नगर जनपद व शिवांगी पांडेय पत्नी अमन पांडेय निवासी मरवटिया जोगिया थाना लालगंज का सुलह-समझौता कराया गया।

इस कार्य में महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय के अलावा महिला हेल्प डेस्क की कांस्टेबल आशा गौड, ऋचा सिंह व विजय लक्ष्मी चौहान ने भूमिका सराहनीय रही।

इन सबकी कोशिशों और समझाने बुझाने पर दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। सुलहनामा लिखवाकर सभी पति-पत्नी को महिला थाने से राजी-खुशी विदा किया गया।

# बेटियों को कोई परेशान करे तो डायल करें 1090 : सीओ

## संत कबीर शंकर दास इंटरमीडिएट कॉलेज, मोहम्मदनगर में हुई पुलिस की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** आधुनिक परिवेश में संस्कारित रहते हुए छात्राओं को सतर्क रहने की भी जरूरत है। जिससे किसी भी परेशानी से वह आसानी से निपट सकें। महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा में शोहदों से निपटने के पुलिस हमेशा मुस्तैद है। बेटियों को कोई परेशान करे तो 1090 डायल करें।

यह बात पुलिस क्षेत्राधिकारी रुधौली अंबिका राम ने कही। वह बुधवार को अमर उजाला फांउडेशन की ओर से संत कबीर शंकर दास इंटरमीडिएट कॉलेज, मोहम्मदनगर में आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर महिला सुरक्षा के लिए संचालित किए जा रहे हेल्पलाइन नबंरों के आपात स्थिति में प्रयोग करें।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सोनहा शंशाक शेखर राय, चौकी इंचार्ज असनहरा रामदेव व महिला आरक्षी खुशबू सिंह ने पुलिस के कार्यों और महिला सुरक्षा के संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।





संत कबीर शंकरदास इंटरमीडिएट कॉलेज, मोहम्मदनगर में हुई पुलिस पाठशाला में छात्राओं के सवालों का जवाब देते सीओ। संवाद



पूजा वर्मा

**प्रश्न**- कक्षा 11वीं की छात्रा पूजा वर्मा ने पूछा कि उनके गांव मे कुछ लोग अपनी पत्नियों को मारते-पीटते हैं जिससे उनकी बच्चियां पढ़ नहीं पा रही हैं उन्हे क्या करना चाहिये।

**जवाब** - सीओ ने कहा कि ऐसे मामलों मे परिवार के लोगों को अपने बच्चियों का साथ देना चाहिए और इसकी जानकारी पुलिस को जरूर देनी चाहिए। ऐसे लोगों को पुलिस समय रहते समझाकर हिदायत देती है जिससे दोबारा कोई घटना न हो।



रिया सिंह

**प्रश्न**-कक्षा 11वीं की छात्रा रिया सिंह ने कहा कि आप लोग मदद के लिये डायल 112 पर फोन करने की बात करते हैं, लेकिन जब वह आती है तो लोगों से रुपये मांगती है। इस पर रोक लगाई जाए।

**जवाब**- सीओ ने कहा कि सभी पुलिस वाले ऐसे नहीं होते हैं। गरीबों की हर हाल में मदद की जाती है।

**प्रश्न**- कक्षा आठ की छात्रा रूबीहा ने पूछा कि जब कोई स्कूल आते-जाते समय परेशान करें तो वह क्या करें।



रूबीहा

**जवाब**- सीओ ने बताया कि वह इसके लिए 1090 या डायल 112 पर फोन कर सकती हैं। ऐसे लोगों को पुलिस पहली बार समझाएगी। दोबारा हरकत किया तो कड़ी कार्रवाई करेगी।



अंजली

**प्रश्न**- कक्षा दस की छात्रा अंजली ने कहा कि जब बच्चियों के साथ कोई छींटाकशी करता है और वह अपने परिवार से बताती है तो परिवार के लोग भी बच्चियों को ही अपने इज्जत का हवाला देकर शांत रहने की बात कहते हैं, ऐसे में वे क्या करें।

**जवाब** - सीओ ने कहा कि ऐसे मामलों मे परिवार के लोगों को अपने बच्चियों का साथ देना चाहिए और इसकी जानकारी पुलिस को जरूर देनी चाहिए। ऐसे लोगों को पुलिस समय रहते समझाकर हिदायत देती है जिससे दोबारा कोई घटना न हो।

# ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी का पर्दाफाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने थानाक्षेत्र के कड़र खास स्थित सीएससी (ग्राहक सेवा केंद्र) में 17 जुलाई की रात हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एलसीडी टीवी, प्रिंटर, डेस्कटॉप के अलावा तमंचा कारतूस व चाकू बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में अशोक हरिजन निवासी हर्रैया जप्ती पुरानी बस्ती, कड़र खास पुरानी बस्ती निवासी राम बचन चौहान व गांधी चौहान शामिल हैं।

एसओ आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि इन तीनों को रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में जुनेद अहमद निवासी कड़र खास

## आरोपी किए गए गिरफ्तार

थाना पुरानी बस्ती ने 18 जुलाई को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया था कि वह अपने गांव में ग्राहक सेवा केन्द्र चलाता है। रोज की तरह 17 जुलाई की शाम को केंद्र में ताला लगाकर घर चला गया।

दूसरे दिन अपने दुकान पर पहुंचा तो ताला टूटा मिला। अंदर देखने पर ज्ञात हुआ कि चोरों ने डेस्क टॉप ,एक प्रिंटर एवं लगभग 25 सौ रुपये गायब हैं।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन की तो तीन आरोपी पकड़े गए। एसओ के मुताबिक बरामद एलसीडी किसी दूसरी चोरी का है, इसके बावत पूछताछ की जा रही है।

# कुदरहा से रास्ता भटक कर बेलाड़ी पहुंचे तीन किशोर

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस ने बुधवार सुबह ढूंढकर परिवार वालों के हवाले किया

बस्ती। कुदरहा बाजार के लिए निकले लालगंज थानाक्षेत्र के तीन किशोर मंगलवार को पूरी रात भटकते रहे। परिवार के लोग ढूंढकर थक गए तो रात डेढ़ बजे पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बुधवार सुबह पांच बजे तीनों को नगर थानाक्षेत्र के बेलाड़ी चौराहे के पास पाया। इसके बाद उनके परिवार वालों को बुलवाकर उनके हवाले किया।

एसओ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि रंकज (13) पुत्र साहिब राम और प्रतिदिन (13) पुत्र विजय कुमार निवासी पिपरपाती मुस्तकहम थाना लालगंज व सूरज (14) पुत्र सरबजीत निवासी सेल्हरा थाना लालगंज मंगलवार शाम को निकट के कुदरहा बाजार जाने के लिए साइकिल से निकले। देर रात तक वापस न आने पर तीनों के परिवार के लोग उन्हें ढूंढने लगे। रात डेढ़ बजे तक जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को सूचित किया। सूचना पर थाना लालगंज पुलिस ने बच्चों के परिवार वालों को साथ लेकर उन्हें ढूंढना शुरु किया गया।

सुबह समय करीब पांच बजे तीनों बच्चे घूमते हुए साइकिल से थाना नगर क्षेत्र के बेलाडी के पास मिले। पूछताछ करने पर बच्चों ने बताया कि हम तीनो एक साथ पढ़ते हैं। तीनों घूमने के लिए निकले थे। मगर रास्ता भटक गए थे।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-07-2022

# मंदिर के अधिकारी व मुख्य पुजारी नियुक्त

**जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम व सीओ ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मंदिर पहुँचकर खुलवाया आलमारी**

सिद्धार्थ नगर। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में बुधवार को उप जिलाधिकारी सदर प्रदीप यादव व सीओ सदर प्रदीप यादव की अगुवाई में भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में महन्थ राम दास(नागा बाबा) से श्री सिंहेश्वरी देवी मुख्य मंदिर के कमरे में रखी गई आलमारी को दोनों पक्षो की उपस्थिति में खुलवाया गया,तथा उसमें प्राप्त 1330 ₹ दोनो पक्षो की उपस्थिति में दान पात्र में रखवा दिया गया,दोनो पक्षो द्वारा यह बताया गया कि उक्त आलमारी मंदिर की है,इसलिए आलमारी खाली कराकर श्री सिंघेस्वरी मंदिर के अधिकारी शिव प्रसाद त्यागी को सुपुर्द कर दिया गया।तथा संचालक रामदास (नागा बाबा)को ससम्मान पुलिस द्वारा अयोध्या के लिए रवाना कर दिया गया है।इस संबंध में महामंडलेश्वर श्री महंत श्री श्री 108 महंत गिरीश दास महाराजश्री सिंघेस्वरी मंदिर के महन्थ गिरीश दास महाराज ने भी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर यह अवगत करा दिया है कि मंदिर संचालन व्यवस्था में अधिकारी के रूप में शिव प्रसाद त्यागी पुत्र महन्थ बाबा राम नारायण दास एवं मुख्य पुजारी की व्यवस्था में पंडित अशोक शास्त्री पुत्र श्री राम शंकर त्रिपाठी को नियुक्त करता हूं, उन्होंने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि पूर्व में मेरे नाम पर फ़र्जी लोग रह रहे थे,उन्हें मंदिर परिसर से हटा दिया जाय।उप जिलाधिकारी प्रदीप यादव ने कहा कि मन्दिर पर दर्शन व पूजा पाठ करने के लिए आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की व्यवस्था नही होनी चाहिए,अगर किसी भी तत्व द्वारा अराजकता की स्थिति उत्पन्न की गई,तो ऐसे लोगो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही।




मंदिर परिसर में तैनात पुलिस बल,दोनो पक्षो को नई व्यवस्था से अवगत कराता प्रशासन

# महिला उत्पीड़न से सम्बंधित मामलों की सुनवाई

**राज्य महिला आयोग**

**...थि... ...ास्थ्य केंद्र नौगढ़ व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय वर्डपुर का किया निरीक्षण**

सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति फेज 40 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक, जागरूकता चौपाल तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम रेस्ट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती इन्द्रावास सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। ... जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 02 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ। दोनों प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार नौगढ़ श्री राम ऋषि रमन, महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, प्रधान सहायक तनवीर अहमद, बाल संरक्षण अधिकारी (संस्थानिक) विवेक श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थानिक) संजू देवी, जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र अर्पणा विश्वास की उपस्थिति रही। इसके पश्चात राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती इंद्रावास सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा लेबर रूम, वैक्सीन कक्ष एवं ओपीडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को मरीजों का समय से उपचार करने एवं मरीज़ों को सभी निःशुल्क उपलब्ध सुविधाओं को मुहैया कराने, साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मरीजों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। कोविड-19 के बूस्टर डोज के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया गया। निरीक्षण के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य के साथ तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ड प्रशांत कुमार मौर्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ उपस्थित रहे।राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती इंद्रावास सिंह द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विकासखंड बर्डपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यापकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति एवं नामांकन के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। बालिकाओं के खानपान, पेयजल की व्यवस्था आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया गया। बालिकाओं से पढ़ाई के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया गया। माननीय राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा दिवसवार बालिकाओं को दिए जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त किया। वार्डन ने माननीय राज्य महिला आयोग की सदस्य को अवगत कराया कि बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाता है, पेयजल के लिए आरओ की व्यवस्था है, सुरक्षा के दृष्टिगत सीसी कैमरा लगाया गया है, जो चालू रहता है। महिला आयोग की सदस्य द्वारा किचन रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किचन सामग्री आटा, चावल, दाल व अन्य चीजों की गुणवत्ता का जांच किया गया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई व्यवस्था ठीक पाया गया। सभी अध्यापक व अन्य स्टाफ उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य के साथ तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेन्द्र श्रीवास्तव, वार्डन शशिकला त्रिपाठी उपस्थित रही।इस दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा वन स्टाप सेन्टर पर पौधरोपण किया गया।




महिला उत्पीड़न से सम्बंधित मामलो की सुनवाई करती व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मे बच्चो से बात करती राज्य महिला आयोग की सदस्य



शहर के श्री सिंहेश्वरी मंदिर की बंद आलमारी का ताला खोलवाने पहुंचे एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव । ● हिन्दुस्तान

# अफसरों की मौजूदगी में मंदिर की आलमारी का खुला ताला

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता** ।शहर की श्री सिंहेश्वरी मंदिर में पिछले कई माह से विवाद चल रहा है। डीएम संजीव रंजन के आदेश पर अधिकारियों की मौजूदगी में रखी आलमारी का ताला खोला गया। आलमारी से 1330 रुपये के सिक्के बरामद हुए जिसे मंदिर के दानपात्र में डाल दिया गया।

मंदिर में दो पक्ष मौजूद हैं। अलमारी को खोलने को लेकर डीएम से मांग की गई थी। डीएम के आदेश पर बुधवार को एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव मंदिर पहुंचे। दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों महंत रामदास नागाबाबा व अशोक शास्त्री, शिव प्रसाद दास त्यागी के सामने मंदिर के एक कमरे में रखी गई आलमारी खोली गई। आलमारी से 1330 रुपये के सिक्के बरामद किए गए।

दोनों पक्षों की रजामंदी पर उसे दानपात्र में डाल दिया गया। आलमारी को खाली कराकर महंत शिव प्रसाद त्यागी को सौंप दिया गया। इस दौरान चार थानों की पुलिस टीम मौजूद रही।

# एनडीपीएस एक्ट में चार साल दो माह की सजा

सिद्धार्थनगर। मादक पदार्थ के साथ पकड़े गए आरोपित को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय ब्रिजेश कुमार द्वितीय ने आरोप सिद्ध होने पर बुधवार को चार साल दो माह की सजा सुनाई है।10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। महदेवा नानकार निवासी राजेंद्र उर्फ बल्ली गुप्त को नेपाल सीमा के खुनवा के पास एक किलो चरस लाते हुए दो जून 2018 को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# तमंचा लहराने पर पुलिस ने एक को हिरासत में लिया

सिद्धार्थनगर। सदर पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने का वीडियो वायरल होने के मामले में एक युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वायरल वीडियो में एक युवक के पेट्रोल पंप पर तमंचा लहराने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। सोशल मीडिया पर एक तमंचा लहराने का वीडियो वायरल हुआ।

# मरीजों को सुविधाएं देने के निर्देश

- राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न की सुनवाई की
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा विद्यालय बर्डपुर का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मिशन शक्ति फेज चार के तहत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक, जागरूकता चौपाल व महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यहां आए दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ व कस्तूरबा गांधी विद्यालय बर्डपुर का निरीक्षण कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही अस्पताल आने वाले मरीजों को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया।



बुधवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय बर्डपुर का निरीक्षण करती राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह।

जिला मुख्यालय के रेस्ट हाउस पर बुधवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह के समक्ष महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में दो प्रार्थनापत्र आए। दोनों प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। यहां तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, प्रधान सहायक तनवीर अहमद, बाल संरक्षण अधिकारी विवेक मालवीय और संजू देवी, जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र अर्पणा विश्वास आदि मौजूद रहीं। इसके बाद महिला आयोग सदस्य ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। मरीजों को निशुल्क सुविधाओं समेत अन्य व्यवस्था को देखा। यहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बर्डपुर का निरीक्षण किया। अध्यापको की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति एवं नामांकन के बारे में जानकारी ली। यहां जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेन्द्र श्रीवास्तव, वार्डेन शशिकला त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

# 18 एसआई को मिली तैनाती

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने को 18 एसआई, 18 हेड कांस्टेबल व 18 कांस्टेबल को थानों पर तैनाती दी है। अब तक यह लोग पुलिस लाइंस में मौजूद थे। बुधवार को एसपी ने तबादला सूची जारी करते हुए विभिन्न थानों पर एसआई, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल को तैनात किया है। किसी भी थाने से एक को भी नहीं हटाया गया है।

# प्रशासन ने गिरीशदास को सौंपी सिंहेश्वरी मंदिर की जिम्मेदारी

## प्रशासन की मौजूदगी में तोड़े गए सभी दरवाजों के ताले, सौंपी गई चाबी, कार्यपालक के जाने के बाद खाली थी महंत की गद्दी

- **मंदिर परिसर में छह थानों की फोर्स तैनात रही**
- **अवांछनीय तत्वों को परिसर से किया बाहर**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : श्री सिंहेश्वरी मंदिर में बुधवार को प्रशासन ने नए महंत की नियुक्ति कर दी। महंत गिरीश दास को गद्दी पर बैठाया। इनके समर्थन में अयोध्या व अन्य धार्मिक स्थलों के साधु-संतों ने प्रशासन को महज्जरनामा सौंपा था। मंदिर के कार्यपालक दिव्यांशु जी महराज के चले जाने से पद रिक्त हो गया था।

तबसे अवांछनीय तत्वों का यहां जमावड़ा लगा था। प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को मंदिर के कमरों का ताला तोड़ा। अवांछनीय तत्वों को परिसर से बाहर किया। मंदिर परिसर में छह थानों की फोर्स तैनात रही।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अपने निर्देश में कहा है कि एसडीएम सदर के समक्ष दोनों पक्षों ने अपनी बातों को रखा। मुकदमे के दौरान सुनवाई में न्यायालय ने गिरीशदास को मंदिर के उत्तराधिकारी के रूप में प्रतिस्थापित करने के संबंध में निर्देश जारी किया है।

मंदिर नगर के प्राचीनतम व धार्मिक आस्था का स्थल है। यहां चल रहे विवाद को लेकर अवांछनीय तत्व सक्रिय हो गए हैं। इनके हस्तक्षेप से कभी कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इन्हीं कारणों से श्रद्धालुओं में भी नाराजगी व्याप्त होने लगी है। प्रशासन ने बाबा रामदास से मंदिर की सभी चाबी लेकर महंत गिरीशदास को सौंप दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव, सीओ सदर प्रदीप यादव, एसओ सदर तहसीलदार सिंह, शोहरतगढ़ जय प्रकाश दुबे आदि मौजूद रहे।



सिंहेश्वरी मंदिर में बंद ताले को तोड़ते प्रशासन कर्मी ● जागरण




मंदिर परिसरमें मौजूद एसडीएम सदर प्रदीप यादव व सीओ सदर प्रदीप ● जागरण

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर** : मोहाना पुलिस ने बर्डपुर के सिद्धार्थ तिराहा के पास से बुधवार को चोरी की बाइक व चाकू के साथ एक शातिर को गिरफ्तार किया है। उसने बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगा रखा था। आरोपित का नाम गोल्हौरा थाना के बराव नानकार निवासी मोहसिन रजा है। वह करीब डेढ़ वर्ष पहले जेल से बाहर आया था। एसओ मोहाना संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बर्डपुर तिराहा के पास पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक से आ रहे व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। कागजात नहीं दिखाने के स्थिति में उसे थाना पर ले गए। जहां चोरी की बाइक होने की बात स्वीकार की। आरोपित पर बांसी थाना में गैंगस्टर का मुकदमा भी दर्ज है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसओ मोहाना के साथ प्रभारी शुद्धोधन पुलिस चौकी सभाशंकर यादव भी मौजूद थे।

**पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार**: बढ़या, मिश्रौलिया पुलिस ने बुधवार को विभिन्न मामलों में आरोपित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिसमें एक वारंटी शामिल है। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि धनगढ़वा निवासी इंद्रजीत शुक्ला जो वारंटी है, उसको पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। इसके अलावा विभिन्न धाराओं एवं पाक्सो एक्ट में फरार चल रहे आरोपित गौर डीह निवासी इरान अली को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्रवाई के लिए दोनों को न्यायालय के लिए रवाना किया गया।




मोहाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपित ● जागरण

## एक नजर में

# महिला आयोग की सदस्य ने लगाई चौपाल, बताई योजनाएं

सिद्धार्थनगर : राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह ने बुधवार को जागरूकता चौपाल लगाई। महिलाओं की समस्याओं को सुना। संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बर्डपुर में छात्राओं से वार्ता की। उनसे पढ़ाई व सुविधाओं की जानकारी ली। महिला आयोग की सदस्य ने कहा प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति अभियान चार संचालित किया है। इसमें छात्रा व महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समाज कल्याण अधिकारी डा. राहुल गुप्ता, एसओ महिला थाना मीरा चौहान आदि मौजूद रहे। (जासं)

# धरने की सूचना पर दिनभर हलकान हुई पुलिस

**जासं, डिड़ई :** शिवनगर थाना क्षेत्र डिड़ई के एनएच-28 स्थित बेलगढा टोल प्लाजा पर बुधवार को धरना प्रदर्शन की सूचना पर जनपद के ग्यारह थानों की पुलिस पूरे दिन हलकान रही। शाम पांच बजे तक कोई धरना प्रदर्शन करने नहीं आया तो मायूस होकर पूरी फोर्स वापस चली गई। लोकल लोगों ने टोल टैक्स की वसूली हो रही है। इससे आए दिन बेलगड़ा टोल प्लाजा पर ग्रामीणों व वाहन स्वामियों से नोकझोंक होती रहती है। लोकल वाहनों से टोल टैक्स की वसूली बंद हो इसके लिए एक सप्ताह से इंटरनेट मीडिया पर टोल प्लाजा पर धरना देने की सूचना जोर शोर से चल रही थी। सूचना में आज का दिन भी निर्धारित किया गया था। इसकी भनक पुलिस के बड़े अधिकारियों को लग गई। दोपहर बारह बजे से टोल प्लाजा पर डिड़ई, खेसरहा, पथरा, बांसी, गोल्हौरा, डुमरियागंज, मिश्रौलिया, कटेरा सहित ग्यारह थाने की पुलिस मुस्तैद हो गई। बांसी बस्ती मार्ग टोल प्लाजा के पास पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस फोर्स देख धरना व प्रदर्शन करने का मनसूबा बनाए ग्रामीण हिम्मत नहीं जुटा पाए। भारतीय किसान यूनियन के करीब आठ दस की संख्या में कार्यकर्ता वहां पहुंचे भी तो पुलिस को देख उल्टे पांव लौट लिए। कोतवाल भानू प्रताप सिंह का कहना है कि सूचना के आधार पर कोई अप्रिय घटना घटित न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत फोर्स लगाई गई थी।

# मांगों को लेकर ग्राम प्रहरियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्राम प्रहरी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर**: चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर ग्राम प्रहरियों ने ग्रामीण पुलिस जन सेवा समिति के बैनर तले बुधवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ग्राम प्रहरियों ने बताया कि मांगों को लेकर सभी मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

आश्वासन के बाद भी उनकी मांगे पूरी नहीं की जा रही है। समिति के प्रदेश प्रवक्ता बाल मुकुंद त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि 15 जुलाई से दो सौ प्रहरियों की टोली चौरीचौरा से लखनऊ के लिए पैदल यात्रा शुरू की है। जो लखनऊ तक की यात्रा तय कर मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात करेगी। उन्होंने बताया कि पैदल यात्रा के दौरान प्रत्येक जिले से ग्राम प्रहरी शामिल होते रहेंगे। यात्रा के लखनऊ पहुंचने तक यह संख्या 6800 तक पहुंच जाएगी। इस दौरान जगन्नाथ यादव, राम गुलाम, चन्द्रपाल यादव, उस्मान, गोरखलाल, अनिल मौर्या, अमीरूल्लाह, राम किशुन, रामदास आदि उपस्थित रहे।

# अवर अभियंताओं को मिली धमकी, दी तहरीर

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर**: कुछ मनबढ़ों ने सिंचाई विभाग में तैनात अवर अभियंताओं को बुधवार की शाम शहर के हाइडिल तिराहे पर धमकी दी। अवर अभियंता एक दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान तीन-चार बाइक पर सवार युवक आए और गाली देते हुए धमकी देने लगे। देखते ही देखते चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। मामला ठीकेदारी के वर्चस्व से जुड़ा बताया जा रहा है। इसे लेकर अवर अभियंताओं का एक दल सदर थाने में पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। अवर अभियंताओं ने पुलिस को धमकी देने वाले युवकों का फोटो भी उपलब्ध कराया है।

थाने में पहुंचे जूनियर इंजीनियर राधेश्याम भारती, अखिलेख कुमार, श्याम सुंदर गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह, सियाराम प्रजापति, आलोक गुप्ता, अमरेश कुमार पांडेय, उमेश कुमार विश्वकर्मा, अनिल कुमार गुप्ता ने बताया है कि दस की संख्या में अज्ञात लोग आए और उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विभाग में जो भी जूनियर इंजीनियर तैनात हैं, उन्हें काम नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने कहा कि अवर अभियंताओं की तरफ से तहरीर मिली है। जांच करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



सदर थाने में तहरीर देते जाते अवर अभियंता ● जागरण

# प्रशासन ने खुलवाया मंदिर की अलमारी का ताला



**शहर के सिंघेश्वर मंदिर के गेट का ताला खोलती प्रशासन की टीम।** संवाद

**सिद्धार्थनगर**। डीएम संजीव रंजन के आदेश पर शहर के सिंहेश्वरी मंदिर में बुधवार को अलमारी का ताला खोला गया। अलमारी से 1,330 रुपये के सिक्के बरामद हुए, जिसे मंदिर के दानपात्र में डाल दिया गया।

नगर स्थित सिंहेश्वरी मंदिर में महंत के बदले जाने को लेकर विवाद था। मंदिर में पहले दिव्यांशु महराज पुजारी थे। कुछ दिन पूर्व उन्हें हटाकर आयोध्या से आए रामदास को पुजारी बनाया गया। यहां मंदिर में रखी अलमारी पर विवाद था। अलमारी को खोलने के लिए डीएम से मांग की गई। डीएम के आदेश पर बुधवार को एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव मंदिर पहुंचे।

दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के महंत रामदास नागाबाबा व अशोक शास्त्री, शिव प्रसाद दास त्यागी के सामने मंदिर का गेट खोलकर कमरे में रखी गई अलमारी खोली गई।

अलमारी से 1,330 रुपये के सिक्के बरामद किए गए। दोनों पक्षों की रजामंदी पर उसे दानपात्र में डाल दिया गया। इस दौरान सदर, शोहरतगढ़, चिल्हिया, लोटन और कपिलवस्तु थाने की पुलिस मौजूद रही। संवाद

# सोशल मीडिया पर न शेयर करें निजी जानकारी

## एसपी से रुबरु हुईं छात्राएं, कानूनी मदद के लिए पूछे सवाल





केंद्रीय विद्यालय में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। एसपी ने विद्यार्थियों को कई जानकारियां दी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** सोशल मीडिया का उपयोग अच्छा है, लेकिन अपनी निजी जानकारी उस पर कत्तई न शेयर करें। यह घातक साबित हो सकता है। आजकल सोशल मीडिया के जरिए गुमराह करके लोगों को परेशान किया जा रहा है, उन्हें जालसाजी का शिकार बनाया जा रहा है।

यह कहना है एसपी अमित कुमार आनंद का। वह मंगलवार को नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस की पाठशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में छात्राओं ने एसपी से कानूनी मदद के संबंध में कई सवाल पूछे। 125 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

एसपी ने छात्राओं को डायल 112, 1090 के बारे में जानकारी दी। एसपी ने छात्राओं को बताया कि ऐप के माध्यम से भी पुलिस की मदद ले सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस के अमरेश कुमार यादव ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार राय, आरबी मिश्र, आलोक कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, आकाश मिश्र, अर्जुन, धर्मेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम से पुलिस के प्रति साकारात्मक भाव उत्पन्न हुआ है और सही जानकारी मिली है। एसपी सर ने जो जानकारी दी, वह अच्छा लगा। **– सुभि द्विवेदी**



हमें उम्मीद नहीं थी कि जिले के पुलिस अधीक्षक से सीधे अपनी बात कर सकेंगे। उनसे सवाल जवाब कर सकेंगे। कार्यक्रम से अच्छी जानकारी मिली। **– सौम्या पांडेय**



पुलिस भी इतनी सरल होती है, यह कभी सोचा नहीं था। एसपी सर की सरलता से पता चला कि पुलिस अच्छी होती है। हम अपनी बात रख सकते हैं। **– मान्या श्रीवास्तव**



कार्यक्रम में बहुत कुछ सीखने को मिला है। इसकी जानकारी दूसरे को भी देंगे।कानून के बारे में पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी। यह काम आएगा। **– यशी श्रीवास्तव**

# दहेज हत्या का आरोपी भेजा गया जेल

**लोटन।** कोतवाली क्षेत्र के खीरीडीहा गांव में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या के आरोपी पति अतिउल्लाह को गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# धरने की सूचना से परेशान हुई पुलिस

**बांसी।** शिव नगर डिड़ई थाना क्षेत्र के एनएच-233 पर स्थित बेलगढा टोल प्लाजा पर बुधवार को धरना प्रदर्शन की सूचना पर जनपद के 11 थाने की पुलिस हलकान हुई। एक सप्ताह से सोशल मीडिया के माध्यम से लोग बेलगढ़ा टोल प्लाजा पर धरना देने की सूचना चल रही थी। प्रदर्शन में भाकियू के कुछ लोग आए, लेकिन पुलिस को देखकर वापस चले गए। डिड़ई, खेसरहा, पथरा, बांसी, गोल्हौरा, डुमरियागंज, मिश्रौलिया, कठेला, भवानीगंज, त्रिलोकपुर सहित 11 थाने की पुलिस पूरे दिन डटी रही। संवाद

# चोरी के तीन मोबाइल फोन बरामद

**डुमरियागंज।** स्थानीय थाने की पुलिस ने बुधवार को तीन दिन पहले एक घर के बरामदे से चुराए गए तीन मोबाइल फोन के साथ एक संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान नौशाद निवासी कलीखुर्द बताया। उसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया है। कोतवाल डुमरियागंज संजय कुमार मिश्र ने बताया कि पूछताछ करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# तमंचा लहराने वाला हिरासत में

**सिद्धार्थनगर।** शहर के एक पेट्रोल पंप पर तमंचा लहराते युवक का वीडियो वायरल होने के मामले में सदर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस पता कर रही है कि युवक ने तमंचा कहां से हासिल किया। शहर कोतवाल तहसीलदार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। संवाद

# मरीजों को मिलनी चाहिए बेहतर सुविधाएं : इंद्रवास सिंह

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह ने बुधवार को कहा कि अस्पताल में पहुंचने वाली सभी मरीजों को बेहतर सुविधाएं दी जानी चाहिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ व कस्तूरबा गांधी विद्यालय बर्डपुर का निरीक्षण के बाद ये बातें कहीं।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि सरकार की ओर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। मरीजों को अस्पताल में दवा व जांच की सुविधाएं दी जानी चाहिए। इसके पहले उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मिशन शक्ति फेज चार के तहत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जनसुनवाई की। दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, प्रधान सहायक तनवीर अहमद, बाल संरक्षण अधिकारी विवेक मालवीय और संजू देवी आदि मौजूद रहीं।

उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बर्डपुर का निरीक्षण किया।अध्यापकों की उपस्थिति, बच्चों के नामांकन के बारे में जानकारी ली। यहां जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेंद्र , वार्डेन शशिकला मौजूद रहीं।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ का निरीक्षण करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य इंद्रवास सिंह। संवाद

# अब किस्तों में जमा कर सकेंगे वाहनों का जुर्माना व टैक्स

## 2,400 वाहनों का जमा होना है टैक्स व जुर्माना, पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों के टैक्स जमा करने में शासन ने दी है छूट

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अगर आप व्यावसायिक वाहन के मालिक हैं और वाहन टैक्स या जुर्माना जमा करने में दिक्कत हो रही है तो आपके लिए अच्छी खबर है। पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों के टैक्स जमा करने में शासन ने बड़ी छूट दी है।

बिजली विभाग की तर्ज पर इसमें भी एकमुश्त समाधान योजना शुरू की गई है। लाभ लेने के लिए 26 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

### 2.35 करोड़ का बकाया है टैक्स व जुर्माना

एआरटीओ विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2,400 चार पहिया और उसे बड़े वाहनों पर 2.35 करोड़ रुपये टैक्स और जुर्माना बकाया है। जिसके लिए वाहन स्वामियों को पहले ही निर्देशित कर दिया गया है।

35 दिन के भीतर तीन किस्तों में धनराशि जमा कर सकते हैं। इसके लिए एआरटीओ कार्यालय में आवेदन अनिवार्य है। तभी योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

सरकार की ओर से पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों का रोड टैक्स शत प्रतिशत जमा हो सके और उन्हें जमा करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके लिए एक मुश्त समाधान योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना में एक अप्रैल 2020 या उससे पूर्व में पंजीकृत व्यावसायिक वाहन जिनका रोड टैक्स जमा नहीं हुआ है। उन्हें टैक्स जमा करने में जुर्माना पर शत प्रशित छूट देने की कवायद शुरू की है।

एआरटीओ की ओर से पकड़े गए वाहन पर लगाए गए जुर्माने में भी छूट मिलेगी। इसके लिए एक हजार रुपये आवेदन के साथ 26 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

### 35 दिनों में जमा करनी होगी धनराशि

छूट का लाभ लेने के लिए वाहन स्वामी को तीन बार में किस्त जमा करनी होगी। पहली किस्त आवेदन के 21 दिन के भीतर 50 प्रतिशत धनराशि। दूसरी किस्त 28 दिन के भीतर 25 प्रतिशत और तीसरी किस्त 25 प्रतिशत 35 दिन के भीतर जमा करना होगी।

### तीन किस्तों में कर सकते हैं जमा

आवेदन होने के बाद तीन किस्तों में पूरी धनराशि जमा करनी होगी। इसके लिए 35 दिन का समय दिया जाएगा। अवधि समाप्त होने के बाद जुर्माना राशि में छूट खत्म कर दी जाएगी। एआरटीओ एके चौबे ने बताया कि वाहनों पर लगे जुर्माने को जमा करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना शुरू है। व्यावसायिक वाहन स्वामी 26 तक आवेदन करके योजना का लाभ उठा सकते हैं।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

# एसपी व एएसपी ने नियंत्रण कक्ष व डायल-112 कार्यालय का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिला नियंत्रण कक्ष व डायल-112 कार्यालय का पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अभिलेखों/रजिस्टरों का अवलोकर कर समय-समय पर अपडेट करने हेतु तथा डायल-112 को मिलने वाली



सूचना पर पीआरवी कर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने के रिस्पांस टाइम में सुधार हेतु प्रभारी-112 को निर्देशित किया।बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से ज़िला नियंत्रण कक्ष व डायल-112 कार्यालय का निरीक्षण किया। जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त-भेजी जाने वाली सूचनाओं से संबंधित रजिस्टर सहित अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण करते हुए नियंत्रण कक्ष में नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटनाओं व अन्य प्राप्त होने वाली महत्वपूर्ण सूचनाओं को तत्काल संबंधित थानों को बताया जाय व नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त होने वाली पीड़ित की काल पर तत्काल पुलिस सेवा घटनास्थल पर पहुंचनी चाहिए। तत्पश्चात दोनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने डायल-112 कार्यालय का निरीक्षण किया। अभिलेखों-रज़िस्टरों का अवलोकर कर समय-समय पर अपडेट करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने डायल-112 को मिलने वाली सूचना पर पीआरवी कर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने के रिस्पांस टाइम में सुधार हेतु प्रभारी-112 को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी सुश्री दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रभारी -112 श्रीमती मंजू सिंह मौजूद रहीं।

## क्षेपं. सदस्य पद के पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

# एक सदस्य प्रत्याशी के अपहरण से मचा हड़कंप



उप चुनाव में दो क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों के लिए नामांकन के दौरान एक सदस्य प्रत्याशी के अपहरण की सूचना पर पहुंचे एसपी सोनम कुमार, पूर्व विधायक के प्रतिनिधि एवं अन्य लोगों से वार्ता करते एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह व सीओ अंशुमान मिश्र तथा भीड़ को रोकती पुलिस।

बाघनगर (एसएनबी)। आगामी 4 अगस्त को होने वाले उप चुनाव में दो क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों के लिए काफी गहमागहमी एवं उहापोह की स्थिति में पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। दानुकुइयां द्वितीय अनारक्षित से ममता पत्नी धीरज पांडेय निवासी तेनुहारी दोयम, श्रीदामा पांडेय पत्नी परमानंद निवासी रजापुर सरैयां तथा गुफरानी मुनीर पुत्र मुनीरुलहसन निवासी सेमरियावां ने नामांकन किया है जबकि यहां से 6 लोगों ने नामांकन पत्रों की खरीद की थी। कड़जा सम्पूर्ण आरक्षित से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के दो लोगों राम प्रकाश पुत्र बदलू तथा इंद्रावती पत्नी राजाराम ने नामांकन दाखिल किया। दो सीटें त्यागपत्र के कारण खाली हुई थीं। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी के अपहरण की सूचना पर हड़कंप मच गया। ग्राम पंचायत सदस्यों की नौ सीटों के लिए नौ लोगों ने नामांकन दाखिल किया जिनका निर्विरोध चुना जाना तय है। इसमें आठ ग्राम पंचायत सदस्यों की मृत्यु हो गई थी तथा एक सदस्य ने इस्तीफा दे दिया था। अब क्षेत्र पंचायत सदस्य के दो पदों के लिए मतदान होगा। नामांकन पत्रों की जांच बृहस्पतिवार को होगी तथा 04 अगस्त को मतदान एवं 05 अगस्त को मतगणना होगी। वहीं दुधारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पैड़ी-हनुमानगंज मार्ग पर लगभग 11.30 बजे अचानक अपहरण की सूचना पर पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान एवं थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश कुमार राय को दी गई तहरीर में सेमरियावां निवासी सलीम उस्र ने आरोप लगाया है कि सेमरियावां निवासी उसके जीजा गुफरान मुनीर पुत्र मुनीरुल हसन चौधरी लगभग साढ़े ग्यारह बजे मोटरसाइकिल द्वारा दानुकुईयां से सेमरियावां वापस आ रहे थे कि भैंसवरिया नहर की पुलिया के पास एक बिना नंबर की फार्च्यूनर गाड़ी एवं बिना नंबर की स्कार्पियो गाड़ी से अवैध असलहा के बल पर अपहरण कर लिया गया। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में तेनुहारी दोयम निवासी धीरज पांडेय एवं अन्य लगभग एक दर्जन लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया है तथा अपने जीजा की जान को खतरा जताया है। अपहृत गुफरान मुनीर सेमरियावां ब्लाक की दानुकुईयां द्वितीय के क्षेत्र पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी हैं जहां उपचुनाव हो रहा है और बुधवार को नामांकन था। अपहरण की सूचना पर थानाध्यक्ष दुधारा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की तथा लोगों से पूछताछ की। इस दौरान अपहृत व्यक्ति की बाइक सड़क के किनारे गड्ढे में बरामद हुई जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया तथा आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस दौरान सूचना पर पहुंचे एसपी सोनम कुमार, एएसपी संतोष कुमार सिंह, एडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अंशुमान समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे तथा जांचकर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। अपहरण की घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं कुछ लोग दबे मुंह इसे नामांकन प्रक्रिया से रोकने की कोशिश बता रहे हैं तो वहीं कुछ लोग इसे ड्रामा बता रहे हैं। इस संबंध में सीओ अंशुमान मिश्र ने बताया कि बीडीसी पद के प्रत्याशी के अपहरण के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बाद में अपहृत व्यक्ति को बरामद कर लिया गया है। घटना के संबंध में पूछताछ जारी है। नामांकन पत्र भी दाखिल कराया गया है। कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी के अपहरण की सूचना पर पहुंचे पूर्व खलीलाबाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने घटनास्थल समेत दानुकुइयां गांव पहुंचे तथा अपहृत प्रत्याशी के प्रस्तावक को अपने वाहन में बैठाकर नामांकन स्थल तक ले गए जहां पर प्रस्तावक ने नामांकन किया। इसके पूर्व सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जय चौबे ने पुलिस अधीक्षक, आईजी समेत एडीजी जोन एवं अन्य अधिकारियों से बातचीत की तथा सारी स्थिति से अवगत कराया जिस पर पुलिस सक्रिय हो गयी। इस दौरान पूर्व विधायक समर्थकों ने पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल भी उठाया तथा इस तरह दिन-दहाड़े अपहरण की घटना पर रोष जताया एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**नामांकन स्थल पर जुटा पूरा प्रशासनिक अमला :** उप चुनाव के लिए बने नामांकन स्थल ब्लाक मुख्यालय सेमरियावां पर जिले का पूरा प्रशासनिक अमला जुट गया। एसपी सोनम कुमार के अतिरिक्त एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ खलीलाबाद अंशुमान, सीओ धनघटा राजीव कुमार यादव, सीओ मेंहदावल अंबरीश भदौरिया, प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी सुश्री दीपांशी राठौर, थानाध्यक्ष दुधारा सर्वेश कुमार राय एवं चौकी इंचार्ज बाघनगर बाघनगर विनोद कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी तथा पुलिस फोर्स जमी रही। वहीं अपहरण की सूचना पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए व्रज वाहन समेत पीएसी भी नामांकन स्थल पर मौजूद रही।

# चोरी का सामान बरामद, दो गिरफ्तार

## चोर नकदी व जेवर लेकर फरार

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम समदा में बीती रात में एक घर में घुसे अज्ञात चोर नकदी व जेवर लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी जब पीड़ित परिवार को हुई तो उनके होश उड़ गये। दी गई तहरीर मो आजम पुत्र मो. अयूब ग्राम समदा थाना बखिरा ने कहा है कि 19/20 जुलाई की रात को अज्ञात चोर उसके घर में घुस गये। आलमारी में रखा 40 हजार ₹ नकद व पत्नी के मायके से मिला एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी पायल, एक पाँवजेब, एक जोड़ी कंगन, एक हाथपलानी, एक नथिया तथा ससुराल से मिला एक जोड़ी झाला, एक नथिया, एक मांगटीका, एक अंगूठी, एक छपका व एक जोड़ी पायल लेकर अज्ञात चोर फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। साथ ही नकदी व जेवरात को बरामद करने की गुहार लगाया है।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के अचकवापुर में बीते माह में एक इलेक्ट्रानिक्स की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को सुगर मिल गेट मोती तिराहा के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय-जेल रवाना किया। प्रभारी चौकी गोला बाजार उ.नि. हरिनरायण दीक्षित ने बताया कि 15.06.2022 को अमित कुमार सिंह पुत्र जय सिंह निवासी ग्राम सरैया थाना खलीलाबाद द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मेरी सिंह इलेक्ट्रिकल्स नामक एक दुकान अचकवापुर में है। जिसमें दुकान पर नया सामान बेचने व ग्राहकों से रिपेयरिंग हेतु प्राप्त विद्युतीय उपकरण पंखा, मोटर, मशीन, आर्मेचर आदि का कार्य करता है। ग्राहक के रिपेयर हुए उपकरण दुकान के छत पर रखता था। दुकान के छत पर से करीब सीलिंग पंखा 55 पीस, स्टैण्ट पंखा 05 पीस, मोटर 06 पीस, आर्मेचर 20 पीस, हैमर मशीन 1, कटर मशीन 6 पीस इत्यादि अन्य सामान मुहल्ला अचकवापुर पर रखा गया था जिसे मेरी दुकान की छत से दिनांक 7, 8, 9/04/2022 को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया है। जब चोरी की जानकारी हुई तो वह अपने स्तर से मुहल्ले व अन्य जगहों पर पूछताछ किया, तो पता चला कि मुहल्ला अचकवापुर के निवासी राजन पुत्र विनोद, सुनील पुत्र त्रिलोकी व अन्य अज्ञात लोगों द्वारा सामान चोरी किया गया है। इस सूचना पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को हमराही हे.कां. पंकज यादव, कां. रंगप्रिय गौतम, कां. विनोद मौर्य के साथ समय 12.30 बजे मुखबिर की सूचना पर सुगर मिल गेट मोती तिराहा से दो अभियुक्तों राजन पुत्र विनोद कुमार तथा सुनील पुत्र त्रिलोकीनाथ निवासीगण मड़या अचकवापुर थाना कोतवाली खलीलाबाद को सुगरमिल गेट मोती तिराहा से गिरफ्तार कर लय रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि अधिकतम सामान पहले ही एक बिहारी व्यक्ति जो यहीं मोती चौराहा पर ठेला लेकर चलता था और कबाड़ खरीदता था उसे बेच दिये थे। अब वह यहां नहीं दिखता है और कहीं चला गया है। शेष बचा सामान बेचने हम लोग ले जा रहे थे तभी पकड़े लिए गए।

# रूट डायवर्जन : 26 तक प्रभावी

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** श्रावण मास व बस्ती स्थित भदेश्वरनाथ शिवमंदिर पर जलाभिषेक व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत संतकबीरनगर जिले में रूट डायवर्जन किया गया। यह रूट डायवर्जन दिनांक 23.07.2022 की रात्रि से दिनांक 26.07.2022 तक प्रभावी रहेगा। पुलिस अधीक्षक के मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्रावण मास व बस्ती स्थित भदेश्वरनाथ शिवमंदिर पर जलाभिषेक व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत निम्नवत रूट डायवर्जन किया गया है। जनपद गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहन दुर्गा मन्दिर मगहर से घघसरा, बखिरा, बांसी (सिद्धार्थनगर) होते हुए अपने-अपने गंतव्य को जाएंगे। सोनी होटल खलीलाबाद से मेंहदावल बाईपास चौराहा, बखिरा, बांसी (सिद्धार्थनगर) होते हुए अपने-अपने गंतव्य को जाएंगे। धनघटा की तरफ से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहन धनघटा से अंबेरडकरनगर होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे। खलीलाबाद से लखनऊ जाने हेतु रुट पर खलीलाबाद-मेंहदावल बाईपास से बखिरा से बांसी, इटवा, ढेबरुआ, बढ़नी जनपद सिद्धार्थनगर के रास्ते बलरामपुर, गोंडा होते हुए अपने गंतव्य को रवाना होंगे। खलीलाबाद मेंहदावल बाईपास से बखिरा से बांसी, जोगिया उदयपुर, सनई चौराहा, चिल्हिया, सोहरतगढ़, ढेबरुआ, बढ़नी जनपद सिद्धार्थनगर के रास्ते बलरामपुर, गोंडा होते हुए अपने गंतव्य को रवाना होंगे। यह रुट डायवर्जन दिनांक 23.07.2022 की रात्रि से दिनांक 26.07.2022 तक प्रभावी रहेगा।

# शांतिभंग में 11 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। धनघटा पुलिस ने नौ, बखिरा पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# 65 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को 65 वाहनों का चालान किया। इनसे 48 हजार 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल की। यातायात पुलिस के साथ ही सभी थानों की पुलिस ने एक साथ अभियान चलाया।

# पीआरवी टीम ने विवाद को कराया शांत

संतकबीरनगर। पीआरवी 1487 को थाना दुधारा क्षेत्र के हटवा से कालर ने मारपीट व विवाद की सूचना दिया। सूचना पर पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। पहले विवाद को शांत कराया उसके बाद घायल कोईल , दिनेश पुत्र पंचम निवासी हटवा को एंबुलेंश के जरिए सीएचसी सेमरियावां पहुंचाया।

# वाहन की चपेट में आने से होमगार्ड घायल

**हादसा**

- खलीलाबाद कोतवाली के भुवरिया चौराहे पर हुआ हादसा
- कोतवाली खलीलाबाद में साइकिल से ड्यूटी करने जा रहे थे

कांटे, हिन्दुस्तान संवाद। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भुवरिया चौराहे के पास बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक होमगार्ड सड़क हादसे में घायल हो गया। दुर्घटना के समय वह ड्यूटी पर जा रहा था।

स्थानीय लोगों की मदद से उसे एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

दुधारा थाना क्षेत्र के रजापुर सरैया गांव निवासी राम रतन (55) पुत्र भगवानदीन होमगार्ड हैं। वर्तमान में उनकी ड्यूटी कोतवाली खलीलाबाद में लगी है। वे बुधवार की सुबह ड्यूटी करने के लिए वह अपनी साईकिल से जा रहे थे। भुवरिया के निकट पहुंचे थे। इसी दौरान बस्ती से गोरखपुर की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में होमगार्ड को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां उनको डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख मेडिकल कालेज भेज दिया, लेकिन वहां भी बिगड़ती हालत देख डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया।

# 112 पर आई प्रत्येक कॉल पर त्वरित एक्शन लें : एसपी



डायट 112 कार्यालय का बुधवार को एसपी सोनम कुमार और एएसपी संतोष कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। ● हिन्दुस्तान

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** एसपी सोनम कुमार और एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को ज़िला नियंत्रण कक्ष व डायल 112 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने प्रत्येक कॉल पर त्वरित एक्सन लेने का निर्देश दिया।

एसपी ने जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त और भेजी जाने वाली सूचनाओं से संबंधित रजिस्टर सहित अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण किया। नियंत्रण कक्ष में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटनाओं व अन्य प्राप्त होने वाली महत्वपूर्ण सूचनाओं को तत्काल संबंधित थानों को बताया जाय। नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त होने वाली पीड़ित की कॉल पर तत्काल पुलिस सेवा घटनास्थल पर पहुंचनी चाहिए। इसके बाद एसपी ने डायल-112 कार्यालय का निरीक्षण किया। अभिलेखों, रजिस्टरों का अवलोकन कर समय-समय पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया।

# 30 लीटर अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने 30 लीटर अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया। महुली पुलिस ने 20 और बेलहर पुलिस ने 10 लीटर अवैध शराब बरामद किया। महुली पुलिस ने संदीप कुमार निवासी तरैनी को 10 लीटर व आशुतोष को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# धान की फसल जोत कर कब्जा करने का आरोप

बेलहर। दुधारा थाना क्षेत्र के परासी गनवरिया निवासी सज्जाद पुत्र मोहम्मद रजा ने डिघवा गांव निवासी कुछ लोगों पर जबरन धान की फसल को जोतकर अपने खेत में मिला लेने का आरोप लगाया है।

पीड़ित सज्जाद ने एसडीएम मेंहदावल को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि अपने खेत अराजी मौजा धवरिया तप्पा उजियार का संक्रमणीय भूमिधर है। उसका खेत अगल-बगल के काश्तकारों द्वारा सिम्स कर दिया गया था। जिस पर उसने एसडीएम न्यायालय में धारा 24 के अंतर्गत वाद दाखिल कर दिया था। बीते 6 जून को पत्थर नजर की कार्यवाही पूरी की गई। चारों कोनों पर पत्थरों के बीच उसने मेड़ बांधकर धान की फसल की रोपाई कर दिया था। रोपाई के लगभग 10 दिन बाद 18 जुलाई को ज्ञात हुआ कि उसके खेत को कुछ दबंग एवं मनबढ़ नीरज, पंकज, दीपू, श्रीराम साकिन डिघवा थाना दुधारा द्वारा जोत लिया गया है। अपने खेत में गया तो देखा कि विपक्षियों द्वारा बिना किसी आदेश के उसके खेत को जोतकर अपने में मिला लिया है। जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी मेंहदावल से मामले में विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाही करने की मांग की है।

# बिजली की दुकान में चोरी करने वाले चोरों को दबोचा

**सफलता**

**15** जून को सरैया में हुई थी चोरी की घटना

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने 15 जून को शहर के सरैया स्थित बिजली की दुकान में हुई चोरी की घटना का पर्दाफास किया। घटना में शामिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी हुआ सामान भी बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हे जेल रवाना कर दिया गया है।

15 जून को कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में सरैया निवासी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सिंह इलेक्ट्रिकल्स नाम से अचकवापुर में एक दुकान है। ग्राहक के रिपेयर हुए उपकरण दुकान के छत पर रखता था। उसके दुकान के छत पर से करीब सीलिंग पंखा 55 पीस, स्टैण्ट पंखा पांच पीस, मोटर छह पीस, आर्मेचर 20 पीस, हैमर मशीन एक, कटर मशीन छह पीस इत्यादि अन्य सामान मुहल्ला अचकवापुर पर रखा गया था। जिसे मेरी दुकान की छत से 7, 8, 9 अप्रैल. को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया। उन्हें जब चोरी की जानकारी हुई तो मुहल्ले व अन्य स्तर पर पता किया। पता चला कि मुहल्ला अचकवापुर निवासी राजन , सुनील व अन्य अज्ञात लोगों ने सामान चोरी किया है।

सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को सुगर मिल गेट मोती तिराहा अभियुक्त राजन , सुनील निवासीगण मड़वा अचकवापुर को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक हैमर मशीन, तीन आर्मेचर, दो ड्रिल मशीन बरामद हुई।

# घर में घुसे चोर नकदी व जेवर लेकर हुए फरार

- बखिरा के समदा गांव का मामला
- 40 हजार नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम समदा में मंगलवार की रात में एक घर में घुसे चोर नकदी व जेवर लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी जब पीड़ित परिवार को हुई तो उनके होश उड़ गये। 40 हजार की नकदी व लाखों का जेवर चोरी हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना बखिरा के ग्राम समदा निवासी मो. आजम पुत्र मो. अयूब ने दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार की रात को चोर उसके घर में घुस गए। आलमारी में रखा 40 हज़ार नकद व पत्नी के मायके से मिला एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी पायल, एक पावजेब, एक जोड़ी कंगन, एक हाथपलानी, एक नथिया तथा ससुराल से मिला एक जोड़ी झाला, एक नथिया, एक मांग टीका, एक अंगूठी, एक छपका व एक जोड़ी पायल लेकर चोर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। साथ ही नकदी व जेवरात को बरामद करने की गुहार लगाई है।

उप चुनावः ग्राम पंचायत सदस्य के 29 पद के लिए 29 ने किया नामांकन, सभी सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन

# बीडीसी के दो पद के लिए पांच ने किया नामांकन

**नामांकन**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त 29 पद और क्षेत्र पंचायत सदस्य के दो पद के लिए हो रहे उप चुनाव में बुधवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई। क्षेत्र पंचायत की दोनों सीटों को मिलाकर कुल पांच ने नामांकन किया। वहीं ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 29 ने नामांकन किया है। लगभग सभी सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है।

एडीओ केडी पांडेय ने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य के दो पद सेमरियावां ब्लाक में रिक्त थे। इसके अलावा ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त 29 पदों के सापेक्ष 29 ने नामांकन किया। इसमें खलीलाबाद ब्लाक में पांच पद रिक्त थे, इसमें चार नामांकन हुआ है। भटपार के वार्ड नंबर आठ के लिए कोई नामांकन नहीं किया। पौली रिक्त एक पद पर एक नामांकन, सांथा के एक पद पर एक नामांकन, बघौली के एक पद पर एक नामांकन हुआ है। सेमरियावां के नौ पद पर नौ नामांकन, हैंसर के सात पर सात नामांकन, बेलहर के दो पद पर दो ने नामांकन किया है। मेंहदावल के तीन पद पर चार ने नामांकन किया है।

वहीं तप्पा उजिार का सबसे प्रसिद्ध व मुस्लिम बाहुल्य गांव दानोंकुइयां में क्षेत्र पंचायत सदस्य का उपचुनाव होना था। इस गांव में सैकड़ों परिवार सम्पन्न किस्म के लोग निवास करते हैं। परिवार आधार पर एक दर्जन से अधिक लोगों का क्षेत्र में वर्चस्व है।

राजनीतिक रुप से क्षेत्र में हैसियत रखते है। इस के बाद भी इस गांव से एक भी लोग ने नामांकन नही किया। राजनैतिक गांव से एक भी नामान न होने लोगों को हजम नही हो रहा है। दूसरे गांव के लोग इस गांव के लोग को कोस रहे हैं।



उपचुनाव के दौरान ब्लॉक पर पहुंचे एएसपी। • हिन्दुस्तान

# प्रत्याशी के अपहरण से हलकान हुई पुलिस

लोहरौली, हिन्दुस्तान संवाद। सेमरियावां ब्लॉक के दो क्षेत्र पंचायत व नौ ग्राम पंचायत सदस्य का उप चुनाव का नामांकन था। नामांकन के पहले एक प्रत्याशी के रिश्तेदार ने प्रत्याशी के अपहरण की सूचना पुलिस को दी।

अपहरण की खबर सुनकर पुलिस प्रशासन हलकान रहा। बाद में पूर्व विधायक के दखल देने के बाद प्रस्तावक ने नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की। वहीं सीओ खलीलाबाद का कहना है कि अपहृत बरामद कर लिया गया है। सेमरियावां निवासी सलीम उमर ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में लिखा है कि मेरे जीजा गुफरान मुनीर वार्ड संख्या 24 दानोकुइया द्वितीय से नामांकन करना चाह रहे थे। दानोकुइया से लौटते समय करीब 11.30 बजे वाहनों से सवार असलहे लैस बदमाशों ने घेर लिया। सलीम उमर का आरोप है कि बदमाशों ने मेरे जीजा का अपहरण कर लिया।

पुलिस को दिए शिकायत में लिखा है कि अपहरणकर्ता कहीं मेरे जीजा की हत्या न करा दें। सलीम की शिकायत पर पुलिस प्रशासन दिन भी हलकान रहा। ब्लॉक परिसर व चौराहे पर एसपी सोनम कुमार, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ मेंहदावल अम्बरीष भदौरिया, सीओ अंशुमान सिंह सहित दो थाने की पुलिस जमी रही। ब्लाक परिसर छावनी बना रहा। हर तरफ पुलिस ही दिख रही था। अपहरण की खबर किसी ने पूर्व विधायक दिग्विजय नाथ चौबे उर्फ जय चौबे को दिया। मौके पर पूर्व विधायक भी पहुंच गए। विधायक के हस्तक्षेप के बाद अपहृत प्रत्याशी गुफरान मुनीर का नामांकन पत्र दाखिल हुआ।

> नामांकन करने जा रहे प्रत्याशी के अपहरण की सूचना मिली थी। बाद में उक्त मिल गया। जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अंशुमान मिश्र, सीओ खलीलाबाद

## दो नामजद व एक दर्जन अज्ञात पर केस

सेमरियावां। क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी मुनीरुल हसन चौधरी के अपहरण के आरोप में पुलिस ने दो नामजद व एक दर्जन अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। थाना महुली क्षेत्र के पुलिस ने बुधवार को एक अदद नाजायज चाकू के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान रामू शर्मा पुत्र जनार्दन प्रसाद निवासी अमरडोभा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती के रूप में हुई। उसे भोगीपुर मोड़ के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया। मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया।

# क्षेपंस के रिक्त दो पदों के लिए पांच नामांकन

- ग्रापंस के 29 रिक्त पदों के लिए जमा किए गए 29 नामांकन पत्र
- नामांकन पत्रों की आज की जाएगी जांच

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : सेमरियावां ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त दो पदों के लिए बुधवार को पांच लोगों ने पर्चा दाखिल किया, जबकि ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त 29 पदों के लिए 29 नामांकन पत्र जमा किए गए। नामांकन पत्रों की जांच गुरुवार को सुबह दस बजे से होगी।

जनपद के सेमरियावां ब्लाक में क्षेत्र पंचायत सदस्य के दो पद रिक्त हैं। इस पद के लिए बुधवार को वार्ड नंबर-18 कड़जा संपूर्ण (अनुसूचित जाति) के लिए राम प्रकाश व इंद्राजी ने तथा वार्ड नंबर 24 दानोकुइयां द्वितीय (अनारक्षित) के लिए ममता, बदामा देवी व गुफरान मुनीर ने पर्चा जमा किया है। खलीलाबाद ब्लाक की ग्राम पंचायत में सदस्य के रिक्त पांच पदों के लिए केवल चार पर्चे जमा हुए।



सैमरियावां ब्लाक में चल रहे नामांकन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र • जागरण

वार्ड नंबर-आठ भाटपार में किसी ने नामांकन नहीं किया। वहीं पौली, सांथा व बघौली में एक-एक रिक्त पद की जगह एक-एक, सेमरियावां में नौ की जगह नौ, हैंसर बाजार में सात की जगह सात, बेलहरकला में दो की जगह दो तथा मेंहदावल ब्लाक में ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त तीन पदों के लिए चार लोगों ने नामांकन किया।

मेंहदावल ब्लाक के वार्ड नंबर आठ कुड़वा से ग्राम पंचायत सदस्य के एक रिक्त पद के लिए दो लोगों ने नामांकन किया है। पर्चा वापसी 22 जुलाई को सुबह दस बजे से दोपहर के तीन बजे तक तथा इसके बाद चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। चार अगस्त को सुबह सात बजे से शाम के पांच बजे तक मतदान तथा पांच अगस्त को सुबह आठ बजे से कार्य की समाप्ति तक मतों की गिनती की जाएगी।

## सेमरियावां में नामांकन करने वाले के अपहरण का आरोप

जनपद के सबसे बड़े ब्लाक सेमरियावां में बीडीसी की दो सीटें रिक्त होने के चलते गहमा-गहमी अधिक है। बुधवार को सेमरियावां के सलीम उमर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि नामांकन करने वाले उनके जीजा गुफरान मुनीर का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। इस सूचना पर पुलिस हरकत मे आ गई। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र मौके पर पहुंच गए। जांच में पता चला कि दानोकुइयां के बीडीसी के लिए कुछ लोगों ने पर्चा खरीदा था। दिन में एक बजे तक ममता पांडेय का ही पर्चा दाखिल हो पाया था। तभी कुछ लोग यह कहते हुए विरोध करने लगे कि एक पक्ष अन्य को पर्चा दाखिल नहीं करने दे रहा है। इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई। कुछ राजनीतिक दलों के नेता भी सक्रिय हो गए। बाद में इस सीट से तीन लोगों का पर्चा दाखिल हुआ।

# अतिक्रमण से सिकुड़ी मेंहदावल की सड़कें

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल कस्बे की सड़कों पर अतिक्रमण है। यहां जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। आए दिन जाम लगने से मारपीट व कहासुनी तक की घटनाएं सामने आती हैं। उसके बाद भी अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। कस्बे में तीन किमी लंबी सड़क को पार करने में काफी समय लग जाता है।



मेंहदावल कस्बे मे जाम मे फंसे लोग • जागरण

मेंहदावल के चौक बाजार, ठाकुरद्वारा व सब्जी मंडी में हर दिन जाम लग रहा है। सड़क की पटरियों पर ठेला व छोटे कारोबारियों का कब्जा है। इससे सड़क काफी कम बचती है। कस्बे से गुजरने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन अक्सर जाम में फंस जाते हैं। पैदल यात्रियों तक को सड़क पार करने में परेशानी होती है। स्थानीय दुकानदार भी जाम की समस्या से काफी प्रभावित हैं। उनका कहना है कि जाम के कारण ग्राहक कस्बे में कम आते हैं। जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने कस्बे में सुबह से शाम तक चार पहिया वाहनों की इंट्री रोकने की मांग की है। मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने कहा कि मेंहदावल कस्बे में बीट के सिपाही अक्सर मौजूद रहते हैं। जहां भी जाम की समस्या होती है वहां तत्काल जाम को समाप्त कराया जाता है। प्रशासन के साथ तालमेल करते हुए जल्द ही पटरियों पर कब्जा किए हुए लोगों को हटाया जाएगा।

# आमरण अनशन की चेतावनी

बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा थाना के भगवानपुर गांव निवासी चंद्रशेखर नायक ने समस्याओं के निस्तारण न होने पर गुरुवार से गांव के विद्यालय पर आमरण करने की चेतावनी दी है। उन्होंने डीएम, एसपी, एसडीएम को दिये गये प्रार्थना पत्र में यह उल्लेख किया है कि उन्होंने गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हुए घोटाले, खाद गड्ढा, खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा सहित अन्य मामलों के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसका निस्तारण नहीं किया गया। (जासं)

# सूचना मिलने पर संबंधित थानों को भी दें जानकारी : एसपी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : एसपी सोनम कुमार ने बुधवार को जिला नियंत्रण कक्ष व डायल 112 कार्यालय का निरीक्षण किया। नियंत्रण कक्ष के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटनाओं व गंभीर मामलों में मिलने वाली सूचनाओं को तत्काल संबंधित थानों को बताया जाना चाहिए। इसमें लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने कहा कि पीड़ित के फोन पर तत्काल पुलिस को मदद करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने यूपी 112 के दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों के फिटनेस की जानकारी लेने के साथ ही तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता का भी मूल्यांकन किया। चार पहिया वाहनों में उन्होंने सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने व यूपी 112 की गाड़ियों में टैबलेट के बेहतर रखरखाव के लिए निर्देश दिया। साफ-सफाई व्यवस्था देखकर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्यालय बाहर और अंदर व्यवस्थित तरीके से दिखना चाहिए। डायल 112 के पुलिसकर्मी सड़क पर मौजूद रहें, आम जनता में सुरक्षा का अहसास हो। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रभारी 112 मंजू सिंह आदि मौजूद रहीं।



डायल 112 कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी सोनम कुमार और एएसपी संतोष कुमार सिंह • जागरण

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर : खलीलाबाद के अचकवापुर मोहल्ले में 15 जून को दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है।

गोला बाजार चौकी के प्रभारी ह्दय नारायण दीक्षित ने बताया कि अमित कुमार सिंह निवासी ग्राम सरैया की अचकवापुर में दुकान है। चोर दुकान का ताला तोड़कर सामान को उठा ले गए थे। बुधवार को मोती तिराहे से दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो चोरी की घटना के बारे में पता चला। दोनों की पहचान राजन कुमार व सुनील कुमार निवासीगण मड़या, कोतवाली खलीलाबाद के रूप में हुई।

# पति समेत छह लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई, पीड़ित पिता ने विवाहित बेटी की हत्या का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंकने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को पति समेत छह लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की है।

गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट क्षेत्र के गौरडीह गांव निवासी मेघनाथ का कहना है कि बेटी वंदना की शादी कोतवाली क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी हरिप्रसाद के साथ वर्ष 2003 में की थी। बेटी की विदाई वर्ष 2009 में हुई थी। आरोप है बेटी जब ससुराल गई तो पति हरिप्रसाद, जेठ राजेश व गुड्डू, देवर प्रदीप, जेठानी गीता आदि दहेज के लिए उत्पीड़न करने लगीं।

उन्होंने आरोप लगाया कि दहेज में 50 हजार नकद और बाइक की मांग की जाने लगी। बेटी ने इस बात की सूचना दी। उन्होंने बेटी के ससुराल जाकर मामला शांत कराया। बाद में बेटी ने बेटे को जन्म दिया।

आरोप है कि 31 दिसंबर 2013 को बेटी को घर से निकाल दिया। बेटी ने गोरखपुर में दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सुलह कराकर बेटी को ले गए। आरोप लगाया कि 18 मार्च 2022 को बेटी की हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिया। थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। एसपी को भी रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थनापत्र भेजा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन न्यायालय की शरण में जाना पड़ा।

कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि इस मामले में पति हरि प्रसाद, राजेश, गुड्डू, प्रदीप समेत छह लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है।

### छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संतकबीरनगर। विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने बुधवार को एक किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में केस दर्ज करने का आदेश दिया है। बखिरा क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित मां ने न्यायालय में आवेदनपत्र देकर आरोप लगाया था कि पांच मई की रात नौ बजे 14 वर्षीय बेटी घर में सो रही थी। उसी दौरान आरोपी युवक बेटी का पैर पकड़ कर खींच रहा था। बेटी की नींद खुल गई। इससे आरोपी भागने लगा। भागते समय आरोपी गिरकर घायल हो गया। अगल-बगल के लोगों के सहयोग से आरोपी को पकड़ लिया गया। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर दी गई। रात करीब दस बजे पुलिस आरोपी को पकड़ कर ले गई। दूसरे दिन बखिरा पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसपी को डाक से प्रार्थनापत्र भेजा गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने का बखिरा एसओ को आदेश दिया है। संवाद

# सूचना का समय से हो आदान-प्रदान : एसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने बुधवार को जिला नियंत्रण कक्ष और डायल 112 के कार्यालय का निरीक्षण किया। जिला नियंत्रण कक्ष में सूचना संबंधित रजिस्टर और अन्य पत्रावलियों को देखा। सूचनाओं का आदान-प्रदान समय से करने के निर्देश दिए।

एसपी सोनम कुमार ने कहा कि पीड़ित के फोन पर पुलिसकर्मियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचना चाहिए। डायल112 कार्यालय में रजिस्टर दुरुस्त नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की।

इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ दीपांशी राठौर, आरआई रजनीकांत ओझा, प्रभारी 112 नंबर मंजू सिंह मौजूद रहीं।

# बीडीसी सदस्य पद के दावेदार का अपहरण, मुकदमा दर्ज

## छह घंटे के भीतर पुलिस टीम ने बस्ती के बड़ेवन से अपहृत को खोज निकाला

संवाद न्यूज एजेंसी

**सेमरियावां/संतकबीरनगर।** सेमरियावां निवासी एवं दानोकुइयां से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के दावेदार का बुधवार को कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने छह घंटे के भीतर अपहृत व्यक्ति को बस्ती के बड़ेवन के पास से खोज निकाला। अपहृत के साले ने दो नामजद समेत एक दर्जन अज्ञात लोगों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।

सेमरियावां निवासी सलीम उमर का आरोप है कि गांव के रहने वाले उसके बहनोई और दानोकुइयां द्वितीय से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के उप चुनाव में दावेदार गुफरान मुनीर बुधवार को बाइक से दानोकुइयां गांव गए थे।

सुबह 11:30 बजे वह सेमरियावां लौट रहे थे। भैंसवरियां नहर की पुलिया के पास सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट की दो गाड़ियों में सवार लोगों ने गुफरान को रोक लिया। इसके बाद असलहाधारी लोगों ने गुफरान का अपहरण कर लिया। उसने गुफरान का अपहरण करने का आरोप तेनुहारी दोयम निवासी धीरज पांडेय और सरैया निवासी चंदन पांडेय समेत एक दर्जन अज्ञात लोगों पर लगाया है।



बीडीसी सदस्य के अपहरण के बाद सरयू नहर पुल पर पूछताछ करते एसओ। संवाद

### दावेदार का अपहरण होने पर प्रस्तावक ने भरा पर्चा

दानोकुइयां द्वितीय बीडीसी सदस्य अनारक्षित सीट के दावेदार गुफरान मुनीर के अपहरण की सूचना से हड़कंप मच गया। गुफरान मुनीर के प्रस्तावक व अन्य दावेदार भयभीत हो गए। कोई पर्चा दाखिल नहीं करने गया। पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चतुर्वेदी उर्फ जय चौबे सूचना पर मौके पर पहुंचे। डीएम, एडीएम, एसपी से वार्ता की। पूर्व विधायक ने गुफरान मुनीर के प्रस्तावक व दानोकुइयां निवासी अब्दुल खलीक को ब्लॉक ले जाकर पर्चा दाखिल कराया।

*गुरफान मुनीर के अपहरण की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने बस्ती के बड़ेवन के पास से अपहृत को खोज निकाला। पूछताछ में अपहृत युवक इधर-उधर की बातें कर रहा है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

**- सोनम कुमार, एसपी**

क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के दावेदार के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। एसपी ने पुलिस व एसओजी टीम को तत्काल मौके पर भेजा। एसओ सर्वेश राय ने बताया कि पीड़ित के भाई फहीम ने दिन में एक बजे मोबाइल फोन पर अपहरण की सूचना दी थी। उसके बाद पीड़ित के साले सलीम उमर ने शाम चार बजे तहरीर दी।

एसओ के मुताबिक सूचना के छह घंटे के भीतर बस्ती के बड़ेवन से अपहृत गुरफान मुनीर को खोज लिया गया। पूछताछ में गुरफान मुनीर ने बताया कि वह प्रस्तावक तय करने के लिए दानोकुइयां गांव गया था। लौटते वक्त साइकिल सवार मिला। उसने बताया कि दो गाड़ियों में सवार असलहाधारी कुछ लोग उसे मारने के लिए खोज रहे हैं। इसलिए वह एक स्कार्पियो में बैठकर बस्ती चला गया था।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

# शांतिभंग की आशंका में आधा दर्जन पर चालान

धानेपुर। पुलिस ने अलग-अलग गांवों के आधा दर्जन लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के रुद्रगढ़ नौसी निवासी मोहम्मद रफीक, बुचियापुर निवासी सत्य नाथ वर्मा, विनोद कुमार, कृपाराम वर्मा, ठठेरी मोहल्ले संतोष कुमार व सुशील कुमार को पुलिस टीमों ने गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

# मुहर्रम को लेकर बैठक आयोजित

**संसू, मनकापुर** : बुधवार को कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय तलवार की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें ताजिया की साइज दस फीट से ज्यादा न होने की बात कही गई। ताजियादारों से राय लेकर उसके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर तनवीर खान उर्फ सोनू,तबारक अली,मुहम्मद यासीन खां,रहमत उल्ला,ताहिर हुसैन मौजूद रहे।

# पंपिंग सेट चोरी करके ले जा रहे चोर पकड़े गए

**संसू, मसकनवा (गोंडा)** : पंपिंग सेट चोरी कर ले जा रहे चार चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के खिलाफ मुकदमा किया है। बस्ती के गौरा पांडेय गांव निवासी नागेंद्र कुमार पांडेय का छपिया के धर्मदासपुर गांव में खेत है। यहां खेत में लगे पंपिंग सेट को चुराकर टेंपो में लादते समय ग्रामीणों ने घेर लिया। पूछताछ की तो मामला चोरी का निकला।पकड़े गए लोगों की जानकारी पुलिस को दी गई।

# पंपिंग सेट चुराते चार बदमाश धरे

मसकनवा (गोंडा)। खेत में लगे पंपिंग सेट को चोरी कर टेंपो पर लादकर ले जा रहे चार लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

बस्ती जिले के परशुरामपुर के गौरा पांडेय गांव निवासी नागेंद्र कुमार पांडेय का छपिया के धर्मदासपुर में खेत है। जहां लगा पंपिंग सेट चोरी हो गया था। चोर उसे टेंपो में लादकर छपिया बाजार जा रहे थे। तभी सूचना पाकर नागेंद्र व उनके परिजनों ने स्वामी नारायण छपिया मंदिर के पास टेंपो रोक लिया। मौके पर छपिया पुलिस ने अशोक वर्मा, दिनेश वर्मा निवासी गड़हा ककरहिया, अरविंद निवासी परसहिया मवई, लालबाबू निवासी अगयामाफी को दबोचकर चोरी का पंपिग सेट बरामद कर लिया। संवाद

# दंपती हत्याकांड में एक और आरोपी की तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। बेलभरिया गांव के रहने वाले बुजुर्ग दंपती की हत्या में नया मोड़ आ गया है। इटियाथोक पुलिस को तफ्तीश के दौरान अहम सुराग मिला है। जिसके आधार पर हत्या में शामिल एक और आरोपी प्रकाश में आया है। अब पूरी पड़ताल करके पुलिस साक्ष्य एकत्र करने में जुटी है। इस दोहरे हत्याकांड की मॉनीटरिंग कर रहे डीआईजी ने जल्द सच्चाई उजागर होने की बात कही है।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के बेलभरिया गांव निवासी बीडीसी सदस्य नासिर के पिता जाकिर मोहम्मद (75) व मां ननका (70) की 12 जुलाई की देर रात घर से डेढ़ सौ मीटर दूर स्थित मड़हे में सोते समय भारी चीज से हमला करके हत्या कर दी गई थी। दूसरे दिन सुबह पड़ोस की रहने वाली एक महिला ने दोनों को बिस्तर पर मृत पड़े देख शोर मचाया तो लोगों को दोहरे हत्याकांड का पता चला। मामले में जाकिर मोहम्मद के बेटे नासिर की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। पुलिस को पता चला कि जाकिर के परिवार की इसी गांव के रहने वाले मोहम्मद इसरार उर्फ कल्लू से दुष्कर्म के एक मुकदमे को लेकर वर्ष 2014 से रंजिश चल रही है। वर्ष 2014 से मोहम्मद इसरार उर्फ कल्लू के अंदर बदले की आग सुलग रही थी।

## विवेचना की मॉनीटरिंग कर रहे डीआईजी बोले- जल्द सामने आएगी सच्चाई

पुलिस ने दावा किया कि इसी को लेकर कल्लू ने साथी व इसी गांव के रहने वाले शौकत अली संग मिलकर जाकिर मोहम्मद व ननका की हत्या की साजिश रची। 12 जुलाई की रात दोनों आरोपी चारपाई की पाटी लेकर मड़हे में पहुंचे और कई वार करके जाकिर मोहम्मद व ननका की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार भी कर लिया। सवाल ये उठा कि आरोपियों की मुकदमे को लेकर रंजिश तो नासिर से थी, फिर उसके मां-बाप की हत्या भला क्यों कर दी। ये बात किसी के गले नहीं उतर रही थी। हालांकि पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के बाद भी मुकदमे की तफ्तीश कर रही है। डीआईजी रेंज उपेंद्र अग्रवाल खुद इस दोहरे हत्याकांड की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वारदात को लेकर कुछ अहम सुराग मिले हैं। एक आरोपी का नाम भी प्रकाश में आया है। छानबीन करके जल्द सच्चाई उजागर की जाएगी।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

हिन्दु

# चौपाल में शिकायतों का निस्तारण होगा

बलरामपुर। समस्याओं एवं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए अब अधिकारी गांव में चौपाल लगाएंगे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूर्व में प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई, उनके निस्तारण आदि के बारे में अधिकारी जानकारी प्राप्त करेंगे।

डीएम श्रुति ने बताया कि सभी तहसीलों में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। जिन गांवों से आईजीआरएस पोर्टल पर अधिक शिकायतें आ रही हैं, उन गांवों में एसडीएम स्वयं जाकर चौपाल लगाएंगे। डीएम ने तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पंचायत सचिव आदि की तिथिवार ड्यूटी लगाई है। अधिकारी स्थलीय भ्रमण कर प्राप्त शिकायतों का निरीक्षण करेंगे। शिकायतकर्ता जांच की कार्यवाई व निस्तारण से सन्तुष्ट है या नहीं यह भी देखेंगे। यदि प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है या अन्य कारणों से निस्तारण होने योग्य नहीं है तो आवेदक को अवगत कराकर संतुष्ट कराने का प्रयास करेंगे।

हिन्दुस्तान

# पुलिस कर्मी फरियादियों से करें मित्रवत व्यवहार

बलरामपुर, संवाददाता । जिले में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक ने थाना कोतवाली जरवा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस टीम को पीड़ितों से मित्रवत व्यवहार करने की नसीहत दी।

बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार जनपद भ्रमण पर पहुंचे थे। उन्होंने थाना कोतवाली जरवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कक्ष, कार्यालय के अभिलेख, माल खाना, साइबर हेल्प डेस्क तथा थाना परिसर का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परिसर में हमेशा साफ-सफाई रहनी चाहिए। पीड़ितों से मित्रवत व्यवहार करें। बीट सिपाहियों को

- एडीजी ने किया थाना कोतवाली जरवा का वार्षिक निरीक्षण
- जरवा क्षेत्र के इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गांव में गोष्ठी की

निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में हमेशा बने रहे। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर नजर बनाए रखें। उन्होंने जरवा क्षेत्र के इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गांव में गोष्ठी की। उन्होंने ग्राम प्रहरीयों, ग्राम प्रधान के साथ गोष्ठी में कहा कि ऑपरेशन कवच के दृष्टिगत कार्रवाई में पुलिस की मदद करें। उन्होंने बॉर्डर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए वहां के लोगों से वार्ता की। श्री कुमार ने एनसीसी छात्रों के साथ वार्ता करके उन्हें देश व



भारत नेपाल बॉर्डर पर बुधवार को निरीक्षण करते अपर पुलिस महानिदेशक

जिले की रक्षा के लिए तैयार रहने की बात कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह के साथ एसएसबी जवान मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता में अखिल बोले कि सरकार गरीबों को न्याय दिलाने की पक्षधर है। न्याय न मिलने पर वह ह[illegible] फोरम पर शिकायत कर सकता है। कहा कि सभी की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए। आरोप लगने पर पुलिस कर्मियों के विरुद्ध जांच करान[illegible] आवश्यक है।

# छात्राओं व महिलाओं को पुलिस टीम ने कराया शक्ति का अहसास

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड एक्शन टीम ने मिशन शक्ति के तहत बुधवार को सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं व महिलाओं को साइबर अपराधों से सचेत रहने की नसीहत देते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं व लड़कियों को जागरूक कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना है। छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, फायर ब्रिगेड 101, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व थानों के प्रभारी निरीक्षकों के सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।

# त्रिनेत्र अभियान कसेगा अपराध पर नकेल

## निरीक्षण पर पहुंचे एडीजी गोरखपुर जोन आपरेशन कवच की सफलता की बनाई रणनीति

**जागरण टीम, बलरामपुर** : जिले में वार्षिक निरीक्षण पर आए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने बुधवार को पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण व अपराधियों को पकड़ने में सीसी कैमरे की महती भूमिका है। इसके दृष्टिगत रखते हुए गोरखपुर से त्रिनेत्र अभियान की शुरुआत की गई है।

बलरामपुर अंतरराष्ट्रीय सीमा का जिला है। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से जनपद महत्वपूर्ण है। कहा कि जिले के जनप्रतिधि, व्यापारी व सक्षम वर्ग के लोग चौक-चौराहों को गोद लेकर वहां सीसी कैमरे लगाएं। इसके साथ ही आमजन जागरूकता दिखाते हुए एक घर एक कैमरा अभियान चलाएं। अपने मकानों में कैमरा जरूर लगवाएं।

एडीजी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों को राष्ट्रीय सुरक्षा विषयों से जोड़ने के लिए आपरेशन कवच शुरू किया गया है। इसके तहत



नेपाल सीमा पर एनसीसी कैडेट्स संग एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार (मध्य) ● जागरण

सीमावर्ती क्षेत्र के 10 किलोमीटर दायरे के लोगों को सीमा सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। कहा कि शक्तिपीठ देवीपाटन की सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है।

हाल ही में मुख्यमंत्री की बैठक में जन शिकायतों के निस्तारण में बलरामपुर डीएम व एसपी स्तर पर बाटम-10 में रहा है, जो निराशाजनक है। यहां आइजीआरएस निस्तारण 20 प्रतिशत से भी कम है। कहा कि अगर जनता असंतुष्ट है, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इससे पूर्व दो दिवसीय भ्रमण पर एडीजी ने सबसे पहले जरवा कोतवाली में अभिलेखों का जायजा लिया। मुकदमों के निस्तारण की स्थिति, शस्त्रागार, शिकायत रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, बैरक व परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया।

प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया को आइजीआरएस पर मिलने वाली शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसके बाद एडीजी पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के साथ भारत-नेपाल का भ्रमण करने निकल गए। सीमावर्ती गांव कोयलाबास में सशस्त्र सीमा बल के जवानों से सुरक्षा व्यवस्था व सीमा पार की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। गांव में आपरेशन कवच के तहत प्रधान, शस्त्रधारक, प्रबुद्धजन व एसएसबी के साथ गोष्ठी की।

# बालू खनन कर रही ट्रैक्टर ट्राली सीज, तीन गिरफ्तार

**संसू, हर्रैया सतघरवा** : थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि पहाड़ी नाला ककरहवा में बालू खनन की सूचना मुखबिर से मिली। इस पर उपनिरीक्षक हौसला प्रसाद यादव, सिपाही मिथलेश कुमार सिंह, गुरु प्रसाद सिंह पहाड़ी नाला पर पहुंच गए। यहां बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली के साथ चालक ननकू, दद्दन व राकेश वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# अवैध खनन में तीन गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने क्षेत्र से अवैध बालू खनन में संलिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज करके तीनों अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। हरैया थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि पुलिस टीम ने ककरहवा नाले से अवैध बालू खनन कर रहे राकेश वर्मा, ननकू कोरी व दद्दन गौतम को गिरफ्तार कर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने लाकर सीज कर दिया गया है। मामले में केस दर्ज कर तीनों अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। संवाद

# हेल्पलाइन नंबरों पर दें सूचना

**बलरामपुर।** बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 व 1076 की सुविधा है। बेटियों व महिलाओं के साथ अराजकता फैलाने वालों की सूचना इन हेल्पलाइन नंबरों पर दें। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बुधवार को बताया कि इन नंबरों का प्रचार-प्रसार कराने के लिए सभी कोतवाली व थानों के एंटी रोमियो टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संवाद

# जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज क्षेत्र के दत्तनगर तिराहा के पास जुआ खेलते पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि शकील, विजय, हकीकुल्लाह, देव व सिद्धार्थ को जुआ खेलते पकड़ा गया है। इनके पास से 13 हजार 700 रुपये व ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# प्रमुख चौराहों पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे : एडीजी

## एडीजी जोन गोरखपुर ने नेपाल सीमा का निरीक्षण कर मातहतों को दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** वार्षिक निरीक्षण के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने बुधवार को जिले में भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा का जायजा लिया। एडीजी ने एसएसबी व स्थानीय पुलिस अधिकारियों के अलावा नेपाल राष्ट्र के अधिकारियों से बातचीत करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की। एडीजी ने एसपी कार्यालय में संबोधित करते हुए सीमा और जिले में अपराध नियंत्रण के लिए नागरिक सुरक्षा समितियों से राष्ट्रवादी विचारधारा वाले लोगों को जोड़ने तथा प्रमुख चौराहों व तिराहों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किए जाने की बात कही।

वार्षिक निरीक्षण पर आए एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने एसपी राजेश सक्सेना, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह के साथ सर्वप्रथम सिद्ध पीर रतननाथ व महा मुक्तेश्वर नाथ शिव मंदिर जनकपुर में पूजा-अर्चना की। जरवा कोतवाली परिसर का निरीक्षण करते हुए प्रभारी निरीक्षक को दिशा-निर्देश दिए। एसएसबी के कोयलाबास पुलिस चौकी का निरीक्षण करते हुए 9वीं वाहिनी के कमांडेंट उपेंद्र रावत, सहायक कमांडेंट बलदेव सिंह व सूचना प्रभारी मनोज कुमार दूबे के साथ सीमा की सुरक्षा व अपराध नियंत्रण के संबंध में चर्चा की। नेपाल से आए दांग के एसपी सुरेश काफिले, जिलाधिकारी हीरालाल रेगमी व नेपाल राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र के अधीक्षक अर्जुन भंडारी के साथ भी बैठक करते हुए उन्होंने सीमा की सुरक्षा के संबंध में बातचीत की।



नेपाल सीमा पर एनसीसी कैडेटों के साथ मौजूद एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार व अन्य। -संवाद

कोतवाली जरवा में ग्राम पिपरा दुर्गानगर के प्रधान प्रतिनिधि विनय मिश्रा, सुशील मिश्रा, लौकीखुर्द के प्रधान हैसियत, जनकपुर के प्रधान सगीर अहमद, मदरहवा के प्रधान मेराज खान, रतनपुर के प्रधान हरीश मिश्रा, पहाड़पुर के प्रधान चेतराम व हेलोरा के प्रधान इंद्रजीत आदि के साथ बैठक करते हुए उन्होंने अपराध पर नियंत्रण के लिए सीमावर्ती क्षेत्र के 10 किलोमीटर क्षेत्र वाले गांवों में नागरिक सुरक्षा समिति को मजबूत करने की बात कही। एडीजी ने कहा कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण बलरामपुर राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने, अपराध पर नियंत्रण करने तथा घुसपैठ आदि को रोकने के लिए नागरिक सुरक्षा समिति को सक्रिय किया जाएगा। देवीपाटन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ करने के लिए कार्ययोजना शासन को भेजी गई है। बताया कि जिले में प्रदेश स्तर का एक माफिया चिन्हित है। उसके खिलाफ कार्रवाई चल रही है और आगे भी जारी रहेगी।

जनपदवासियों से अपील किया है कि एक मकान एक कैमरा अभियान के तहत सभी लोग अपने घरों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। बार्डर एरिया में नेटवर्क की समस्या को लेकर उन्होंने बताया कि इस संबंध में भारत सरकार को पत्र लिखा गया है। जल्द ही समस्या का निराकरण कराया जाएगा। एनसीसी कैडटों के साथ नेपाल सीमा पर पैदल पेट्रोलिंग भी किया गया।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-07-2022

हिन्दुस्तान

# 19 दिन बाद चोरी की एफआईआर

बलहा। नानपारा कोतवाली के बड़ा भुलौरा गांव में तीन सप्ताह पूर्व एक घर में दरवाजा तोड़ कर चोरी हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर 19 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है। नानपारा कोतवाली के बड़ा भुलौरा गांव में धनीराम पुत्र रामबलि के घर का दरवाजा तोड़ कर चोर 28 जून की रात घर में घुसकर 11 हजार नकद, पांच थान सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग एक लाख रुपये की सम्पत्ति गायब कर दी थी। पीड़ित ने 29 जून को तहरीर दी थी। पुलिस न तहकीकात के बाद केस दर्ज किए जाने की बात कही थी। काफी जद्दोजहद के बाद इस मामले में मंगलवार रात को केस दर्ज किया गया है।

# दो किलोग्राम नेपाली चरस संग तस्कर गिरफ्तार

**जासं, बहराइच** : खैरीघाट पुलिस ने नेपाल से दिल्ली ले जाई जा रही चरस की खेप को बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंगलवार देर रात चरस की खेप लेकर तस्कर खैरीघाट के रास्ते जाने वाला है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार के मार्गदर्शन में टीम गठित कर तस्कर को पकड़ने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष निखिल कुमार श्रीवास्तव ने टीम बनाकर शिवपुर के पूसूपुरवा के पास चेकिंग की। देर रात एक संदिग्ध युवक आता दिखाई पड़ा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके पास से दो किलोग्राम चरस बरामद की गई, जो नेपाल से लेकर आया था। पकड़ा गया आरोपित सुभाष वर्मा खैरीघाट के तिगड़ा का रहने वाला है। एसओ ने बताया कि आरोपित पर जिले के कई थानों में 16 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# कच्ची शराब के साथ दो धरे

**खैरीघाट।** खैरीघाट पुलिस ने दो अभियुक्तों को दस-दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान कैलाश निवासी ग्राम नयापुरवा व संतराम निवासी ग्राम टिकुरी के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक निखिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-07-2022

# मां ने ललिया थाने में बेटे के रूप में शव की पहचान की

**फॉलोअप**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** सिरसिया थाना क्षेत्र के डोमाई गांव के पास सोमवार शाम को एक महिला नहर में डूबती दिखाई दी। इस पर नहर विभाग के चौकीदार ने नहर में कूदकर महिला को बाहर निकाल लिया था। महिला रेनू ने बताया था कि उसके जेठ ने उसे और एक साल के बच्चे को नहर में धक्का देकर गिरा दिया था। पुलिस व एनडीआरएफ की टीम बच्चे की तलाश नहर में कर रही थी।

इस बीच बलरामपुर की पुलिस से सूचना मिली कि जनपद बलरामपुर के थाना ललिया के ग्राम उदरहिया गांव के पास एक बच्चे का शव मिला है। मौके पर पहुंच कर रेनू ने बरामद शव की पहचान अपने बेटे के रूप में की। शव उदरहिया गांव के पास नहर किनारे फंसा था। लोगों की सूचना पर ललिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया था। महिला रेनू का आरोप है कि उसके जेठ मायके भेजने के लिए ला रहे थे और रास्ते में नहर में धक्का दे कर गिरा दिया। पुलिस ने जेठ राम उग्गर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस आरोपी जेठ की तलाश कर रही है।

# चार शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

श्रावस्ती। मल्हीपुर पुलिस ने चूबे खां उर्फ मो उमर पुत्र अलाउद्दीन निवासी खानसाहब पुरवा थाना मल्हीपुर, अब्दुल हकीम, हुसैन उर्फ अली हुसैन निवासीगण महुली बनकटवा थाना मल्हीपुर और शाकिर पुत्र आशिक अली भाटन देवरा थाना मल्हीपुर के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्रवाई की है।

# जुआ खेलते हुए तीन गिरफ्तार

श्रावस्ती। मल्हीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जयता जानकीनगर गांव के निकट बाबादीन की आम के बाग में जुआ खेलते हुए तीन लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए लोगों की पहचान बाबूदीन पुत्र नन्हें, सलाउद्दीन पुत्र मौलहे, छोटकऊ पुत्र मुकद्दर निवासीगण चनैनी थाना नवाबगंज जनपद बहराइच के रूप में हुई है। पकड़े गए लोगों के पास से छह हजार 460 रुपये नगद माल फड़ व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं।

# एनडीपीएस एक्ट के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**जासं, श्रावस्ती** : एनडीपीएस एक्ट के दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश अजय कुमार सिंह ने 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न कर पाने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस( नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक पदार्थ) एक्ट अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भिनगा नगर के हनुमानगढ़ी मुहल्ला निवासी लूची को भिनगा कोतवाली पुलिस ने भिनगा-सिरसिया मार्ग पर स्थित अंटा तिराहा के पास से जंगल में सात जून 2012 की रात में गिरफ्तार किया था।

तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो 250 ग्राम चरस बरामद हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना की। आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया। विचारण के बाद अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने 10 वर्ष कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान रामनगर त्रिभौना निवासी गोबरे को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। संवाद

# चाकू के साथ युवक को पकड़ा

**इकौना (श्रावस्ती)।** नवीन मॉडर्न थाना पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के बैदौरा मसरिख निवासी बच्चाराम के रूप में हुई। संवाद

# सात शातिरों पर गैंगस्टर

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र में अपराध का पर्याय बने सात शातिरों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। यह सभी शातिर अपने लाभ के लिए संरक्षित मवेशी की चोरी कर उनका वध कराते थे। इनमें मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बनकटवा महोली निवासी छब्बू खां, चौरीकोटिया निवासी नियामत अली, सद्दाम उर्फ सद्दन, खानसाहब पुरवा निवासी चूबे खां उर्फ मोहम्मद उमर, बनकटवा निवासी अब्दुल हकीम, हुसैन उर्फ अली हुसैन तथा भाटन देवरा निवासी शाकिर शामिल है। संवाद

# शांतिभंग में 11 का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने मंगलवार रात अलग-अलग स्थानों से 11 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय के सुपुर्द किया गया है। संवाद

# 31 वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार को चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान 31 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 53 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद